# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-04-09-2023

# घर पर कैमरे लगवाइए, फिर दशहरा-दिवाली में जाइए बाहर

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (3 Sept):** फेस्टिवल सीजन आ गया है और अब घरों के ताले चटकाकर चोरी की घटनाएं बढ़ेंगी. इसको लेकर पुलिस मुस्तैद है, चोरी-डकैती की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पेट्रोलिंग भी बढ़ाई गई है, लेकिन अगर अपने घर की सेफ्टी बनाए रखनी है तो पब्लिक को खुद भी अवेयर होना होगा. पुलिस अधिकारियों की मानें तो सेफ्टी के लिहाज से घरों में सीसीटीवी कैमरे जरूर लगवाना चाहिए. फेस्टिवल सीजन में सुरक्षा को लेकर दैनिक जागरण आईनेक्स्ट रिपोर्टर ने एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई से सीधी बात की. पढ़िए एसपी सिटी ने क्या कहा...

**ALERT**

FILE PHOTO



## रक्षाबंधन में घर गया परिवार, 7 लाख की चोरी

सुशांत सिटी जंगल धूषण में कुशीनगर निवासी रविन्द्र गिरी घर बनवा कर रहते हैं. साल 2022 में रक्षा बंधन पर्व पर वह अपने परिवार के साथ मूल निवास कुशीनगर गए थे. इस दौरान खाली घर पाकर चोरों ने खंगाल दिया. रविन्द्र गिरी ने बताया कि उनके घर से तीन लाख रुपए नकदी और ज्वेलरी चोरी हो गए. कुल सात लाख रुपए के माल पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया.

## अधिकारियों को दें सूचना

| | |
|---|---|
| एसएसपी | 9454400273 |
| एसपी सिटी | 9454401054 |
| एसपी ट्रैफिक | 9454403528 |
| एसपी नॉर्थ | 9454400452 |
| एसपी साउथ | 9454401055 |

## अगस्त में घर में ताला बंदकर गए, लौटे तो हो चुकी थी चोरी

- शाहपुर इलाके के शिवपुर शहबाजगंज सेक्टर तीन में घर को चोरों ने खंगाल लिया था. परिवार शाम को ताला बंदकर अपने परिचित से मिलने गया था. रात में परिवार घर पहुंचा तो दरवाजे का ताला टूटा था. चोर जेवर, नकदी समेत लाखों का सामान समेट ले गए थे.
- शाहपुर के लतीफ नगर कालोनी में घर का ताला तोड़कर चोरों ने चोरी की थी. चोर खिड़की की ग्रिल काटकर घर में घुसे और पचास हजार से अधिक का सामान समेट कर फरार हो गए. सुबह बाहर गए मालिक के घर पहुंचने पर चोरी की जानकारी हुई.
- बांसगांव थाना क्षेत्र के डांगी पार में घर में घुसे चोर जेवर उठा ले गए. परिवार का युवक अपने भाई के पास पिता के इलाज के कोटा, राजस्थान गए थे. घर लौटे तो चोरी की जानकारी हुई.

## एसपी सिटी बोले- पेट्रोलिंग बढ़ाएंगे

- **रिपोर्टर**: फेस्टिवल सीजन को लेकर पुलिस की क्या तैयारी है?
- **एसपी सिटी**: पुलिस पहले से अधिक एक्टिव है, डकैती घटनाएं अब नहीं होती है. चोरियां होती हैं, चोरी की घटना रोकने के लिए रात को पेट्रोलिंग और बढ़ाई जाएगी.
- **रिपोर्टर**: फेस्टिवल सीजन में चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए क्या किया जा रहा है?
- **एसपी सिटी**: ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत चौराहों के साथ ही घर-घर सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा रहे हैं, ताकि घटना कर कोई बच ना सके.
- **रिपोर्टर**: दिवाली, दशहरा में काफी लोग अपने गांव यानी मूल निवास जाते हैं और कई लोग बाहर घूमने निकलते हैं, उन्हें क्या करना चाहिए?
- **एसपी सिटी**: कोई भी अगर कई दिनों के लिए बाहर जा रहा है तो अपने एरिया के बीट पुलिस को इसकी जानकारी जरूर दे, ताकि उनके घर के आस-पास पेट्रोलिंग बढ़ाई जा सके.
- **रिपोर्टर**: पब्लिक सुरक्षा के लिहाज से और क्या कर सकती है?
- **एसपी सिटी**: पब्लिक को चाहिए कि वह अपने घरों में आईपी बेस्ड कैमरे लगवाएं. कहीं बाहर रहने के दौरान भी वह अपना घर देख सकते हैं, साथ ही उसमें स्पीकर भी होता, जिसके जरिए वह बोल भी सकते हैं.



## खेत के चारों तरफ घूमकर टीन बजाने से नाराज था पड़ोसी परिवार

# खेत की रखवाली कर रहे किसान की पीटकर हत्या

**दुस्साहस**

गगहा (गोरखपुर), हिन्दुस्तान संवाद। गगहा क्षेत्र के सोनइचा गांव में मक्के के खेत की रखवाली कर रहे किसान को वहीं के रहने वाले पिता-पुत्र ने लाठी-डंडे से पीट-पीट कर मार डाला। यही नहीं हत्या की घटना आत्मरक्षार्थ दिखाने के लिए खुद ही 112 नम्बर पर फोन कर कुछ लोगों द्वारा घर घेरने की झूठी सूचना भी दे दी। घटना की जानकारी के बाद सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने थाने का घेराव किया और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस को एक दिन का अल्टीमेटम दिया।

गगहा क्षेत्र के दुदापार निवासी 23 वर्षीय उमेश पुत्र स्व नरायन ने बगल के गांव सोनइचा में बटाई पर राज कपूर पाण्डेय के खेत में मक्का बोया था। उसकी रखवाली के लिए वह शनिवार की रात आठ बजे खेत में गया था। बताया जा रहा है कि जानवरों को मक्के के खेत से दूर रखने के लिए वह खेत के चारों तरफ घूमकर टीन बजा रहा था। खेत के बगल में ही रहने वाले जगजीवन और उसके बेटे निर्मल ने इसका विरोध किया तो कहासुनी हो गई। इसके बाद पिता-पुत्र ने उमेश को लाठी से पीट-पीट कर हत्या कर दी। यही नहीं, हत्या के बाद पुलिस को गुमराह करने के लिए उसने डायल 112 पर फोन कर बताया कि कुछ लोगों ने उसका घर घेर लिया है।

सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उमेश पांच भाइयों में चौथे नंबर का था। बाकी सभी भाई रोजगार की तलाश में बाहर रहते हैं। घर पर विधवा मां व उमेश ही रहता था। गगहा पुलिस ने उमेश की मां बरसाती देवी की तहरीर पर जगजीवन और उसके पिता निर्मल के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश डाल रही है। उधर, रविवार को बरसाती देवी के साथ सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण ने थाने पर पहुंचे कर घेराव किया और अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग की।



उमेश (फाइल फोटो)

**08** बजे शनिवार रात को गया था खेत की रखवाली करने

- अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग पर सैकड़ों ग्रामीण ने थाने का किया घेराव
- पुलिस ने अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए टीम बना कर दबिश डालनी शुरू की

### पुलिस ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का दिया भरोसा

थाना प्रभारी गगहा ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि अभियुक्तों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। ग्रामीणों ने गिरफ्तारी के लिए पुलिस को एक दिन का अल्टीमेटम दिया है। उधर, पुलिस ने अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए दबिश डालनी शुरू कर दी है। घटना को कुछ लोग आशनाई से भी जोड़ रहे हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपितों की गिरफ्तारी के बाद सही वजह सामने आएगी।

# रिटायर्ड दरोगा के सिर पर रॉड से हमला

पादरी बाजार। शाहपुर इलाके के राप्ती नगर फेज तीन में शनिवार रात कॉलोनी में टहल रहे रिटायर्ड दरोगा को मुहल्ले के तीन लोगों ने मामूली बात पर लोहे की रॉड से सिर पर हमला कर दिया। रविवार को पीड़ित के भाई संजय सिंह की तहरीर पर शाहपुर पुलिस ने राप्ती नगर निवासी कन्हैया, रघुराई और राम निवास पांडेय के खिलाफ गंभीर धारा में केस दर्ज कर दो आरोपी को हिरासत में लेकर मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, शाहपुर इलाके के राप्ती नगर निवासी मोहन सिंह होमगार्ड विभाग से रिटायर्ड दरोगा है। शनिवार रात 10:30 बजे वह कॉलोनी में टहल रहे थे। आरोप हैं कि मुहल्ले के कन्हैया मामूली बात पर गाली गलौज करने लगे, मना करने पर अपने परिजनों के साथ मिलकर रॉड-डंडे से हमला कर दिया।

# बहन की जमीन चचेरे भाई ने अपने नाम कराई

## जांच शुरू



- रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के रुस्तमपुर का है मामला
- पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की जांच

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। रामगढ़ताल क्षेत्र के रुस्तमपुर की रहने वाली 62 वर्षीय गंगोत्री देवी पत्नी शिवशंकर मिश्र से उनके चचेरे भाई ने ही कूटरचित कागजात बनवाकर जमीन पर अपना नाम चढ़वा लिया। गंगोत्री देवी ने रामगढ़ताल थाने और एसएसपी को लिखित सूचना दी लेकिन कार्रवाई नहीं हुई तो न्यायालय के समक्ष न्याय की मांग की है। इसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गंगोत्री देवी ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि वह मूल रूप से थाना गगहा के ग्राम टीकर की रहने वाली हैं। गंगोत्री अपने पिता की इकलौती संतान हैं। उनके पिता राजेश्वर पांडेय की मृत्यु 25 नवंबर 2002 में हो गई। इसके बाद उनके चचेरे भाई श्रीनिवास, जयप्रकाश पुत्र राजदेव पांडेय, नवीन पुत्र सुदर्शन पांडेय और शैलकुमारी पत्नी सुदर्शन पांडेय ने मिल कर उनके पिता को नावल्द दिखाकर कूटरचित अनरजिस्टर्ड वसीयतनामा बनवाया और गोला तहसील भाटपाररानी के अजय मिश्रा पुत्र रामेंद्र मिश्रा व थाना बेलीपार, चंदौली के राजेंद्र सिंह पुत्र रामउग्रह सिंह से मिलकर सारी जमीन अपने नाम करवा ली। जमीन अपने नाम करवाने के लिए श्रीनिवास ने अपने पिता राजदेव पांडेय की मृत्यु का भी फर्जी प्रमाण पत्र बनवा रखा है। गंगोत्री देवी ने बताया है उनके चाचा राजदेव पांडेय की मृत्यु 25 मई 2000 जिला अस्पताल में हुई थी लेकिन श्रीनिवास ने उनका भी फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र बनवा लिया है। इसमे उनकी मृत्यु 27 मई 2003 दिखाया है। जब उन्होंने इस फर्जीवाड़े की शिकायत की तो श्रीनिवास और उसका लड़का प्रवीण 2 जुलाई 2023 को उनके घर पहुंच कर गली गलौज करने लगे। गंगोत्री देवी ने न्यायालय से अपनी व्यथा बताते हुए मुकदमा दर्ज करवा कर निष्पक्ष विवेचना की मांग की है। कोर्ट के आदेश पर शनिवार को थाना रामगढ़ताल पुलिस ने श्रीनिवास पांडेय व जयप्रकाश पांडेय पुत्र राजदेव पांडेय, नवीन पांडेय पुत्र सुदर्शन पांडेय, शैलकुमारी पांडेय पत्नी सुदर्शन पांडेय, अजय मिश्रा पुत्र रामेंद्र नाथ मिश्रा, राजेंद्र सिंह पुत्र रामउग्रह सिंह, प्रवीन पांडेय पुत्र श्रीनिवास पांडेय के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

गुलरिहा। क्षेत्र के एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म के आरोपी फत्तेपुर जिले के ललौली थाना क्षेत्र के जजरहा निवासी युवक चांद मोहम्मद को गुलरिहा पुलिस ने गिरफ्तार कर रविवार को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। पीड़िता का आरोप है कि 15 अगस्त की भोर में उसकी बेटी घर पर बिना बताए कहीं चली गई थी। गुलरिहा पुलिस अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर दोनों की तलाश कर रही थी।

# ससुर और साले ने मिलकर दामाद को पीटा

**पीपीगंज/भरोहिया, हिटी।** पीपीगंज थाना क्षेत्र के कानापार गांव निवासी अमित कुमार जयसवाल ने पीपीगंज पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत किया कि मेरे ससुर व साले समेत तीन लोगों ने मेरे घर पर चढ़कर जान से मारने की धमकी दी है।

इस पर पुलिस ने अमित कुमार जायसवाल की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है। मामले में अमित कुमार जायसवाल की तहरीर पर पुलिस ने ससुर घनश्याम जयसवाल, साले संजय जयसवाल, सुधीर जयसवाल व सांस दुर्गावती देवी के विरुद्ध केस दर्ज जांच शुरू कर दी।

# छात्रा से छेड़खानी की शिकायत पर उसकी मां को मारने में दो गिरफ्तार

कैम्पियरगंज। क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग छात्रा से छेड़खानी करने व उलाहना देने पर उसकी मां को मारने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

कैम्पियरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की 14 वर्षीया छात्रा को स्कूल जाते समय एक युवक अंशु फब्तियां कसता था। 31 अगस्त को आरोपी के घर डीजे चल रहा था। रात 8 बजे छात्रा उधर से जा रही थी। उसे देखकर अंशु ने फब्तियां कसते हुए गुटके की पन्नी छात्रा पर फेंक दिए। छात्रा ने यह बात अपनी मां को बतायी। इस पर उसकी मां उलाहना देने अंशु के घर गई पर वहां उसके घरवालों ने उन्हें मारपीट कर घायल कर दिया। छात्रा की मां की तहरीर पर पुलिस ने पाक्सो समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। रविवार को थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक सुशील कुमार सिंह मयटीम ने सनगद निवासी अंशु पुत्र श्रीराम व कालीचरन पुत्र साधु को गिरफ्तार कर लिया।

# घर में अकेला पाकर विधवा से छेड़खानी, मुकदमा दर्ज

पिपराइच। पिपराइच थाना क्षेत्र के एक गांव में विधवा महिला को अकेला देखकर सुनील गुप्ता नामक व्यक्ति ने शुक्रवार को घर में घुस कर छेड़खानी कर दिया। महिला के विरोध करने पर धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने विधवा के भाई की तहरीर पर शनिवार की देर रात महमूदाबाद उर्फ मोगलपुरा निवासी सुनील गुप्ता के खिलाफ छेड़खानी का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पति समेत चार लोगों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

पिपराइच। पिपराइच थाना क्षेत्र के महुअवां खुर्द गांव निवासी बबीता देवी की तहरीर पर पुलिस ने पति नन्द किशोर मौर्य, सास सलहन्ती, ससुर रामहित मौर्य तथा देवर नेबुलाल मौर्य के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट व जानमाल की धमकी का मुकदमा दर्ज किया है। बबीता की शादी 7 साल पहले नन्द किशोर से हुई थी, जिससे दो बच्चे भी हैं। आरोप है कि ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की बात को लेकर आये दिन प्रताड़ित किया जाने लगा। 23 अगस्त को इसी बात को लेकर पति व ससुराल पक्ष ने मारे पीटे,जिससे काफी चोटें आयी है।

# प्रसूता व नवजात की मौत मामले में हत्या की धारा बढ़ी

**फॉलोअप**

- मामले में चार आरोपी हो चुके हैं गिरफ्तार
- एक आरोपी अब भी पुलिस की पकड़ से है दूर

कैम्पियरगंज,हिन्दुस्तान संवाद। कस्बे के मां दुर्गा हॉस्पिटल में प्रसूता व नवजात की मौत के मामले में हॉस्पिटल संचालक, प्रबंधक और दो महिलाकर्मी को पुलिस जेल भेजवा चुकी है। जबकि प्रसूता का ऑपरेशन करने वाले मो.असलम को अभी तक पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है। पुलिस ने विवेचना में धारा बढ़ा दी है।

विवेचक थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्तों ने धन के लालच में महिला का ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के स्थान पर अत्यधिक रक्तस्राव के कारण मृतका की मृत्यु होना पाया गया है। इसके बाद धारा में परिवर्तन किया गया है। बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित मां दुर्गा हॉस्पिटल में ओटी टेक्निशियन मो. असलम सिद्दीकी को डॉक्टर बताकर व श्यामसुन्दर, अनीता गिरी, नीतू भारती को कम्पाउंडर व नर्स के रूप में रखकर अस्पताल का संचालन किया जा रहा था। जबकि इनके पास चिकित्सा सम्बन्धी कोई डिग्री नहीं थी। 22 अगस्त को प्रसूता सरिता का मो.असलम ने आपरेशन किया।

# महिला की मौत पर हंगामा, जांच शुरू

पादरी बाजार/ गुलरिहा, हिटी गुलरिहा थाना क्षेत्र के हरसेवकपुर नंबर दो स्थित अस्पताल में रविवार को एक महिला की मौत के बाद परिजनों ने शव सड़क पर रखकर हंगामा कियो सूचना पर पहुंची गुलरिहा पुलिस ने सड़क खाली कराकर कारवाई का आश्वासन देकर मामला शांत कराया।

कुशीनगर जिले के थाना सेवरही रुदला पट्टी निवासी मोनायब हुसैन की पत्नी शहनाज खातून ( 35 ) को बुखार व सांस फुलने की दिक्कत थी। परिवारीजनो ने शनिवार को गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक अस्पताल में उन्हें भर्ती कराया। अस्पताल के डाक्टर ने मरीज को आईसीयू में भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया। इलाज के दौरान रविवार की शाम को मरीज की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही डाक्टरों पर लापरवाही



शहनाज खातून फाइल फोटो।

■ गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक हॉस्पिटल में हुई घटना

का आरोप लगाकर घरवाले हंगामा करने लगे। मौके पर पुलिस पहुंचकर परिजनों को कारवाई का आश्वासन देकर मामला शांत कराया। मृतका के दो बच्चे हैं पति मोनायब हुसैन ने बताया कि पत्नी की मौत डाक्टरों की लापरवाही से हुई है। मौत के बाद भी जिंदा बताकर पैसे लेते रहे हैं। आईसीयू में अंदर जाने नहीं दे रहे हैं। पत्नी की मौत सुबह 11 बजे ही हो गई है लेकिन शाम 6 बजे मौत की जानकारी अस्पताल के कर्मचारियों ने दी है। जबकि 11 बजे ही अस्पताल के कर्मचारियों ने पेपर पर हस्ताक्षर करा लिया था।

मेडिकल कॉलेज ले जाने के लिए बोला गया तो अस्पताल के डाक्टरों ने डिस्चार्ज नहीं किया। बहन नसीमा ने बताया कि मरीज को देखने नहीं दे रहे थे अंदर जाने पर भगा दे रहे थे, मौत के बाद भी जिंदा बता रहे थे। 24 घंटे में 55 हजार ले लिया है। वही अस्पताल के डॉ. ने कहा कि मरीज को गैसपिंग की बीमारी थी। भर्ती कराते समय मरीज की हालत गंभीर थी, बाद में मौत हो गयी। इस सम्बंध में एएसपी मानुष पारिख ने बताया कि हॉस्पिटल में महिला की मौत हुई है। परिजन हंगामा किये थे। लेकिन अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद जांच कर हॉस्पिटल संचालको व डॉक्टरों पर कारवाई की जाएगी।

# बीआरडी में अवैध एम्बुलेंस छोड़ भागा

गोरखपुर। बीआरडी मेडिकल कॉलेज में रविवार की सुबह मेडिकल चौकी इंचार्ज हमराहियों के साथ गश्त के दौरान कैंपस में इंसेफेलाइटिस वार्ड नम्बर 100 के सामने मानसिक रोग वार्ड के पास पुलिस को देखकर एक निजी एंबुलेंस को छोड़कर फरार हो गए।

जांच में पाया गया कि निजी एम्बुलेंस (यूपी 55 टी 0890) सिद्धार्थनगर जिले के क्रिटिकल केयर सेंटर के नाम पंजीकृत है और अवैध रूप से मेडिकल कॉलेज से मरीजों को निजी अस्पताल ले जाता है। बीआरडी के उत्तरी गेट पर नौ जुलाई की रात चेकिंग के दौरान एंबुलेंस चालक मेडिकल कॉलेज चौकी इंचार्ज से भिड़ गए थे। इसमे गुलरिहा पुलिस ने नौ हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज कर चार को जेल भेजवा दिया था।

# 'पंडित' की खाता-बही से सोना तस्करी का राज खुलेगा

**हि फॉलोअप**

- घंटाघर में पंडित के प्रतिष्ठान से मिले कागजात की जांच रही डीआरआई
- डीआरआई ने पंडित के तीन लोगों को 65 लाख के सोने के साथ पकड़ा था
- गोरखपुर डीआरआई की टीम जांच रही दस्तावेज, कई चेहरे हो सकते हैं बेनकाब

## सुल्तानपुर में पकड़ा गया 65 लाख का सोना जब्त

लखनऊ डीआरआई द्वारा पंडित के तीन आदमियों के पास से पकड़ा गया करीब 65 लाख कीमत का सोना जब्त कर लिया गया है। पकड़े गए तीनों आदमियों के जमानत की बात भी सामने आ रही है। माना जा रहा है कि पंडित का नेटवर्क पर्दे के पीछे से पूरी तरह सक्रिय है।

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** घंटाघर सराफा मंडी में पंडित के दो ठिकानों से जब्त दस्तावेजों की जांच डीआरआई की टीम कर रही है। इसकी जांच में दो से तीन दिन लग सकता है। उधर, 65 लाख की तस्करी के सोने के साथ पकड़े गए तीन आरोपियों की जमानत हो गयी है। हालांकि टीम ने सोना जब्त कर लिया है। गोरखपुर डीआरआई ने भी पंडित के लड़के को पूछताछ के बाद छोड़ दिया है।

लखनऊ डीआरआई की टीम ने सुल्तानपुर में पंडित के तीन लोगों को करीब 65 लाख रुपये के सोने के साथ तीन दिन पहले पकड़ा था। उनसे मिले इनपुट पर गोरखपुर की डीआरआई टीम ने घंटाघर में पंडित के दो प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। शनिवार देर शाम दस्तावेजों को जब्त करने के बाद टीम वापस चली आई। रविवार को टीम के सदस्यों ने पंडित के लड़के से पूछताछ की लेकिन पूरे कारोबार में लड़के का कहीं नाम नहीं है। लखनऊ डीआरआई की टीम द्वारा पकड़े गए तीन आदमियों ने भी लड़के का नाम नहीं लिया। पूछताछ के बाद बयान दर्ज कर टीम ने पंडित के लड़के को छोड़ दिया है। माना जा रहा है कि खंगाले जा रहे दस्तावेज से सोना तस्करी से जुड़े राज खुलेंगे। टीम खरीद-बिक्री के एक-एक दस्तावेज को देख रही है।

टीम अपने साथ सीसीटीवी फुटेज भी ले गई है। जिसके आधार पर टीम देख रही है कि कौन-कौन कारोबारी सोना-चांदी की खरीद को लेकर आ रहा है। सूत्रों के अनुसार, फुटेज में कई संदिग्ध चेहरे दिख रहे हैं। जिनसे आने वाले दिनों में डीआरआई की टीम पूछताछ कर सकती है।

बता दें कि गोरखपुर सोना तस्करी का हब बनता जा रहा है। पिछले छह महीने में डीआरआई की टीम ने पटना, कुशीनगर से लेकर गोरखपुर में सोना तस्करों को पकड़ा है। इनके पास से करीब 6 करोड़ का सोना पकड़ा गया है। इनसे पूछताछ में साफ हुआ है कि घंटाघर में आधा दर्जन सराफा कारोबारी सोना तस्करी के खेल में संलिप्त है।

# जिला अस्पताल में शव भर्ती कराने वाले दलालों का बंटा है इलाका

जासं, गोरखपुर : नर्सिंग होम में मृत्यु होने के बाद शव जिला अस्पताल में भर्ती कराने वाले दलालों का इलाका बंटा हुआ है। नर्सिंग होम से निकलकर अपने क्षेत्र से बाहर होते ही दूसरे इलाके के दलाल को शव सौंप देते हैं। सबसे महत्वपूर्ण काम जिला अस्पताल क्षेत्र के दलालों का है। उनकी रकम भी ज्यादा होती है, क्योंकि शव को भर्ती कराने का असली काम उन्हीं का होता है। उन्हें अस्पताल के कर्मचारियों को भी हिस्सा देना होता है। जानकारों के अनुसार एक शव को भर्ती कराने के लिए 15 से 20 हजार रुपये खर्च किए जाते हैं। इसमें 70 प्रतिशत हिस्सा जिला अस्पताल के दलालों व कर्मचारियों के हिस्से जाता है।

नर्सिंग होम में रोगी की मृत्यु हो जाने के बाद या मृत्यु होने की आशंका होने पर उसे तत्काल जिला अस्पताल भेजने की व्यवस्था कर दी जाती है। साथ में अंबु बैग भी दिया जाता है। सांस थमने के बाद भी अंबु बैग दबाने पर छाती फूलती-पिचकती है, इसलिए स्वजन को लगता है कि अभी जान बाकी है। इस कारण वे कुछ कहते नहीं और जान बचाने के चक्कर में नर्सिंग होम संचालकों के झांसे में आ जाते हैं। जिनकी सांस चल रही है और मृत्यु होने की आशंका होती है, उनमें से ज्यादातर जिला अस्पताल पहुंचते-पहुंचते दम तोड़ देते हैं। जिनकी सांस वहां पहुंचने के बाद भी चलती रहती है, भर्ती होने के एक-दो घंटे के अंदर उनकी भी मृत्यु हो जाती है। वहां से डेथ सर्टिफिकेट (मृत्यु प्रमाण पत्र) मिल जाता है। एक्सीडेंटल मामलों में 30 हजार रुपये का दावा करने की सुविधा प्राप्त हो जाती है। दूसरी तरफ, नर्सिंग होम अपना लाभ ले चुके होते हैं और किसी बवाल में भी नहीं पड़ते। इस धंधे में नर्सिंग होम, जिला अस्पताल के कर्मचारी व दलाल मालामाल हो रहे हैं।

## शवों का उपचार

- जिला अस्पताल क्षेत्र के दलालों व कर्मचारियों को मिलता है 70 प्रतिशत हिस्सा
- अंबु बैग स्वजन को देता है धोखा, इसे दबाने पर मृतक की फूलती-पिचकती है छाती



दलालों के कई ग्रुप हैं। सभी के इलाके बंटे हुए हैं। कई रोगी तो एकदम गंभीर स्थिति में आते हैं। वह एक-दो घंटे के मेहमान होते हैं, लेकिन हम उन्हें मना नहीं कर सकते। उच्चतम न्यायालय के निर्देश के अनुसार उन्हें भर्ती कर उपचार कराना हमारी प्राथमिकता है। शव जब पकड़ लिए गए तो अब मरने की स्थिति में रोगियों को नर्सिंग होम वाले भेजने लगे हैं।

डा. राजेंद्र ठाकुर, प्रमुख अधीक्षक, जिला अस्पताल

# चोरी की बाइक के साथ दो चोर किए गए गिरफ्तार

**झंगहा :** थाना पुलिस ने रविवार को मोतीराम अड्डा मार्ग पर शनिवार की रात बिना नंबर की बाइक के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने लोहे की दो राड भी बरामद की है। पुलिस ने इनकी पहचान राजघाट के तुर्कमानुपर के इमरान उर्फ रियासत और मुस्तकीम के रूप में की है। चौकी प्रभारी मोतीराम अड्डा रमेश चंद्र चौधरी ने बताया कि आरोपितों के विरुद्ध राजघाट थाने में आधा दर्जन मुकदमा दर्ज है। दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। (जासं)

# दामाद के घर पहुंचकर ससुर व साले ने दी धमकी

**पीपीगंज** : कानापार के रहने वाले अमित जायसवाल ने ससुर और साले समेत चार के विरुद्ध तहरीर दी है। उसने बताया कि शनिवार को ससुर घनश्याम जायसवाल, साला संजय, सुधीर और सास दुर्गावती देवी घर पर पहुंचे। गाली देते हुए धमकी दी। आरोप लगाया कि पत्नी के जेवर भी लेकर चले गए। थाना प्रभारी पीपीगंज आशीष कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। (जासं)

# फर्जी कागजात पर एग्रीमेंट हड़प लिये 15 लाख रुपये

जासं, मुंडेरा बाजार : जमीन के फर्जी कागजात लगाकर चौरी चौरा क्षेत्र के जालसाजों ने अतुल यादव से एग्रीमेंट किया। उनसे 15 लाख रुपये ले लिए। रजिस्ट्री कराने के लिए जाने पर फर्जीवाड़े की जानकारी हुई। रविवार को पीड़ित की तहरीर पर चौरी चौरा पुलिस ने भटगांवा के सूरज, पिता जय प्रकाश, कुशीनगर हाटा के पिपरा कपूर के रहने वाले नथुनी व भगवंत और एम्स के गिरधरगंज के राजेश के विरुद्ध धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।

रामगढ़ताल क्षेत्र के न्यू शिवपुरी कालोनी के रहने वाले अतुल यादव ने बताया कि राजेश, चौरी चौरा के सूरज और जयप्रकाश ने 0.292 हेक्टेयर जमीन दिखायी, जिसकी कीमत 30 लाख रुपये बताया। एडवांस के रूप में सूरज के मामा भगवंत को एक लाख का चेक दिया। इसके बाद दो बार में नौ व पांच लाख रुपये के दो और चेक दिए।

# विधायक का नाम बता बैंक अधिकारी को धमकाया

**15 मिनट बात, रीजनल डायरेक्टर को दो नंबरों से की गई काल**

- आरबीआइ के रीजनल डायरेक्टर पर बना रहा था अनुचित दबाव
- गौतमपल्ली थाने में विधायक फतेह बहादुर ने दर्ज कराया मुकदमा

जासं, लखनऊ : गोरखपुर के कैंपियरगंज के विधायक फतेह बहादुर सिंह का नाम लेकर आरबीआइ के रीजनल डायरेक्टर को अनजान नंबर से फोन किया गया। उन पर अनुचित काम करने का दबाव बनाया गया। इस मामले में शनिवार को विधायक ने गौतमपल्ली कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

विधायक का आरोप है कि रीजनल डायरेक्टर को दो नंबरों से काल की गई। करीब 15 मिनट तक बात हुई। रीजनल डायरेक्टर के निजी सचिव शरद कुमार के फोन करने पर विधायक को जानकारी हुई। इंस्पेक्टर रिकेश कुमार सिंह के मुताबिक दो नंबरों की जानकारी दी गई है, जिन्हें सर्विलांस पर लेकर जांच की जा रही है।

**बैंक प्रबंधक को झांसा देकर की थी 5.75 लाख रुपये की ठगी**

जासं, गोरखपुर : गीडा स्थित बैंक के प्रबंधक मनीष चंद्रा को विधायक फतेह बहादुर के नाम का झांसा देकर जालसाज ने एक खाते में 5.75 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए थे। कुछ दिन बाद जानकारी होने पर बैंक प्रबंधक ने साइबर थाने में जालसाज के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था।

लखनऊ के कानपुर रोड निवासी मनीष चंद्रा ने 10 मार्च, 2021 को साइबर थाने में प्रार्थनापत्र देकर आरोप लगाया था कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके मोबाइल पर फोन करके खुद को विधायक फतेह बहादुर बताया था और उनसे तत्काल एक अकाउंट में 5.75 लाख रुपये स्थानांतरित करवा लिया। साइबर थाने की जांच में पता चला कि आरोपित ने बिहार के जिस खाते में रुपये ट्रांसफर कराए थे, वहां से रुपये पेटीएम पर ट्रांसफर किए गए। जालसाज अलीगढ़ का रहने वाला है, जिसे रिमांड पर लिया गया।

## भूमि बेचने का झांसा देकर 23.50 लाख रुपये हड़पे

जासं, गोरखपुर : भूमि बेचने का झांसा देकर पिता-पुत्र ने 23.50 लाख रुपये हड़प लिये। रुपये मांगने पर पीड़ित को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। शाहपुर थाना पुलिस रुपये हड़पने व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। पादरी बाजार, मोहनापुर के हरिशंकर उपाध्याय ने शाहपुर थाना पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि राजघाट के रायगंज निवासी आलोक गुप्ता अपने पिता राजकुमार गुप्ता के साथ उनके पास आए। उन्होंने बताया कि मोहल्ले में उनकी भूमि है, जिसे बेचना चाहते हैं। 27 लाख रुपये में बात तय हुई। कई बार में उन्होंने अपने खाते में 23.50 लाख रुपये ले लिये। भूमि बैनामा करने के लिए कहने पर आलोक कई माह तक टालमटोल करता रहा। इस बीच पता चला कि उसने भूमि दूसरे को बेच दी। प्रभारी निरीक्षक थाना शाहपुर शशिभूषण राय ने बताया कि जांच की जा रही है।

# रेस्टोरेंट में मारपीट करने वाले छह आरोपित गिरफ्तार

**चरगांवा** : मेडिकल रोड स्थित कालिका सिलबट्टा रेस्टोरेंट में मारपीट करने वाले छह आरोपितों अजय कुमार, आयुष, विजय, रितिक, सौरभ व सागर को शाहपुर थाना पुलिस ने शनिवार की रात गिरफ्तार कर लिया। सीओ गोरखनाथ रत्नेश सिंह ने बताया कि मेडिकल कालेज रोड स्थित रेस्टोरेंट में शनिवार की शाम महिला मित्र के साथ पहुंचे दो युवक अश्लील हरकत कर रहे थे। विरोध करने पर कर्मचारी को पीट दिया। (जासं)

## पति समेत चार पर मारपीट व दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

पिपराइच : महुअवां खुर्द की रहने वाली बबीता देवी की तहरीर पर पिपराइच पुलिस ने रविवार को उनके पति समेत चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। बबीता ने बताया कि उसकी शादी सात वर्ष पहले नंदकिशोर मौर्य के साथ हुई है। आरोप है कि ससुराल जाने पर पति समेत सास सलहंती, ससुर रामहित मौर्य व देवर दहेज की मांग करते हुए प्रताड़ित कर रहे थे। (जासं)

## छेड़खानी का मुकदमा दर्ज

पिपराइच : एक गांव में शुक्रवार की रात घर में अकेली महिला को देख एक युवक ने छेड़खानी की। रविवार को पीड़िता के भाई की तहरीर पर थाना पुलिस ने आरोपित सुनील गुप्ता के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। महिला ने बताया कि उसके पति की मृत्यु हो चुकी है। वह अकेली रहती है। आरोपित द्वारा छेड़खानी करने पर भाई को घटना की जानकारी दी। भाई आरोपित के घर पहुंचा, लेकिन वह घर में ताला बंदकर फरार हो गया था।

# रेस्टोरेंट कर्मियों से मारपीट करने वाले छह आरोपी भेजे गए जेल

**पादरी बाजार।** शाहपुर इलाके के मेडिकल रोड स्थित कालिका सिलवट्टा रेस्टोरेंट में शनिवार की शाम कर्मचारियों के साथ मारपीट कर चाकू लेकर दौड़ाने के मामले में पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज कर लिया।

रविवार को पुलिस ने घटना में शामिल आरोपी अजय कुमार, आयुष, विजय, रितिक, सौरभ और सागर को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। जानकारी के मुताबिक, बेलीपार इलाके के सेवई बाजार निवासी चंदन सिंह अपने भांजे अभिषेक सिंह के साथ मेडिकल रोड स्थित कालिका सिलवट्टा रेस्टोरेंट चलाते हैं। शनिवार की शाम करीब चार बजे गोरखनाथ इलाके के हनुमानपुर निवासी अजय और चिलुआताल के दोहरिया बाजार निवासी आयुष महिला मित्रों के साथ रेस्टोरेंट पहुंचे और डोसा का आर्डर देकर अजय महिला के साथ रेस्टोरेंट की छत पर चला गया। आरोप है कि वहां महिला के साथ अश्लील हरकत करने लगा।

कर्मचारियों ने मना किया तो गाली देते हुए फोन कर अपने 5-6 दोस्तों को बुला लिया। इसके बाद सभी ने रेस्टोरेंट में घुसकर मारपीट करने के बाद कर्मचारियों को चाकू लेकर दौड़ा लिया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चार युवकों को हिरासत में ले लिया। रेस्टोरेंट के मैनेजर अभिषेक सिंह की तहरीर पर शाहपुर पुलिस छह आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। कार्यवाहक थाना प्रभारी अशोक कुमार यादव ने बताया कि आरोपियों को जेल भेज दिया गया। ब्यूरो

# गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

गोरखपुर। राजघाट पुलिस ने रविवार को गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रामगढ़ताल इलाके के मंझरिया बिस्टौल निवासी सूरज मौर्य के रूप में हुई। आरोपी के पास से पुलिस ने 2.1 किग्रा गांजा बरामद किया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

# छुट्टा पशुओं से फसल बचाने के लिए टिन बजाने पर युवक की हत्या

## गगहा इलाके में खेत में मिली लाश, दो नामजद व अज्ञात पर पुलिस ने दर्ज किया केस

अमर उजाला ब्यूरो

**गगहा (गोरखपुर)।** गगहा के सोनईचा गांव में शनिवार की रात उमेश (22) की लाठी-डंडे से पीटकर हत्या कर दी गई। शव मिलने की जानकारी होने के बाद परिजन और पुलिस मौके पर पहुंची।

आरोप है कि छुट्टा पशुओं से फसल बचाने के लिए उमेश रात में मक्के के खेत में सोता था और टिन बजाता था। इसी बात से पड़ोसी नाराज थे और उन्होंने ही उसकी हत्या की है। पुलिस ने उमेश की मां बरसाती देवी की तहरीर सोनईचा गांव निवासी जगजीत, निर्मल व अज्ञात लोगों पर हत्या का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

जानकारी के मुताबिक, गगहा इलाके के दूदापार निवासी उमेश शनिवार की रात सोनईचा गांव स्थित खेत में मक्के की फसल की रखवाली के लिए सोया था। रात में खेत में छुट्टा पशुओं की आशंका को लेकर वह जोर-जोर से टिन बजाने लगा। टीन की आवाज से नाराज खेत के

### मक्के की फसल को बचाने के लिए रात में टिन बजाता था उमेश दो दिन पहले भी हुआ था विवाद

बगल में स्थित घर के लोगों ने उमेश को टीन बजाने से मना किया। इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई।

कुछ ही देर में विवाद बढ़कर मारपीट में तब्दील हो गया। मारपीट के दौरान उमेश के गर्दन पर लाठी लग गई, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपी पिता-पुत्र मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की तो घटना की जानकारी हुई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उमेश की मां बरसाती देवी ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया है।

**दो दिन पहले भी हुआ था विवाद :** मां बरसाती देवी ने बताया कि रोजाना रात में आठ बजे उमेश खेत की रखवाली के लिए जाता था। वहीं पर रात में सोता भी था। दो दिन पहले भी टीन बजाने के लिए

*प्रथमदृष्टया वाद- विवाद में चोट लगने से युवक की मौत की बात सामने आई है। केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। पूछताछ के लिए कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।*

**- अरुण कुमार सिंह, एसपी साउथ**

### पांच भाइयों में चौथे नंबर पर था उमेश

उमेश पांच भाइयों में चौथे नंबर पर था। उसके चार अन्य भाई बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। पिता नारायण की मौत होने के बाद मां के साथ घर पर रहता था। मां बरसाती देवी ने बताया कि उमेश की शादी नहीं हुई थी। मक्का बोने के लिए उसने सोनईचा गांव के राजकपूर पांडेय की खेत बटाई पर लिया था।

पड़ोसियों ने विवाद किया था। तब आसपास के लोगों ने बीचबचाव कर मामले को शांत करा दिया था।

# हत्या के प्रयास के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। शाहपुर पुलिस ने राप्तीनगर फेज थ्री से हत्या के प्रयास की घटना में नामजद दो आरोपियों कन्हैया पांडेय और रघुराई पांडेय को गिरफ्तार किया है। घटना दो सितंबर की रात करीब 10:30 बजे की है। एसआई जितेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपियों ने 63 वर्षीय मोहन सिंह की पिटाई की थी। परिजनों ने उपचार कराने के बाद मेडिकल परीक्षण के साथ तहरीर दी थी, जिस आधार पर केस दर्ज किया गया था। ब्यूरो

# छात्रा से छेड़खानी के दो आरोपी गिरफ्तार

**कैंपियरगंज।** क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग छात्रा से छेड़खानी करने व उलाहना देने पर मां की पिटाई के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिए गए। आरोपियों की पहचान सनगर निवासी अंशु व कालीचरन के रूप में हुई। जानकारी के मुताबिक, थाना क्षेत्र के एक गांव की 14 वर्षीय छात्रा को स्कूल जाते वक्त रास्ते में आरोपी अंशु फब्तियां कसता था।

31 अगस्त को आरोपी के घर डीजे चल रहा था। रात 8 बजे छात्रा जा रही थी। आरोपी ने फब्तियां कसते हुए गुटखे की पन्नी छात्रा पर फेंके दिया। छात्रा ने यह बात मां को बताई तो वह उलाहना देने लगी तो उनकी पिटाई कर दी गई। छात्रा की मां की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। ब्यूरो

# अवैध सोने के साथ गिरफ्तार पंडित के तीन गुर्गों पर केस

## डीआरआई ने तीनों को जमानत पर छोड़ा, बेटे को भी बयान दर्ज कराने के बाद रविवार की सुबह छोड़े जाने की चर्चा

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोरखपुर।** हिंदी बाजार में अवैध सोने के धंधेबाज पंडित के तीन कर्मचारियों पर डीआरआई लखनऊ (डायरेक्ट्रेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलीजेंस) ने शनिवार को केस दर्ज कर लिया।

तीनों के पास से डीआरआई को करीब 63 लाख रुपये का अवैध सोना बरामद हुआ। डीआरआई ने तीनों को निजी मुचलके पर शनिवार की देर शाम जमानत दे दी। जबकि पंडित के बेटे को लिखित बयान दर्ज कर रविवार की सुबह छोड़े जाने की चर्चा है। डीआरआई अब इस मामले में और जानकारी जुटा रही है।

सूत्रों के मुताबिक, सुल्तानपुर की पुलिस ने अवैध सोने के साथ तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया था। सूचना पर वाराणसी, डीआरआई की टीम मौके पर पहुंची और उन्हें हिरासत में लेकर लखनऊ गई। वहां इनसे पूछताछ की गई। सूत्रों ने बताया कि तीनों संदिग्धों के पास से बरामद सोने

### तीनों के पास से डीआरआई ने बरामद किए थे 63 लाख रुपये का सोना



हिंदी बाजार हरबंशराम गली की इसी दुकान पर शनिवार को डीआरआई की टीम पहुंची थी। जांच के दौरान शटर नीचे गिरा दिया गया था। संवाद

के आधार पर इनके खिलाफ नामजद केस दर्ज कर दी गई। पूछताछ में तीनों ने बताया कि सोना, गाड़ी और अन्य दस्तावेज हिंदी बाजार के सराफा व्यापारी पंडित का है।

तीनों ने खुद को इन सामानों का सिर्फ हैंडलर बताकर पहले बचने


छापा : पंडित के बेटे को भी ले गई डीआरआई

अवैध सोना मामला

हिंदी बाजार में टीम ने दुकान में प्रपत्रों की जांच की

3 सितंबर को प्रकाशित खबर।


हिंदी बाजार के धंधेबाज पंडित को लखनऊ ले गई डीआरआई की टीम

2 सितंबर को प्रकाशित खबर।

की कोशिश की, लेकिन जांच में रिकॉर्ड सामने आने पर तीनों कर्मचारी डीआरआई टीम के सामने टूट गए। बताया जा रहा है कि इनमें से एक कर्मचारी अभी कुछ दिन पहले ही पंडित के इस

### व्यापारियों के कर्मचारी रखे हुए थे डीआरआई पर नजर

**शनिवार** सुबह डीआरआई की टीम के हिंदी बाजार पहुंचते ही आसपास के दुकानदार सतर्क हो गए। उनकी दुकानों के शटर गिर गए। चर्चा थी कि कई दुकानदारों ने पंडित की दुकान के सामने चाय की रेहड़ी पर अपने कर्मचारियों को खड़ा कर दिया था और उनमें से कुछ खुद डोसा खाने चले गए। ये बातें उनके कर्मचारियों ने ही चाय पीने के दौरान दूसरे लोगों से साझा कीं। बताया कि दुकानदारों ने उन्हें निर्देश दिया गया था कि वे चाय पीने के साथ टीम की गतिविधियों पर नजर रखेंगे।

धंधे में शामिल हुआ था। जबकि, दूसरा कर्मचारी लंबे समय से पंडित के साथ ही था। उसे पूरे रैकेट के बारे में बारीक जानकारी है।

उधर, शनिवार को जैसे पंडित का नाम सामने आया, डीआरआई की टीम उसके हिंदी बाजार स्थित दुकान पर पहुंच गई। लगभग चार घंटे से अधिक पूछताछ के बाद बेटे को पहले डीआरआई घर ले गई। इसके बाद वहां से कुछ दस्तावेजों को लेकर अपने दफ्तर लेते आई। यहां आधिकारिक पूछताछ कर रविवार की सुबह बेटे को छोड़ दिया गया।

### *जांच के दौरान सराफा मंडल के पदाधिकारी भी रहे मौजूद*

***जांच** के दौरान सराफा मंडल के अध्यक्ष गणेश वर्मा और मंत्री हरिद्वार वर्मा भी दुकान पर मौजूद थे। उन्होंने बताया कि डीआरआई की टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई की है। हालांकि, वह जब तक दुकान पर थे, जांच के दौरान डीआरआई को मानक से विपरीत कोई तथ्य नहीं मिला था। सूत्रों ने बताया कि जांच के लिए एजेंसियां आती हैं तो इस दौरान सराफा मंडल के पदाधिकारी भी साथ में मौजूद रहते हैं।*

# नर्सिंग होम में महिला की मौत, शव सड़क पर रख प्रदर्शन

## लापरवाही का आरोप, गुलरिहा इलाके के नर्सिंग होम में हुई घटना, पुलिस कर रही मामले की जांच

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** गुलरिहा इलाके के हरसेवकपुर नंबर दो स्थित हेरिटेज अस्पताल में रविवार को एक महिला की मौत हो गई। डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। परिजन शव सड़क पर रखकर घंटों विरोध प्रदर्शन करते रहे। गुलरिहा पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया। उसके बाद परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव घर लेकर चले गए।

जानकारी के मुताबिक,



शाहनाज खातून। फाइल फोटो

कुशीनगर के थाना सेवरही रुदला पट्टी निवासी मोनायब हुसैन की पत्नी शाहनाज खातून (35 ) को

पत्नी की मौत डॉक्टर की लापरवाही से हुई है। आईसीयू में अंदर जाने नहीं दे रहे हैं। पत्नी की मौत सुबह 11 बजे ही हो गई थी, लेकिन शाम 6 बजे जानकारी दी गई। मेडिकल कॉलेज ले जाने के लिए बोला गया तो अस्पताल के डॉक्टरों ने डिस्चार्ज नहीं किया। 24 घंटे के अंदर 55 हजार रुपये ले लिए।

**-मोनायब हुसैन,** मृतका के पति

मरीज को गैसपिंग की बीमारी थी। भर्ती कराते समय मरीज की हालत गंभीर थी। डॉक्टर व अस्पताल की इसमें किसी प्रकार की गलती नहीं है।

**-डॉ. जीएम जैदी,** हेरिटेज अस्पताल

बुखार व सांस फूलने पर परिजनों ने शनिवार की सुबह 11 बजे हेरिटेज अस्पताल में भर्ती कराया था। अस्पताल के डॉक्टर कीर्ति गौरव रायजादा ने मरीज को आईसीयू में भर्ती कर इलाज शुरू कर दी थी। इलाज के दौरान रविवार की शाम मरीज की मौत हो गई। परिजनों को मौत की जानकारी होते ही डॉक्टर की लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा करने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्यवाही का आश्वासन देकर शांत कराया। मृतका के दो बच्चे हैं।

### महिला की मौत मामले में चलेगा हत्या का केस

**कैंपियरगंज (गोरखपुर)।** कैंपियरगंज नगर पंचायत चौमुखा के मां दुर्गा अस्पताल में मंगलवार को हुए जच्चा-बच्चा की मौत के मामले में कैंपियरगंज पुलिस ने दर्ज केस को हत्या में तब्दील कर दिया है। इसके अलावा जालसाजी, आपराधिक साजिश और 15 (3) इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट की धारा भी बढ़ाई है। जानकारी के मुताबिक, नगर पंचायत चौमुखा के वार्ड नंबर 14 निवासी शैलेश चौरसिया की पत्नी सरिता का मां दुर्गा अस्पताल में ऑपरेशन से बेटा हुआ था। कुछ समय बाद नवजात व बाद में महिला की भी मौत हो गई। ब्यूरो

# नौकरी-जमीन के नाम पर ठगी करने वालों पर केस

गोरखपुर। जिले में सरकारी नौकरी व जमीन के नाम पर फिर जालसाजी के मामले सामने आए हैं। चौरीचौरा पुलिस ने जमीन का फर्जी मुआहिदा वय करके 15 लाख रुपये हड़पने के मामले में भटगांवा निवासी सूरज, उनके पिता जय प्रकाश, कुशीनगर के हाटा कोतवाली के पिपरा कपूर निवासी नथुनी, भगवंत व गिरधरगंज के राजेश पर केस दर्ज किया है। वहीं बड़हलगंज पुलिस ने फैजाबाद निवासी रविंद्र पर केस दर्ज किया है। सरदार नगर प्रतिनिधि के मुताबिक, रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के न्यू शिवपुरी कॉलोनी निवासी अतुल यादव को जमीन की आवश्यकता थी। उनके परिचित राजेश ने चौरीचौरा थाना क्षेत्र के भटगावां निवासी सूरज से मुलाकात कराई। सूरज ने बताया कि रामपुर बुजुर्ग निवासी जय प्रकाश 0.292 हेक्टेयर जमीन बेच रहे हैं। जय प्रकाश से 30 लाख रुपये में जमीन का सौदा हुआ। इसके बाद अतुल ने रामगढ़ताल के सिद्धार्थपुरम कॉलोनी निवासी जितेन्द्र सिंह को साथ मिला लिया। एडवांस के रूप में सूरज ने अपने मामा भगवंत कुमार के नाम से एक लाख रुपये का चेक लिया। इसके बाद नौ व पांच लाख रुपये का दो चेक दिया। 10 फरवरी 2021 को जय प्रकाश ने अतुल यादव को मुआहिदा वय कर दिया। बाकी के पैसे लेकर जब जमीन का बैनामा कराने गए तो जय प्रकाश ने कहा कि हमें जमीन नहीं बेचना है। जब उसे कागज दिखाया तो उसने कहा यह व्यक्ति कोई और है। दूसरा मामला नौकरी के नाम पर जालसाजी का आया है। बड़हलगंज बाछेपार निवासी धीरज यादव ने केस दर्ज कराया है। उनका कहना है कि मेरे दोस्त का मित्र फैजाबाद का रहने वाला रविंद्र कुमार मिश्रा ने बहन को नौकरी दिलाने का वादा किया। ब्यूरो

# ड्रोन-युवा मित्र कैसे पकड़ें...अब गर्म मसाले के पैकेट में सोने की तस्करी

## पैकेट में सोने के अलग-अलग टुकड़ों को रखकर पार करा रहे नेपाल बॉर्डर

रोहित सिंह

गोरखपुर। एडीजी के ड्रोन और युवा मित्रों के अभियान के जरिए सख्ती के बाद से अवैध सोने के धंधेबाजों ने सोने की तस्करी का तरीका बदल दिया है। अब वे नेपाल से भारत लाए जाने वाले गर्म मसालों के पैकेट में सोने की छोटी-छोटी खेप भेज रहे हैं। नए तरीके से सोना खपाने में धंधेबाजों को दिक्कत भी नहीं हो रही। गर्म मसालों के 200 व 500 ग्राम के खुले पैकेट में सोना पैक कर भेजा जा रहा है। यही वजह है कि जांच एंजसियां भी धरपकड़ में चूक जा रही हैं।

जांच एजेंसियों के सूत्रों के मुताबिक, अवैध सोने को खपाने वाले धंधेबाज अलग-अलग साइज में सोने का स्टॉक मंगवाते हैं। जैसे 500 ग्राम सोने को ढाई गुणे तीन इंच के आकार में ढाल लिया जाता। इसके अलावा एक हजार ग्राम को ढाई से छह इंच के आकार में गला लेते हैं। इसे आधा किलो के पैकेट में आसानी

**नए तरीके से सोने के अवैध धंधे की जानकारी एजेंसियों को भी**

### गोलघर में 75 लाख के सोने के साथ दो युवक पकड़े गए

गोरखपुर। डायरेक्टेट ऑफ रिवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) की टीम ने बुधवार देर शाम गोलघर से 75 लाख के अवैध सोने के साथ दो युवकों को पकड़ लिया। पकड़े गए युवकों में से एक कोलकाता से ट्रेन के जरिए ...


2 जून को प्रकाशित खबर।

से छिपा लिया जाता। कालीमिर्च, दालचीनी, बड़ी इलाइची, छोटी इलाइची, लौंग, पोस्तादाना, जावित्री और भारत से जीरा, धनिया, कबाब चीनी मसालों के पैकेट में सोने की छोटी-छोटी खेप छिपाकर बार्डर पार करवाई जाती है। बार्डर पर स्थानीय हैंडलर आसानी से इसे नेपाल बार्डर से पार कराकर भारत में भेज देते हैं।

यहां से अलग-अलग तरीकों से अवैध सोने को हिंदी बाजार के साथ ही जिले के अन्य बाजार में खपाया जाता है। इसके अलावा आसपास के जिलों में भेज दिया जाता है। जांच एजेंसियों को जानकारी मिली है कि इन दिनों तस्कर इसी मॉड्यूल पर काम कर रहे हैं। संवाद

### विदेशी मसाले की भी हो रही तस्करी

*अवैध सोने के साथ मसाले की तस्करी भी जमकर हो रही है। ये मसाले साहबगंज मंडी से लेकर शाहमारूफ और पांडेयहाता में खूब बिकते हैं। सूत्रों ने बताया कि मसाले की तस्करी की आड़ में कुछ अवैध सोने की भी खेप मंगाते हैं। इसे लेकर कोई खुल कर विरोध नहीं कर पाता है।*



### ऐसे पार कराते हैं सरहद

तस्करी के इस कारोबार से कई सफेदपोश भी जुड़े हैं। इन्होंने इस काम के लिए सैकड़ों कैरियर लगा रखे हैं। ये कैरियर भारत-नेपाल की खुली सीमा के 84 किलोमीटर की सीमा का फायदा उठाते हुए पगडंडियों के रास्ते पहले इन सामान को महेशपुर जैसे नेपाल के दूसरे बार्डर को पार कराते हैं। फिर सोनौली, कोल्हुई बाजार, ठूठीबारी, झुलनीपुर आदि इलाके से मंगवाते हैं। इसके बाद यहां से इन सामानों को गोरखपुर भेजा जाता है। जहां से इसकी देश भर में सप्लाई हो रही है।

### बेहद मुश्किल है पहचान पाना

विदेशी मसालों को भारतीय बाजार में आसानी से खपाने की एक सबसे बड़ी वजह यह भी है कि इनकी पहचान करना बेहद मुश्किल है। ये देखने में बिल्कुल उसी तरह हैं, जैसा कि भारत में है। सिर्फ पैकिंग में फर्क होने की वजह से आसानी से पकड़ में आ सकते हैं। नेपाल के सुदूर पहाड़ी इलाकों से मसाला लाकर सीमावर्ती जिलों में डंप किया जाता है। कुछ मसाले ऐसे हैं जो नेपाल में नहीं होते हैं। उन्हें नेपाल के व्यापारी भारत में तस्करी करने के लिए ही नेपाल में आयात करते हैं। नेपाल में इन मसालों की कस्टम ड्यूटी भारत के मुकाबले बहुत कम है। इसका फायदा उठाते हुए तस्कर रोजाना करोड़ों का माल बार्डर से आसानी से पार करा रहे हैं, जो कि गोरखपुर सहित देश के तमाम महानगरों में जा रहा है।

### कम दिनों में बड़े खिलाड़ी बने सराफा भी अब रडार पर

हिंदी बाजार के पंडित ने अपनी पूरी कमाई का नेटवर्क पिछले कुछ वर्षों में बनाया है। ये अवैध सोने के धंधे से ही बना है। ऐसे ही बाजार में पिछले पांच से सात वर्ष में बड़े व्यापारी बने धंधेबाजों को जांच टीम ने रडार पर लिया है। सूचना है कि पहले गलाई का काम करने वाले अब करोड़ों रुपये का व्यापार कर रहे हैं। ऐसे सात सराफा व्यापारी हैं, जिनकी कुंडली एजेंसियों ने खंगाल कर रखी ली है। इनके आय-खर्च के स्रोतों के साथ रिश्तेदार और अन्य के नाम पर खरीदे गए कटरे, जमीन और अन्य चीजों का रिकार्ड भी एजेंसियों ने अपने पास सुरक्षित रखा है।

# बीआरडी में मरीज की खरीद-फरोख्त के समय पहुंची पुलिस, एंबुलेंस सीज

## पुलिस के पहुंचने से पहले ही लग गई थी भनक, चालक-मालिक फरार

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। बीआरडी मेडिकल कॉलेज में मरीज-एंबुलेंस माफिया की करतूतें कम नहीं हो रही हैं। मरीज को चोरी से प्राइवेट नर्सिंग होम में शिफ्ट करने का मामला रविवार को फिर सामने आया। कर्मचारी ने एक तीमारदार को बरगलाकर मरीज को प्राइवेट नर्सिंग होम में ले जाने के लिए तैयार कर लिया था, लेकिन तभी इसकी भनक पुलिस को लग गई। भोर में करीब तीन बजे पुलिस पहुंची और 100 बेड के सामने प्राइवेट एंबुलेंस को कब्जे में लिया। हालांकि, चालक और मालिक फरार हो गए। पुलिस ने एंबुलेंस को सीज कर दिया है। एंबुलेंस पर अस्पताल का नाम नहीं लिखा था।

जानकारी के मुताबिक, मरीज-एंबुलेंस माफिया पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। कुछ दिन पहले तीन एंबुलेंस सहित पांच वाहनों को

**मरीज-एंबुलेंस माफिया**



मेडिकल कॉलेज में सीज की गई प्राइवेट एंबुलेंस। संवाद

पुलिस ने सीज किया था। रविवार भोर में करीब तीन बजे मेडिकल कॉलेज चौकी प्रभारी विवेक मिश्रा को सूचना मिली कि एक प्राइवेट एंबुलेंस मेडिकल कॉलेज में है, मरीज की सौदेबाजी चल रही है। देवरिया के मरीज को बेहतर इलाज का झांसा



बीआरडी : मरीज की खरीद-फरोख्त करने आई प्राइवेट एंबुलेंस फिर सीज

22 अगस्त को प्रकाशित खबर।

देकर प्राइवेट नर्सिंग होम में शिफ्ट किया जाना है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और एंबुलेंस को कब्जे में ले लिया। इस बीच चालक और मालिक फरार हो गए। पुलिस सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखकर दोनों की तलाश में जुट गई है। एक महीने में पुलिस तीन एंबुलेंस को सीज कर चुकी है।

# नाम की निगरानी...सिस्टम से ज्यादा मजबूत हैं एंबुलेंस माफिया

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। बीआरडी मेडिकल कॉलेज में मरीजों की खरीद-फरोख्त रोकने के लिए निगरानी सिर्फ नाम की है। न तो परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए और न ही नेटवर्क में शामिल कर्मचारियों का नाम सामने आने के बाद उन्हें हटाया गया। सिस्टम से ज्यादा मजबूत एंबुलेंस माफिया हो गए हैं। यही वजह है कि मरीजों को निजी अस्पतालों में शिफ्ट कराने का धंधा लगातार चल रहा है।

मेडिकल कॉलेज परिसर में दलालों से सावधान रहें, किसी के बहकावे में आकर न तो रुपये दें और न ही उनके कहे पर प्राइवेट अस्पताल में जाएं, गेट से लेकर सभी वार्डों में ऐसे तमाम संदेश लिखे दिख जाएंगे। लेकिन जहां पर इस तरह के संदेश लिखे बोर्ड लगे हैं, उन्हीं के पास दिनभर मरीजों की खरीद-फरोख्त जारी है। मेडिकल प्रशासन ने [illegible] नहीं की, [illegible] मिल सके। जबकि पुलिस ने एक-



**पुलिस ने गेट-कैंपस में लगवाए हैं आठ कैमरे, मेडिकल प्रशासन ने अब तक नहीं की कवायद**

एक कर्मचारियों का नाम व संलिप्तता का ब्योरा दो महीने पहले ही सौंप दिया था। पुलिस ने अपनी ओर से आठ सीसी टीवी कैमरे लगवाए हैं, इसी की मदद से पुलिस कार्रवाई कर रही है और एंबुलेंस को सीज भी किया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक, पुलिस की जांच में प्राइवेट एंबुलेंस-मरीज माफिया के गठजोड़ उजागर होने के साथ ही एक-एक कड़ी खुलकर सामने आई। पुलिस की ओर से विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर सीएमओ, मेडिकल कॉलेज प्रशासन और [illegible] माध्यम से [illegible] से कोई कार्रवाई नहीं होने पर एक बार फिर

> ***बोर्ड पर लगे हैं पुलिस अधिकारियों के नंबर***
>
> *पुलिस की सख्ती के बाद एक बोर्ड अब और लगा दिया गया है कि अगर, कोई मरीज को जबरन एंबुलेंस वाले के साथ जाने का दबाव बनाए या फिर कोई भी असुविधा हो, तो सीधे पुलिस को सूचना दी जाए। बोर्ड पर पुलिस अधिकारियों के नंबर हैं, ताकि उनकी तत्काल मदद भी हो सके। पुलिस के पास आने वाली सूचनाओं की मदद से एंबुलेंस पकड़े भी जा रहे हैं।*


पुलिस की ओर से रिमाइंडर भेजा गया है। लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हो सकी है, जिस वजह से आए दिन मरीजों की खरीद-फरोख्त का मामला सामने आता रहता है। दरअसल, पुलिस की जांच में सामने आया है कि मरीजों को बेहतर इलाज के नाम पर मेडिकल कॉलेज से बेचा जा रहा है। इस धंधे में शामिल लोग लग्जरी कार और कोठी के मालिक भी बन गए हैं।

# DEORIA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः-04-09-2023

# धार्मिक उत्सवों में अराजक तत्वों की खैर नहीं

सलेमपुर(एसएनबी)। आगामी त्योहारो के मद्देनजर पुलिस और प्रशासन इस बार काफी सख्त दिखा। मझौलीराज पुलिस चौकी पर पीस कमेटी की मीटिंग में इसकी झलक देखने को तब मिली जब कोतवाल ने तल्ख लहजे में कहा कि किसी भी समुदाय के धार्मिक उत्सवों में अराजक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। बताते चलें कि आगामी 7 से लेकर 9 सितम्बर तक जन्माष्टमी व चेहल्लुम का त्योहार पड़ गया है। पिछली बार एहतियात बरतने के बावजूद चलते चलाते आखिरी क्षणों में विवाद होते होते बचा था जिससे पुलिस की खासी किरकिरी हुई थी।



नगर में जन्माष्टमी को महाबीरी अखाड़ा बड़े ही जोर-शोर से मनाया जाता है। श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव भी मनाया जाता है। 7 को जन्माष्टमी है और उसी दिन चेहल्लुम का भी त्योहार है। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया कि एक तो बिना अनुमति कोई आयोजन नहीं होगा दूसरा डीजे नहीं बजेगा। केवल एक साउंड बाक्स लगेगा। अधिक लगने पर अखाड़े या चेहल्लुम के आयोजकों और डीजे वालों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

# पर्व में अराजक तत्वों की खैर नहीं

सलेमपुर, हिसं। आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपंन कराने को लेकर पुलिस और प्रशासन ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। इस बार काफी सख्त रवैया रहेगा। यदि कहीं कोई अराजक तत्व धार्मिक उत्सवों में दिखा तो पर कड़ी कार्रवाई होगी।

मझौलीराज चौकी पर पीस कमेटी की बैठक रविवार को हुई। नायब तहसीलदार डॉ भागीरथी सिंह ने कहा कि 7 से लेकर 9 सितम्बर तक जन्माष्टमी व चेहल्लुम का त्योहार पड़ गया है।

नगर में जन्माष्टमी को महाबीरी अखाड़ा बड़े ही जोर शोर से मनाया जाता है। श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव भी मनाया जाता है। कोतवाल गोपाल पांडेय ने कहा कि 7 को जन्माष्टमी है और उसी दिन चेहल्लुम का भी त्योहार है। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया कि एक तो बिना अनुमति कोई आयोजन नहीं होगा दूसरा डीजे नहीं बजेगा।

इस दौरान सुनील गुप्ता, अमरेंद्र मिश्र, अमित सिंह, एमए खान, राजेश कुशवाहा, राजू खान, रत्नेश मिश्र मझौलीराज चौकी इंचार्ज आदि नगर के लोग मौजूद रहे।

# 6 के विरुद्ध मारपीट का केस दर्ज

भटनी(देवरिया)। भटनी नगर के हरिकीर्तन मुहल्ला के उमाशंकर वर्मा पुत्र मोहनलाल वर्मा व किरन देवी पत्नी भोलाशंकर वर्मा हरिकीर्तन मुहल्ला निवासी द्वारा एक दूसरे के खिलाफ मारपीट का तहरीर दिया गया है। जिसमें दोनों पक्षो के 6 लोगों के खिलाफ भटनी थाने मे मारपीट का मुकदमा दर्ज हुआ है इस सम्बन्ध में उमाशंकर वर्मा पुत्र मोहनलाल वर्मा निवासी हरिकीर्तन मुहल्ला नगर पंचायत भटनी द्वारा थाने मे दिये गये तहरीर में लिखा है कि मेरे ही मुहल्ले के भोलाशंकर वर्मा पुत्र अज्ञात विकास वर्मा आकाश वर्मा पुत्रगण भोलाशंकर वर्मा द्वारा मेरे जमीन पर जबरन कब्जा करने लगे। मना करने पर गाली देते व जान मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर घायल कर दिये। वहीं इसी मुहल्ले की निवासिनी किरन देवी पत्नी भोला शंकर वर्मा थाने में दिये गये तहरीर में लिखी है कि उमाशंकर वर्मा पुत्र मोहनलाल वर्मा, अथय वर्मा अभिषेक वर्मा पुत्र मोहनलाल वर्मा द्वारा मेरा सटरिंग तोड़ने लगे। मना करने पर मेरे पति को गाली देते व जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर घायल कर दिया गया। तहरीर के आधार पर दोनों पर एक दुसरे के विरुद्ध बिभिन्न धाराओं के अन्तर्गत पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# मां ने पांच पर लगाया बेटी की हत्या का आरोप

बनकटा (एसएनबी)। थाना क्षेत्र के सुन्दरपार भटवलिया पांडेय गांव में 1 सितंबर

**युवती की हत्या कर शव को रेल पटरी पर रखने का मामला**

**घटना स्थल बदलवाने के लिए पुलिस नाक रगड़ती रह गयी,नहीं माने परिजन**

की भोर में गांव की एक युवती की हत्या कर मामले में दूसरा मोड़ देने के लिए शव को बिहार सीमा के अंदर ले जाकर रेलवे ट्रैक पर रखने के मामले में मृतका की मां मुन्नी देवी पत्नी भीम प्रसाद ने अपनी पुत्री का दाह संस्कार और अन्य क्रियाकर्म करने के उपरांत रविवार को बनकटा पुलिस को पांच लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। जिसमें कई आरोपी वे भी शामिल है जो बीते 21 मई की सुबह शौच के लिए गांव से बाहर जाते समय पीड़िता की बड़ी बेटी अंशु को पकड़ कर पटक दिए छेड़छाड़ करने के साथ कपड़े फाड़ दिए थे बचाने आयी उसकी मां को सभी लोगों ने मिल कर मारा पीटा था।



रोते बिलखते परिजन,इनसेट में मृतक का फाइल फोटो, घटना स्थल पर पहुंचे सदर विधायक व एडीशनल एसपी।

इस मामले में बड़ी मुश्किल से केस तो दर्ज हो गया था लेकिन चार्जशीट में पुलिस ने फर्जी गवाही के आधार पर गम्भीर धारा को निकाल दिया और कोई गिरफ्तारी करना उचित नही समझा। इधर जब 31 अगस्त 2023 को कोर्ट से आरोपियों के घर नोटिस पहुंचा तो वे आग बबूला हो गए और लड़की को रास्ते से हटाने के लिए पुलिस को मिलाकर घटना को अंजाम दे डाले। इस मामले में बनकटा पुलिस उसी दिन से घटना स्थल यूपी के बजाय बिहार में साबित करने के लिए अपने कुछ खासमखास लोगों को लगाई थी। ये लोग पीड़िता को कई तरह से बहकाने के प्रयास में लगे हुए थे। पुलिस भी नांक रगड़ती रह गयी लेकिन पीड़िता नही मानी। यहां बता दें कि इस घटना में मृतका को उसके घर से अगवा कर हत्या करने के उपरांत रेलवे ट्रैक पर रखा गया था इस लिए अपराध की प्राथमिक शुरुवात उसके घर से हुई थी जिसे बनकटा पुलिस बिहार सीमा में रेलवे ट्रैक पर शव मिलने को आधार बनाकर घटना स्थल बिहार दिखाकर अपना पल्ला झाड़ना चाहती थी ताकि अपने ही कारनामों से उसको फजीहत न होना पड़े।

# आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराएं

## अपराध गोष्ठी


अपराध गोष्ठी में मातहतों को निर्देश देते एसपी।

देवरिया(एसएनबी)। रविवार को पुलिस लाइन में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था हेतु अपराध समीक्षा की गयी।

इस दौरान एसपी संकल्प शर्मा ने मातहतों को निर्देश देते हुए कहा कि आगामी त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराएं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं चेहल्लुम के दृष्टिगत प्रत्येक थाना प्रभारी त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन करते हुए आवश्यक कार्रवाई करें। प्रत्येक प्वाइंट पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी संबन्धित क्षेत्राधिकारीगण के पर्यवेक्षण में लगाकर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखना सुनिश्चित करेंगे। आगामी त्यौहार के दृष्टिगत प्रत्येक क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पैदल गस्त करते हुए आपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत लगवाए गये सीसीटीवी कैमरों की समीक्षा भी करें।

एसपी ने कहा कि समस्त थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत अवैध कच्ची शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन, बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु कार्रवाई करें। चोरी व लूट की घटनाओं की रोकथाम हेतु रात्रि गश्त व क्षेत्र में भ्रमण करें।

एसपी ने 6 माह से लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण हेतु निर्देश देते हुए कहा कि वांछित अभियुक्तों, इनामिया, जिलाबदर, एनबीडब्ल्यू के विरूद्ध अभियान चलाकर गिरफ्तारी करें। शातिर अपराधियों के विरुद्ध गुण्डा, गैंगेस्टर आदि की कार्रवाई करें। उन्होंने निर्देशित किया कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करें। साथ ही अतिक्रमण हटवाएं। बालिकाओं एवं महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई करें। एंटी रोमियो टीम अभियान को निरंतर जारी रखें। वाहन चेकिंग के दौरान आम जनता से अच्छा बर्ताव करें। भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों में प्राप्त प्रार्थना-पत्रों में थाना समाधान दिवस में संदर्भित करते हुए राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित कर मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर निस्तारण कराएं। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर क्षेत्राधिकारी नगरध्सलेमपुर श्रीयश त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी रूद्रपुर जिलाजीत, क्षेत्राधिकारी बरहज ,भाटपार रानी अंशुमान श्रीवास्तव क्षेत्राधिकारी कार्यालय देवानन्द प्रतिसार निरीक्षक विजय राज सिंह, प्रभारी आंकिक सुनील श्रीवास्तव, प्रभारी सोशल मीडिया सेल निरीक्षक नवीन कुमार मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# मामूली विवाद में शिक्षक की हत्या

## मुकदमा दर्ज

गौरीबाजार (एसएनबी)। गौरीबाजार थाना क्षेत्र के नगरौली गाँव में सड़क से चारपाई हटाने को लेकर शनिवार को रात हुए विवाद में एक प्राइवेट विद्यालय के शिक्षक की लाठी डंडा व चाकू से मारकर हत्या कर दिया गया। इस घटना में चले ईंट पत्थर के चपेट में आने से शिक्षक की पत्नी व बेटे समेत अन्य लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उधर मामला दो समुदायों के बीच का होंने से तनाव की स्थिति को देखते हुए शनिवार की रात से रविवार को पूरे दिन गाँव मे पुलिस फोर्स तैनात रही। पूरे दिन आलाधिकारियों का आगमन होता रहा। रविवार की सुबह उग्र हुई भीड़ ने आरोपियों के घर पर पथराव भी किया। पुलिस ने मृतक के बड़े बेटे रविशंकर भारती के तहरीर पर सभी आरोपियों के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। शाम को पुलिस फोर्स की मौजूदगी में मृतक का दाह संस्कार हुआ।

क्षेत्र के नगरौली गाँव निवासी परशुराम प्रसाद एक प्राइवेट विद्यालय में शिक्षक थे। वह ट्यूशन भी पढ़ाते थे। नगरौली गाँव का वह टोला गौरीबाजार कस्बे से सटे हुए है। शनिवार की देर रात वह कस्बे से साइकिल से घर जा रहे थे।अभी वह घर के समीप पहुँचे थे कि रास्ते में गांव के इम्तियाज व उसके परिवार के लोग सड़क पर चारपाई बिछाकर बैठे थे। रास्ते से उन्हें परशुराम जब चारपाई हटाने के लिए कहे तो वह चारपाई हटाने से मना कर दिए। इस पर दोनों में कहासुनी हुई।देखते देखते ही इम्तियाज आक्रोशित हो उठा और उन्हें दौड़ा लिया। परशुराम अपने घर की तरफ भागे तो वह उनके घर लाठी-डंडे लेकर पहुँच गया और उन्हें मारने लगा। इसी बीच उसकी पत्नी ने चाकू लाकर उसे दे दिया जिससे उसने परशुराम के सिर व पेट पर वार किया। जिससे परशुराम लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। इस बीच बचाव करने के लिए गये बेटे कृष्ण चंद भारती व पत्नी इसरावती देवी,बेटी रिंकी, प्रियंका भारती की उन्होंने पिटाई कर दिया। वही इम्तियाज की पत्नी व बच्चों के छत पर चढ़ कर छत से ईंट पत्थर फेंकने से उन्हें गम्भीर चोट आई।

सूचना पर पहुँचे पुलिसकर्मी इलाज के लिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौरीबाजार ले गए,जहा पहुँचते ही डक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुँचे गौरीबाजार थानेदार राजू सिंह ने दो समुदायों के बीच का मामला होंने के वजह से गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस फोर्स तैनात करा दिया। पूरी रात गाँव मे पुलिस तैनात रही।

सुबह पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा, सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने पहुँचकर स्थिति का जायजा लिया। सदर विधायक ने पीड़ित परिवार को सांत्वना दिया व हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया। स्थानीय लोगों ने बताया कि आरोपी का घर अवैध कब्जे की जमीन पर बना है,तो इसकी जाँच कराने के लिए उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों से बार्ता किया व अवैध जमीन पर बने आरोपी के घर पर बुलडोजर चलवाने को कहे।

जन प्रतिनिधि के जाते ही भीड़ उग्र हो गयी और स्थानीय लोग आरोपी के घर पर ईंट फेकने लगे। पुलिस ने किसी तरह भीड़ को नियंत्रित किया। उसके बाद एडिशनल एसपी राजेश सोनकर ने पहुँचकर घटना स्थल का जायजा लिया। नायब तहसीलदार मुकेश वर्मा, एसडीएम योगेश कुमार, सीओ जिलाजित घटना स्थल पर शव का दाह संस्कार होने तक जमे रहे। एसडीएम ने हल्का लेखपाल को आरोपी के घर की जमीन का ब्यौरा जल्द से जल्द उपलब्ध कराने को कहा।

मृतक के बेटे रविशंकर भारती की तहरीर पर पुलिस ने गांव के इम्तियाज अली उर्फ सियाही उसकी पत्नी शाहजहां खातून,बेटी रवीना, सनीजा व गुलाब के विरुद्ध धारा 147, 148, 302, 323,336,427, 452, 504 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही सभी आरोपितों को गिरफ्तार भी कर लिया है।

# बेटी के ससुराल के लोगों ने पीटा

देवरिया। गौरी बाजार थाना क्षेत्र के जंगल सहजौली के रहने वाले राजा प्रसाद ने बेटी कविता की शादी विक्रमपुर बांसपार के रहने वाले सुनील प्रसाद के साथ हुआ था। सविता के ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करते थे। इसकी जानकारी होने पर पिता राजा, मां सुशीला देवी,भाई मनोज और भाभी कविता के साथ बेटी के ससुराल गए थे। जहां ससुराल के लोगों ने राजा , माँ शुशीला, भाई मनोज और भाभी कविता को मारपीट कर घायल कर दिया।

# छह लोगों का रेलवे एक्ट में चालान

देवरिया। आरपीएफ ने अलग-अलग मामलों में छह लोगों को पकड़ कर रेल अधिनियम में चालान कर दिया। सदर रेलवे स्टेशन के आरपीएफ इंस्पेक्टर आस मोहम्मद के नेतृत्व में स्टेशन पर चेकिंग हुआ। इसमें धमेन्द्र यादव, दीपक गुप्ता, श्याम सुन्दर चौहान, नीरज गुप्ता परिसर में अनाधिकृत रूप से मिले। दूसरी तरफ आरपीएफ एएसआई अक्षय कुमार सिंह के द्वारा सदर रेलवे स्टेशन से अवैध वेंडर का कार्य करने वाले नकछेद व जामवंती को दबोच लिया।

# मारपीट के मामले में छह पर केस दर्ज

सलेमपुर। तीन दिन पूर्व हुई मारपीट मामले में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के उरदौली निवासी दीपराज कुमार चौहान पुत्र चिन्तामणि चौहन ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि 31 अगस्त को लगभग 2 बजे दिन में अपना बागीचा व खेत देखने गया था। गांव के कुछ लोगों ने मेरे एवं परिवार के लोगों को लाठी डंडे से जमीनी विवाद में मारपीट कर घायल कर फरार हो गए।

# कोर्ट के आदेश पर मालखाने में रखी शराब की गई नष्ट

पथरदेवा, हिन्दुस्तान संवाद। बघौचघाट पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर परिसर के मालखाने में रखा हुआ 256 मालों को जेसीबी के सहारे नष्ट किया गया। इसके लिए फौजदारी लिपिक को निगरानी के लिए लगाया गया था।

पिछले कुछ वर्षों में बघौचघाट थाने में बड़े पैमाने पर शराब बरामद किया गया था। इसके साथ कच्ची भी बरामद कर थाने के मालखाने में रखा गया था। जिसके चलते मालखाना और थाने का परिसर भर गया था। इसे देखते हुए थानेदार ने आलाधिकारियों से समान को नष्ट करने के लिए पत्राचार किया। आलाधिकारियों के निर्देश पर थानेदार ने न्यायालय में समानों को नष्ट करने के लिए अपील किया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कक्ष संख्या 19 1 सितम्बर को नष्ट करने का आदेश दिया। न्यायालय द्वारा नियुक्त फौजदारी लिपिक अंजनी कुमार श्रीवास्तव की निगरानी तथा थानाध्यक्ष बघौचघाट मृत्युन्जय राय की मौजूदगी में 256 समानों को जेसीबी से तोड़ा गया। इस दौरान एसएसआई लालजी, हे.मु. दयानन्द उपाध्याय समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# शिक्षक की हत्या से नाराज लोगों ने आरोपितों के घर पर किया पथराव

गौरीबाजार के नगसेली गांव में शनिवार की देर रात हुई घटना, पांचों आरोपित किए गए गिरफ्तार, तनाव को देखते हुए गांव में पीएसी तैनात









## छोटी-छोटी बातों पर जा रही लोगों की जान

केस एक

केस दो

## न्याय दिलाने का आश्वासन

## भूमि पर कब्जा करने का लगाया आरोप

# कोचिंग को निकली युवती हो गई गायब

मेहरौनाघाट। कोचिंग के लिए गई युवती बिहार के रहने वाले एक युवक के साथ गायब हो गई। पुलिस मामले में केस दर्ज कर छानबीन कर रही है। थाना क्षेत्र के एक गांव की 18 वर्षीय युवती लार बजार में विद्या मंदिर कोचिंग सेन्टर पर पढ़ती है। 1 सितंबर को 10 बजे दिन में वह घर से पढ़ने के लिए कह कर निकली। देर शाम तक वापस घर लौट कर नहीं आयी।

युवती के परिजनों ने कोचिंग सेन्टर पर पता किया गया तो वह वहां पढ़ने नहीं पहुंची थी। उसके बाद परिजनों ने उसका काफी खोज बिन किया लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। पुलिस की जांच में चन्दन सैनी पुत्र सिधु निवासी भलई, पोस्ट बलुवा, थाना गुठनी जनपद सिवान (बिहार) से युवती के बात करने की पुष्टि हुई है।

पुलिस ने इस मामले में युवती की मां की तहरीर पर चन्दन सैनी पुत्र सिधु के विरुद्ध केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक लार कपिल देव चौधरी ने कहाकि युवक और युवती को बरामद करने की लिए छानबीन की जा रही है।



तनाव को देखते हुए नगरौली बाजार में तैनात सुरक्षाकर्मी।



हत्यारोपियों ने शनिवार रात शिक्षक के घर पर ईंट-पत्थर बरसाए।

## ग्रामीणों ने आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाने की मांग की, तनाव देखते हुए गांव में पीएसी तैनात

# शिक्षक के हत्यारोपी दबोचे, घर में तोड़फोड़

**फॉलोअप**

गौरीबाजार(देवरिया), हिटी। शिक्षक हत्याकांड में पुलिस ने एक ही परिवार के पति-पत्नी समेत पांच के खिलाफ हत्या व एससी-एसटी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए सभी को गिरफ्तार कर लिया है। कुछ लोगों ने आरोपियों के घर में तोड़फोड़ भी की है। रविवार की सुबह थाने पर धरना देने पहुंचे ग्रामीणों को वहां मौजूद एसपी ने समझा-बुझाकर शांत कराया। सदर विधायक डॉ. शलभमणि त्रिपाठी ने भी पीड़ित परिवार को ढांढ़स बंधाया। तनाव को देखते हुए गांव में पीएसी तैनात कर दी गई है।

गौरीबाजार के नगरौली बाजार के परशुराम प्रसाद (50) गांव के एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षक थे। शनिवार देर शाम साइकिल से घर लौट रहे थे। घर के समीप कुछ लोग सड़क पर चारपाई बिछाकर बैठे थे। रास्ते से हटने को कहने पर उलझ गए और गाली-गलौज करने लगे। विवाद बढ़ने पर दूसरे पक्ष के लोगों ने ईंट-पत्थर से शिक्षक पर हमला बोल दिया। शिक्षक जान बचाकर घर की तरफ भागे। शिक्षक के बड़े पुत्र रविशंकर का आरोप है कि आरोपी ईंट-पत्थर व चाकू लेकर घर में घुस गए और उसके पिता के पेट व सिर पर वार कर मौत के घाट उतार दिया। बीचबचाव करने पहुंचे पूरे परिवार को भी मारापीटा। ईंट-पत्थर चलने से पत्नी इसरावती, पुत्र रविशंकर, कृष्ण चंद, पुत्री अंजू, रेनू, रिंकी व प्रियंका भी घायल हो गईं। उनका सीएचसी पर इलाज कराया गया। रविशंकर भारती की तहरीर पर पुलिस ने नगरौली के इम्तियाज अली उर्फ सिपाही, उसकी पत्नी शाहजहां खातून, पुत्री रवीना, सानीजा और पुत्र गुलाब के खिलाफ हत्या, एससी-एसटी एक्ट व अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

**थाने पर धरना देने पहुंचे ग्रामीणों को एसपी ने समझाया:** रात में वारदात के बाद हत्यारोपी घर में खुद को बंद कर लिए थे। आक्रोशित ग्रामीणों ने घर को घेर लिया और पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे थानाध्यक्ष राजू सिंह ने आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर रविवार सुबह ग्रामीण थाने पर धरना देने पहुंच गए। मामले की जानकारी मिलने पर पहुंचे एसपी संकल्प शर्मा व सीओ ने कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने पीड़ित परिवार से मिलकर ढांढ़स बंधया।

**मुफलिसी में परिवार चला रहे थे परशुराम:** प्राइवेट शिक्षक परशुराम का परिवार बहुत ही मुफलिसी में जीवन काट रहा है। रहने के नाम केवल छप्पर व कमाई का स्रोत ट्यूशन व प्राइवेट नौकरी थी। शिक्षक के दो पुत्र रविशंकर व कृष्ण चंद भारती हैं।



परशुराम प्रसाद ( फाइल फोटो)



रोते-बिलखते शिक्षक परशुराम के परिजन।



वारदात की सूचना पर रविवार को नगररौली पहुंचे सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी।

> दो पक्षों के बीच मामूली विवाद को लेकर आपस में मारपीट हुई। एक व्यक्ति के सिर पर चोट लगने से मौत हो गई। इस पर संबंध में जो तहरीर प्राप्त हुई है, उसके आधार पर पांच नामजद लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज करते हुए सभी को गिरफ्तार कर लिया गया है।
>
> –संकल्प शर्मा, एसपी, देवरिया

### गांव में पीएसी तैनात

आक्रोशित ग्रामीण हत्या आरोपियों के मकान के परिसर में तोड़फोड़ करने लगे। पुलिस ने उन्हें किसी तरह शांत कराया। गांव में तनाव को देखते हुए पीएसी व पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

### हत्याभियुक्तों के मकान पर चल सकता है बुलडोजर

शिक्षक की हत्या को लेकर पीड़ित परिवार व ग्रामीणों में काफी आक्रोश था। घटना के बाद गांव में पहुंचने वाले अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से हत्याभियुक्तों के मकान पर बुलडोजर चलाने की मांग कर रहे थे। मौके पर पहुंचे एसडीएम दुर्गेश गौड़ व नायब तहसीलदार मुकेश वर्मा हत्याभियुक्तों के बने मकान की निर्माण की स्थिति जानने में जुटे थे। अभियुक्तों के मकान निर्माण में किसी तरह की गड़बड़ी मिलने पर बुलडोजर भी चल सकता है।

# भटके किशोर को पुलिस ने घर पहुंचाया

मईल। बिहार प्रांत से भटक आए किशोर को मईल पुलिस ने उसके परिजनों को सौंप दिया। मईल थाना के माड़ोपार गांव में एक किशोर बिहार से भटकते हुए आ गया था। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने मईल पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस किशोर को थाने ले आई। पूछताछ पर अपना नाम रोशन 16 वर्ष तथा पता बिहार प्रांत के जनपद मधुबनी, थाना वेनीपट्टी के गांव सिमन रामपुर बताया। इसपर पुलिस टीम ने किशोर को उसके घर पहुंचा दिया। संवाद



रविवार को पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में क्राइम मीटिंग करते एसपी।

# त्योहारों पर शांति को एसपी ने की थानेदारों संग बैठक

देवरिया, निज संवाददाता। पुलिस अधीक्षक ने रविवार को पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में क्राइम मीटिंग लिया। जिसमें सभी थानेदारों को निर्देश दिया कि आगामी त्यौहार कृष्ण जन्माष्टमी एवं चैहल्लुम के लिए सभी थाना प्रभारी त्यौहार रजिस्टर को देख कर क्षेत्र में कार्य करेंगे। जिससे त्यौहार को शांति पूर्वक मनाया जा सके। इसके साथ ही पुराने सभी विवेचनाओं का निस्तारण करें। ऐसा नहीं करने वाले थानेदार पर कार्रवाई की चेतावनी दिया।

पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने सभी थानेदारों से उनके क्षेत्र के अपराध के बारे में जानकारी लिया। इसके बाद एसपी ने जिले में अवैध कच्ची शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन, बिक्री के विरुद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया। थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि वह अपने-अपने क्षेत्र में अभियान चलाकर अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई करें। क्षेत्र में गश्त को तेज किया जाए जिससे चोरी व लूट की घटनाओं पर रोक लग सके।

साम्प्रदायिक भावना भड़काने वालों/असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने व छोटी से छोटी बातों का संज्ञान लेने, सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के साथ साथ डिजिटल वालेंटियर ग्रुप को अपडेट कर उनके साथ नियमित मीटिंग कर उनका सहयोग लेने का निर्देश दिया।

# आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मनाने का निर्देश

रुद्रपुर। रुद्रपुर कोतवाली परिसर में रविवार को पीस कमेटी की मीटिंग की गई। बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम विपिन कुमार द्विवेदी ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्मोत्सव और चहल्लुम का त्योहार दोनों समुदाय के लोग आपसी सौहार्द के साथ मनाएं। छह और सात सितम्बर को श्रीकृष्ण जन्माष्टी का पर्व है। सात को ही चहल्लुम का त्योहार है। दोनों त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर प्रशासन एलर्ट है।

**बिहार से भटके किशोर को पुलिस ने स्वजन से मिलाया** : मईल: बिहार प्रांत का एक किशोर भटक कर माड़ोंपार गांव में पहुंच गया, जिसे मईल पुलिस ने बिहार ले जाकर स्वजन को सौंप दिया। रोशन कुमार शारदा पुत्र स्व. बिन्दु निवासी सिमन रामपुर टोला थाना वेनीपट्टी जिला मधुबनी का रहने वाला है।

# लंबित विवेचनाओं के निस्तारण पर दें जोर: एसपी

- सीसी कैमरा लगाने के लिए लोगों को करें जागरूक
- त्योहारों को लेकर विशेष ध्यान देने का भी एसपी ने दिया निर्देश



पुलिस लाइन में बैठक को संबोधित करते एसपी संकल्प शर्मा (बाएं) • जागरण

जासं, देवरिया: पुलिस लाइन में रविवार को अपराध संगोष्ठी में एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि विवेचनाओं का निस्तारण गुणवत्ता व समय के साथ किया जाए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। ज्यादा समय से लंबित विवेचनाओं की जिम्मेदारी तय करते हुए संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

एसपी ने कहा कि सीसी कैमरे लगवाने के अभियान पर विशेष ध्यान दें, लोगों को अधिक से अधिक सीसी कैमरा लगाने के लिए जागरूक करें। अपराध पर अंकुश लगाने का यह सबसे अच्छा माध्यम है। उन्होंने कहा कि कच्ची के विरुद्ध अभियान चलाएं। किसी भी दशा में कच्ची न बननी चाहिए और न बिकनी चाहिए। इससे जुड़े लोगों पर सख्त कार्रवाई करें। बैंक ड्यूटी के साथ ही शाम को गश्त अवश्य की जाए। उन्होंने कहा कि पिकेट पर पुलिस कर्मियों की नियमित ड्यूटी लगाई जाए। शातिर बदमाशों पर विशेष नजर रखें और उनके विरुद्ध कार्रवाई करें। इनामी, जिला बदर पर विशेष कार्रवाई करें। गुंडा एवं गैंगस्टर की भी कार्रवाई तेजी से की जाए। महिला अपराध के मामलों में सख्ती से कार्रवाई करें। आगामी जन्माष्टमी त्योहार व डोल मेला को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया जाए। किसी भी जुलूस में असलहों का प्रदर्शन नहीं होना चाहिए। इस दौरान एएसपी डा.राजेश सोनकर, सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी, रुद्रपुर सीओ जिलाजीत चौधरी, सीओ बरज अंशुमन श्रीवास्तव, सीओ कार्यालय देवानंद आदि मौजूद रहे।

**अराजकता फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई** : सलेमपुर: आगामी त्योहारो के मद्देनजर मझौलीराज स्थित पुलिस चौकी परिसर में रविवार को पीस कमेटी की बैठक हुई, जिसमें धार्मिक आयोजनो में खलल डालने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही गई। प्रभारी निरीक्षक गोपाल पाण्डेय ने कहा कि किसी भी समुदाय के धार्मिक उत्सवों में अराजकतत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। आगामी सात से लेकर नौ सितंबर तक जन्माष्टमी व चेहल्लुम का त्योहार है। इसको लेकर पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया कि बिना अनुमति कोई आयोजन नहीं और डीजे भी नहीं बजेगा। संचालन चौकी प्रभारी अश्वनी प्रधान ने किया।

# मनबढ़ युवकों ने दो भाइयों को चाकू मारा, गंभीर

जासं, भाटपाररानी: उपनगर के बेलपार रेलवे क्रासिंग के पास मुर्गा बेचने वाले की दुकान के सामने रविवार की शाम करीब साढ़े सात बजे कुछ मनबढ़ युवकों ने दो सगे भाइयों को चाकू मार कर घायल कर दिया। उसके बाद हमलावर फरार हो गए।

ग्राम दनउर के रहने वाले विनोद यादव के पुत्र विशाल व हिमांशु बाइक से भाटपाररानी किसी काम से आए थे। रास्ते में दो बाइक पर सवार मनबढ़ युवकों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। उसके बाद विशाल और हिमांशु बेलपार रेलवे ढाले पर एक मुर्गा की दुकान के पास पहुंचे। इसी बीच कुछ अन्य मनबढ़ युवकों ने उन्हें रोक लिया। उसके बाद मुर्गे की दुकान से जबरन चाकू लेकर दोनों भाइयों पर वार कर करने लगे। जिससे विशाल और हिमांशु दोनों लहुलूहान हो गए। चीख पुकार के बाद लोगों की भीड़ जुट गई।

# झांसा देकर युवक से 18.48 लाख की ठगी

- अज्ञात जालसाज पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा
- एसपी के आदेश पर हुई कार्रवाई पुलिस ने शुरू की जांच

जासं, देवरियाः जिले में तेजी से साइबर अपराध बढ़ रहा है। आनलाइन जाब का झांसा देकर देवरिया के एक युवक से 18.48 लाख रुपये की ठगी की गई है। एसपी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। जांच के लिए साइबर क्राइम सेल की टीम भी लगाई गई है।

शहर के देवरिया खास के रहने वाले अतीश कुमार जायसवाल आनलाइन जाब करते थे। उनका आरोप है कि करिश्मा इन कंपनी के माध्यम से विभिन्न तरह का बिजनेस बताया गया और लाभ भी बताया गया। धीरे-धीरे कंपनी के माध्यम से आनलाइन 18 लाख 48 हजार रुपये जमा करा लिया गया। सामान भी नहीं उपलब्ध कराया गया। संबंधित मोबाइल नंबर से फोन कर जालसाज द्वारा और रुपये की मांग की गई। अब वह दोनों नंबर भी बंद हो गए हैं। कोतवाली के प्रभारी दिनेश मिश्र ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। विवेचना उप निरीक्षक सुमित कांत को सौंपी गई है। साइबर सेल की टीम भी इस जांच में सहयोग कर रही है। जल्द ही जालसाजों को पकड़ लिया जाएगा।

## चार लोगों के विरुद्ध लूट का मुकदमा दर्ज

जासं, देवरिया : शहर के अमर ज्योति चौराहे के पास 12 दिन पहले हुई लूट के मामले में कोतवाली पुलिस ने शनिवार की रात चार आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। बरियारपुर के उदयपुर गांव के रहने वाले आशीष मिश्र देवरिया में एक प्राइवेट ट्रेंडिंग कंपनी में कार्य करते हैं। उनका आरोप है कि 21 अगस्त की रात वह बाइक से घर जा रहे थे, तभी फोन आया कि अमर ज्योति पर आइए, आपस के कार्य है। वह वापस अमर ज्योति चौराहे पर आए तो कुछ लोगों ने उन्हें अपशब्द बोला और पिटाई कर घायल करते हुए जेब में मौजूद 55750 रुपये लूट लिया। इस दौरान बाइक भी क्षतिग्रस्त कर दी। इस मामले में पुलिस ने बरियापुर थाना के लगड़ा गांव के रहने वाले प्रद्युम्न तिवारी, अभिषेक तिवारी, बरियारपुर के रहने वाले शिवम मिश्र व मटियारी के रहने वाले अभिषेक मिश्र के विरुद्ध लूट का मुकदमा दर्ज किया है।

# बैतालपुर डिपो से हर माह हो रहा छह करोड़ के तेल का खेल

### हर रोज 50 से 60 हजार लीटर तेल की हो रही चोरी, कई जनपदों में फैला है माफिया का नेटवर्क

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। बैतालपुर तेल डिपो से हर माह करीब छह करोड़ के तेल का खेल माफिया कर रहे हैं। प्रतिदिन 50 से 60 हजार लीटर तेल की चोरी करने वाले तेल माफिया ने अपना नेटवर्क गोरखपुर मंडल के सभी जनपदों में फैला रखा है।

तेल निकालने के लिए माफिया ने महफूज ठिकाना भी बना लिया है। हालात यह है कि कार्रवाई के बाद भी इनका नेटवर्क ध्वस्त नहीं हो पा रहा है। इस खेल में सभी की हिस्सेदारी भी तय है। डिपो कर्मियों से लगायत पुलिस और माफिया गठजोड़ से अवैध धंधा फल-फूल रहा है।

बैतालपुर डिपो से देवरिया, गोरखपुर, कुशीनगर, महराजगंज और नेपाल तक तेल की आपूर्ति होती है। हाल के दिनों में गोरखपुर में पकड़े गए तेल चोरी ने इसका पुख्ता संकेत दिया है कि डिपो से मजबूत तार इस गिरोह के जुड़े हुए हैं। इससे पहले भी कई बार कार्रवाई में पुख्ता प्रमाण मिल चुके हैं। हर रोज चार सौ से अधिक टैंकर में तेल भरा जाता है और इसमें से तीन से चार टैंकर से अधिक का तेल अवैध धंधे के लिए महफूज ठिकाने पर पहुंच जाता है।

सूत्रों के अनुसार यहां छह तरह के टैंकर हैं। कुल 250 टैंकर तेल लाने-ले जाने के काम में लगे हैं। इनमें सबसे छोटे 12 किलोलीटर के टैंकर में 11 लाख रुपये और सबसे बड़े 25 किलोलीटर के टैंकर में 20 लाख रुपये का तेल आता है। इसमें से प्रतिदिन तेल चोरी का खेल किया जा रहा है। बैतालपुर डिपो से तेल निकलने के बाद टैंकर की लोकेशन तेल माफिया पल-पल लेते हैं। इसके बाद गोरखपुर-देवरिया मार्ग पर तेल डिपो से करीब दस किलोमीटर के दायरे में टैंकरों को जगह-जगह खड़ा कर तेल चोरी का खेल चलता है। इतना ही नहीं तेल माफियाओं ने गोरखपुर और कुशीनगर में भी अपना अड्डा बना लिया है।



बैतालपुर आयल डिपो। संवाद

बैतालपुर तेल डिपो पर अवैध तेल के धंधे की शिकायत पर कार्रवाई की जाती है। गोरखपुर की घटना की भी जानकारी मिली है। जल्द ही संयुक्त टीम बनाकर तेल माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
– गौरव श्रीवास्तव, एडीएम प्रशासन

तेल चोरी रोकने के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए पुलिस को पता कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। देवरिया-गोरखपुर मार्ग पर पुलिस की खास नजर है। ऐसे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।
– संकल्प शर्मा, एसपी

### तेल की चोरी से कई हो चुके हैं मालामाल

देवरिया। [illegible] संवाद

### देवरिया का तेल माफिया चला रहा है गिरोह

देवरिया। [illegible] संवाद

## चार लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा

**जासं, देवरिया**: युवक पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने सात लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। गौरीबाजार थाना के धतुरा खास के रहने वाले हरेंद्र यादव का भतीजा विशाल यादव बैतालपुर से बाजार कर घर जा रहा था। गांव के समीप कुछ लोगों ने उसे रोक लिया और पिटाई करने के साथ गमछा से गला दबाकर हत्या करने का प्रयास किया। इस मामले में पुलिस ने राजन यादव निवासी लक्ष्मीपुर, विशुनदेव, भोलू यादव, सुनील यादव निवासीगण बेलडरिया थाना गौरीबाजार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक राजू सिंह ने बताया कि जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पति समेत तीन के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**जासं, देवरिया**: विवाहिता ने पति समेत तीन के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। गौरीबाजार थाना क्षेत्र के बड़हरा गांव की रहने वाली सुधा पत्नी बलिराम ने आरोप लगाया है कि जब से वह ससुराल गई, तभी से ससुराल के लोग दहेज की मांग कर रहे हैं। 55 हजार रुपये दहेज की मांग करते हुए ससुराल के लोगों ने बीते 31 अगस्त की रात बेरहमी से पिटाई कर घर से निकाल दिया। इस मामले में पुलिस ने पति बलिराम, सास कैलाशी देवी, विमला देवी के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक राजू सिंह ने मामले की जांच की जा रही है।

# युवती की मां ने दी तहरीर, पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

जासं, बनकटा: क्षेत्र के सुंदरपार भटवलिया गांव की युवती के रेलवे ट्रैक से मिले शव के मामले में रविवार को मृतका की मां ने बनकटा पुलिस को तहरीर दे दी। साथ ही गांव के ही पांच लोगों पर अगवा कर हत्या करने का आरोप लगाया है। उधर पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ भी कहने की बात कह रही है।

सुंदरपार गांव की युवती का शव शुक्रवार को मैरवा के नरहिया गांव के समीप से रेलवे ट्रैक से बरामद किया गया था। स्वजन उसी दिन से हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। युवती की मां ने तहरीर दी है। जिसमें गांव के ही पांच लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया है।

# मुंबई से घर आ रहे युवक की ट्रेन से गिरकर मृत्यु

तरकुलवा : मुंबई से घर आ रहे तरकुलवा के रतनपुरा गांव के एक युवक की प्रयागराज के समीप आउटर पर ट्रेन से गिरकर मृत्यु हो गई। जेब से मिले आधार कार्ड समेत अन्य कागजात से पुलिस ने शिनाख्त कर स्वजन को सूचना दी। इसके बाद स्वजन प्रयागराज के लिए निकल गए। रतनपुरा गांव के रहने वाले मोहम्मद आलमद्दीन के बेटे आशिक अली मुंबई में कार्य करते थे। एक सप्ताह से उनकी तबीयत खराब चल रही थी। परिवार के लोगों ने उन्हें घर आ जाने की सलाह दी। छोटे भाई युसुफ का कहना है कि वह घर आ रहे थे, अभी वह प्रयागराज के बारा के समीप पहुंचे थे कि अचानक आउटर पर ट्रेन से गिर गए और उनकी मृत्यु हो गई।

# युवक पर धारदार हथियार से हमला, चार पर मुकदमा

देवरिया : बरहज के पैना पश्चिम पट्टी में पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोगों ने एक युवक पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। इस मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। गांव के हिमांशु सिंह का आरोप है कि वह दरवाजे पर बैठे थे। इस बीच रंजिश को लेकर पड़ोस के कुछ लोग आए और अपशब्द बोलते हुए धारदार हथियार से हमला बोल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इस मामले में पुलिस ने आदित्य सिंह, राज सिंह, सत्यम सिंह, बादल सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# पीड़ित परिवार को नहीं मिली कोई सहायता राशि

## पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसे में मारे गए थे एक ही परिवार के चार लोग

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर अहिरौला के पास 29 अप्रैल को हुए भीषण सड़क हादसे में महुआडीह गांव के एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई थी। उस समय दरवाजे पर पहुंचे प्रशासन के अधिकारी ने पीड़ित परिवार को शीघ्र आर्थिक मदद दिए जाने की घोषणा की थी। जनप्रतिनिधि भी इसमें पीछे नहीं रहे थे।

गांव वालों के सामने ही प्रशासन को सरकारी मदद पहुंचाने का सख्त निर्देश देने में कोई कोताही नहीं बरते थे, लेकिन घटना के चार माह बाद भी पीड़ित परिवार को अभी तक कोई सहायता राशि नहीं मिली। न कोई दोबारा पूछने आया। पीड़ित परिवार के लोग प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के वादों पर अब सवाल खड़ा कर रहे हैं।

महुआडीह गांव के अच्छेलाल अपने परिवार के साथ चारपहिया गाड़ी से किसी काम से कहीं गए थे। 29 अप्रैल को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर अहिरौला के पास हुए भीषण सड़क हादसे में एक रिश्तेदार के अलावा कैलाश सहित एक ही परिवार के चार लोग अपनी जान गवां बैठे थे।

रविवार को कैलाश के पिता अच्छेलाल ने अपनी डबडबाई आंखों से कहा कि प्रशासन और स्थानीय मंत्री के निर्देश और वादों का भला क्या मोल जो कि आज तक एक रुपये ही नहीं मिला। अब तो घर का चूल्हा भी दो वक्त ठीक से नहीं जल पा रहा। हल्का लेखपाल व कानूनगो मकसूद अंसारी ने बताया कि कैलाश के नाम से प्रधानमंत्री कृषक बीमा के लिए प्रक्रिया चल रही है। इसके अलावा अन्य किसी सहायता व आर्थिक प्रशासनिक मदद के विषय में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को होगी।

# रास्ते से चारपाई हटाने के विवाद में शिक्षक की हत्या, चार घायल

## एक ही परिवार के पांच लोगों पर केस दर्ज, गांव में तनाव, फोर्स तैनात

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। गौरीबाजार थाना क्षेत्र के नगरौली गांव में शनिवार की रात में चारपाई हटाने के विवाद एक शिक्षक की ईंट और लाठी-डंडे से पीटकर हत्या का दी गई। बीच-बचाव करने गए परिवार की दो महिलाओं सहित पांच को भी आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद जमकर ईंट-पत्थर भी चलाए गए। पुलिस ने मामले में पांच लोगों के खिलाफ हत्या, बलवा का केस दर्ज कर लिया है।



परशुराम भारती
(फाइल फोटो)

घटना दो समुदायों से जुड़ी होने के कारण भारी संख्या में पुलिस रात में ही गांव पहुंच गई और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि घटनास्थल पर रविवार की सुबह सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी, एसडीएम सदर योगेंद्र गोंड पहुंच पहुंच गए। एसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। तनाव को देखते हुए गांव में फोर्स तैनात की गई है।

उपनगर से सटे नगरौली बाजार निवासी परशुराम प्रसाद (53) एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षक थे। शनिवार रात साढ़े दस बजे के लगभग वे साइकिल से घर जा रहे थे। रास्ते पर एक समुदाय विशेष के लोग बैठे थे। रास्ते से किनारे हट जाने की बात पर वे लोग उलझ गए। कुछ देर में और लोग एकत्रित होकर शिक्षक पर हमला बोल दिए। साथ ही ईंट-पत्थर भी चलाने लगे, जिससे शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर में गंभीर चोट आई। आननफानन उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पिता को बचाने पहुंचे पुत्र कृष्णा, रविशंकर, पुत्री पिंकी, रिंकी को भी हमलावरों ने मारपीट कर घायल कर दिया। उनका सीएचसी गौरी बाजार में इलाज कराया गया। मामला दो समुदायों के बीच होने की सूचना मिलते ही काफी संख्या में पुलिस मौके पर पहुंच गई। मृतक के पुत्र रविशंकर की तहरीर पर पुलिस ने नगरौली गांव निवासी इम्तियाज उर्फ सिपाही, शाहजहां खातून, रबीना, सानिजा, गुलाब के खिलाफ हत्या सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। रात में ही आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

*रात में मामूली बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई। एक व्यक्ति के सिर में गंभीर चोट लगने के कारण मौत हो गई। पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है और सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।* **- संकल्प शर्मा**, एसपी

### शोक में डूबा पूरा परिवार

**देवरिया।** शिक्षक परशुराम एक निजी विद्यालय में शिक्षक थे। वे ट्यूशन भी पढ़ाते थे। घटना के बाद पत्नी इसरावती देवी का रो-रो कर बुरा हाल है। उनकी छह संतानों में चार पुत्री व दो पुत्र हैं। रिंकी, पिंकी, रेनू, प्रियंका में से दो पुत्रियों का विवाह हो चुका है। जबकि दो पुत्रों में रविशंकर व कृष्णा। घटना के समय दो पुत्र व दो पुत्री घर पर ही थे। जो दबंगों के किए गए पथराव से चोटिल हो गए। संवाद

### आरोपी का अवैध निर्माण ध्वस्त हो : सदर विधायक

नगरौली बाजार निवासी परशुराम प्रसाद की मौत के बाद मौके पर पहुंचे सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें ढांढस बधाते हुए कहा कि आरोपियों पर कड़ी से कार्रवाई होगी। कहा कि आरोपी ने अवैध रूप से जमीन पर अपना मकान बनाया है। प्रशासन इसकी जांच कर उचित कार्रवाई करे और अवैध निर्माण को ध्वस्त कराए।

## थाने से चार सौ मीटर दूरी पर हत्या कानून व्यवस्था पर बड़ा सवाल

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** गौरी बाजार कस्बे में दुस्साहसी दबंगों ने शनिवार की रात एक शिक्षक को मजह इसलिए मौत के घाट उतार दिया, क्योंकि वह हत्यारोपियों से घर जाने की राह खाली करने की मांग कर रहे थे। बौखलाए दबंगों ने सरेराह शिक्षक की पीट-पीट कर हत्या कर दी। हत्या ने एक साथ कई सवालों को भी जन्म दिया। दबंगों के दुस्साहस ने जहां एक परिवार के मुखिया की जान ले ली, वहीं सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का भी प्रयास किया गया। थाने से महज चार सौ मीटर की दूरी पर हुई इस घटना से कस्बे की कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठे।

सार्वजनिक रास्ता में क्या कोई चारपाई बिछा सकता है और यदि उसे टोका और रोका जाए तो क्या उसे अपनी जान गंवानी पड़ेगी। कुछ ऐसे ही सवाल कस्बे के लोगों के मन में हैं। रात साढ़े दस बजे हुई इस वारदात ने कस्बे में कानून व्यवस्था की भी पोल खोल दी। हालांकि, घटना के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए स्थिति एवं माहौल को संभाला। देर रात तक पुलिस कप्तान थाने में जमे रहे।

अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर तैनात रहे। लोगों ने धैर्य एवं बुद्धिमता का परिचय दिया, जिससे मनबढ़ों के मंसूबे कामयाब न हो सके। रात में हुई इस वारदात से दोनों समुदाय सकते में आ गए। चेयरमैन प्रदीप मद्धेशिया ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि गौरी बाजार में माहौल खराब करने की कोशिश की गई।

रात होने के कारण एवं लोगों के सूझबूझ से कस्बे में शांति व्यवस्था कायम है। पूर्व चेयरमैन विजय कुमार सैनी ने कहा कि यह घटना निंदनीय है। कस्बा निवासी मु. शाकिर हुसैन ने कहा कि ऐसी घटना की जितनी निंदा किया जाए वह कम है। दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए ।

# आरोप : पकड़े नहीं गए आरोपी तो दूसरी बेटी और बेटे की भी कर देंगे हत्या...

## बनकटा की छेड़खानी की शिकार युवती की हत्या के मामले में मां ने सात के खिलाफ दी तहरीर

संवाद न्यूज एजेंसी

भाटपाररानी। बनकटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी छेड़खानी की शिकार युवती की हत्या कर शव रेलवे ट्रैक पर फेंकने के मामले में मां ने गांव के ही सात लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। तहरीर देकर कहा है कि आरोपियों ने बड़ी बेटी की हत्या कर बिहार के मैरवा क्षेत्र में शव को फेंक दिया। अब आरोपी मेरी, दूसरी बेटी व बेटे की हत्या करने की फिराक में हैं।




अमर उजाला में प्रकाशित खबर।

बनकटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती के साथ एक साल के भीतर छेड़खानी की दो बार घटना हो चुकी थी। मई माह में युवती के साथ गांव के ही पांच लोगों ने मारपीट और छेड़खानी की थी। युवती की मां ने बताया कि 31 अगस्त की रात में युवती छत पर सोई थी और गायब हो गई।

### मां ने दुष्कर्म का भी लगाया आरोप

भाटपाररानी। युवती की हत्या कर शव फेंके जाने के मामले में रविवार को एक नया मोड़ आ गया। मां का आरोप है कि बेटी के साथ दुष्कर्म करने के बाद हत्या की गई है। उनका कहना है कि जिस तरह की रस्सी से बेटी के हाथ-पैर बांधे गए थे उसी तरह की रस्सी से आरोपियों के घर में एक अरगन बंधी हुई है। उन्होंने कहा है कि आरोपी प्रभावशाली व दबंग हैं। वह उनकी, उनकी पुत्री व पुत्र की भी हत्या कर सकते हैं। संवाद

दूसरी दिन एक सितंबर को उसका शव मैरवा थाना क्षेत्र के दासनरहिया के पास रेलवे ट्रैक पर मिला था। मामला दो प्रांत से जुड़ा होने के कारण परिजन केस दर्ज कराने के लिए भटकते रहे। रविवार की शाम को मां तहरीर लेकर बनकटा थाने पहुंची। तहरीर में कहा कि घटना की रात दो बेटियों के साथ छत पर सोई थी। बिजली आने पर वह छोटी बेटी के साथ घर के अंदर सोने चली आई और बड़ी बेटी छत ही थी। सुबह उनके कमरे का दरवाजा बाहर से बंद था। आवाज देने पर ससुर ने आकर दरवाजा खोला। जब बड़ी बेटी को जगाने छत पर गई तो वह गायब थी। खोजबीन के दौरान लोगों से सूचना मिलने पर अपने परिवार के साथ नरहिया ढाला के पास गई तो रेल पटरी पर बेटी का शव दो हिस्से में कटा पड़ा था और हाथ-पैर रस्सी से बांधे गए थे। युवती की मां ने घर के बगल में रहने वाले उन पांच लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है जिनपर 21 मई को युवती को मारने-पीटने तथा छेड़खानी करने का केस दर्ज है। दी गई तहरीर में युवती की मां ने कहा है कि आरोपी मुकदमे में सुलह करने का दबाव बना रहे थे। सुलह नहीं करने पर पुत्री को जान से मारने की धमकी दे रहे थे। इसमें उन्हें न्यायालय से नोटिस भी मिला था।

*तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का खुलासा हो पाएगा। रिपोर्ट के लिए बिहार पुलिस से संपर्क साधा जा रहा है। जल्द केस दर्ज कर लिया जाएगा।* - राजेश कुमार, एएसपी

### दो प्रांतों के बीच झूल रही पीड़िता

भाटपाररानी। युवती की मौत के मामले में पीड़ित मां दो प्रांतों के चक्कर काट रही है। बिहार पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट व यूपी पुलिस को उपलब्ध करा देगी, लेकिन केस दर्ज नहीं करेगी। जबकि उत्तर प्रदेश के बनकटा थाने की पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही केस दर्ज किया जाएगा। संवाद


खबरें मोबाइल पर amarujala.com

अमर उजाला क्लासीफाइड 1800-121-1166

EDUCATION HUB

College Code: 718 "गोरखपुर शहर का प्रतिष्ठित महाविद्यालय" ESTD: 2003

मधुसूदन दास पी.जी. कालेज

प्रवेश प्रारम्भ सत्र-2023-24

वाणिज्य संकाय - B.Com, M.Com

अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम

प्लेसमेंट सुविधा उपलब्ध

विज्ञान संकाय - BCA

Mob.: 9839048141, 7800914748 Website: www.mddcollege.com

क्या आप पढ़-लिखकर बेरोजगार हैं ?

प्रवेश प्रारम्भ

उमा टेक्निकल इन्स्टीट्यूट

H.O.-Gorakhpur

CCC, O Level

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-04-09-2023

# घर से थी नाराज, महाराष्ट्र से मिली

**कामयाबी**

- कप्तानगंज थाने के एक गांव से पांच दिन पूर्व गायब हुई थी किशोरियां
- सर्विलांस टीम व कप्तानगंज पुलिस की सक्रियता से मिलीं किशोरियां
- सीओ कसया की मॉनिटरिंग में पुलिस ने किशोरियों को किया बरामद

> पांच दिन पूर्व घर से गायब किशोरियों को जलगांव महाराष्ट्र से सकुशल बरामद कर लिया गया है। सोमवार को सीडब्ल्यूसी के समक्ष पेश करने के बाद उनके परिवारीजनों को सुपुर्द कर दिया जायेगा।
>
> **कुंदन सिंह**, सीओ कसया

**पडरौना, निज संवाददाता।** कप्तानगंज थाने के एक गांव से पांच दिन पूर्व गायब किशोरियों को पुलिस ने जलगांव महाराष्ट्र से बरामद कर लिया गया है। रविवार की देर शाम किशोरियों के साथ पहुंची पुलिस कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

कप्तानगंज थाने के एक गांव की दो किशोरियां पांच दिन पूर्व पिछले 29 अगस्त को घर से गायब हो गईं। इसमें एक किशोरी के पिता ने कप्तानगंज थाने में तहरीर सौंप किशोरियों को बरामद करने की गुहार लगाई। पुलिस ने इस मामले में गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई। सीओ कसया कुंदन सिंह के नेतृत्व में कप्तानगंज पुलिस ने सर्विलांस टीम की मदद से दोनों किशोरियों का मोबाइल ट्रेस कराया।

पहले उसका मोबाइल लखनऊ, इसके बाद दिल्ली तथा बाद में जलगांव महाराष्ट्र में ट्रेस हुआ। सीओ ने जलगांव के सीओ से संपर्क कर वहां के पुलिसकर्मियों को रेलवे स्टेशन भेज कर किशोरियों को बरामद कराया। इसके बाद महाराष्ट्र पहुंचे बोदरवार चौकी इंचार्ज राकेश रोशन के नेतृत्व में पुलिस टीम रविवार की देर शाम किशोरियों को लेकर कप्तानगंज पहुंची। पुलिस को किशोरियों ने बताया कि घर से नाराज होकर निकली थीं। दोनों किशोरियां रिश्तेदारी में बहनें हैं। सोमवार को पुलिस सीडब्ल्यूसी के समक्ष पेश करने के बाद उन्हें परिवारीजनों को सुपुर्द किया जायेगा।

# चोरी की साइकिल के साथ अभियक्त गिरफ्तार

पडरौना। कप्तानगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार सिंह, दरोगा रविकान्त कुमार सिंह, सिपाही आशीष सिंह व रमाकान्त गौतम ने चोरी की साइकिल के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बबलू निवासी मोहम्मदपुर थाना श्यामदेउरवा जनपद महाराजगंज को गिरफ्तार कर उसके पास से एक चोरी की साइकिल बरामद कर आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

# अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

अहिरौली बाजार। अहिरौली बाजार थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम महुई निवासी राजेंद्र सिंह को आसन महुई के पास से गिरफ्तार किया। उसके झोले में 35 शीशी अवैध शराब बरामद की गई। पुलिस टीम में उप निरीक्षक चंदन प्रजापति, सिपाही राजेंद्र गुप्ता व धर्मेंद्र कुमार शामिल रहे।




रविवार को अहिरौली बाजार थाना परिसर में अवैध शराब को जेसीबी से नष्ट कराते पुलिस कर्मी। ● हिन्दुस्तान

# पुलिस ने 35 लाख की शराब नष्ट की

**पडरौना**। तरया सुजान पुलिस ने वर्ष 2022 से 2023 तक कुल 92 मुकदमों में बरामद अंग्रेजी, देशी व कच्ची शराब आदि कुल 4326 लीटर, जिसकी कीमत लगभग 35 लाख रुपये शराब को न्यायालय के आदेश पर नष्ट किया। क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज जितेन्द्र सिंह कालरा के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक तरयासुजान अमित शर्मा ने अभियोजन अधिकारी शशिकांत की उपस्थिति में थाना परिसर में गड्ढा खोदवा कर 4326 लीटर अवैध शराब को नष्ट कराया।

# पांच वारंटी गिरफ्तार

पडरौना। तरयासुजान थाने के प्रभारी निरीक्षक अमित शर्मा, दरोगा आदित्य मौर्य, सुभाष चंद्र आदि ने पांच वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने टुनटुन निवासी भावपुर, सुभाष यादव निवासी बैजूपट्टी, मीर हसन निवासी गोड़ईता श्रीराम, मोतीचंद निवासी रामपुर बंगरा व लख्मीचंद निवासी रामपुर बंगरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# चोरी की सामान के साथ दो गिरफ्तार

**पडरौना।** नेबुआ नौरंगिया थाने के प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव, दरोगा विनायक यादव, सिपाही अनिल यादव ने चोरी के सामान के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने पवन निवासी बभनौली व संजय निवासी खिरिया टोला पडरौना को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसी क्रम में नेबुआ नौरंगिया पुलिस ने वध के लिए ले जा रहे प्रतिबंधित पशु के साथ महबूब अली व भागवत यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# पीड़िता के साथ आरोपी को दबोचा

**पडरौना।** नेबुआ नौरंगिया थाने के प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव, दरोगा रामेश्वर यादव, सिपाही परमेश यादव व रेखा कुमारी की टीम ने अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी अभियुक्त सूरज राजभर निवासी सिरसिया कला को गिरफ्तार कर पीड़िता को बरामद कर आरोपी को जेल भेज दिया। पुलिस पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद सोमवार को कोर्ट के समक्ष पेश करेगी।

# हत्या के दो आरोपियों को दबोचा

**पडरौना।** हाटा कोतवाली की पुलिस ने हत्या के केस में दो वांछित अभियुक्तों दिवाकर मिश्रा व विजय शंकर मिश्रा निवासी मठिया मिश्र को गिरफ्तार कर उनके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आला कत्ल डण्डे की बरामदगी करते हुए उन्हें जेल भेज दिया। इसके अलावा कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी के मुकदमे में वांछित अभियुक्त राजबहादुर निवासी करमही को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# सामूहिक दुष्कर्म में 15 हजार का इनामी गिरफ्तार

- तरयासुजान की पुलिस टीम ने तिनफेड़िया रेलवे स्टेशन से किया गिरफ्तार
- सामूहिक दुष्कर्म का मुख्य अभियुक्त एक माह पूर्व भेजा जा चुका है जेल

पडरौना, निज संवाददाता। तरयासुजान थाना क्षेत्र के एक गांव में नौ माह पूर्व एक किशोरी के साथ गैंगरेप और बाद में उसका वीडियो बना कर वायरल करने के मामले रविवार को पुलिस ने दूसरे आरोपी व 15 हजार के इनामी को तिनफेड़िया रेलवे स्टेशन गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस मामले में मुख्य आरोपी एक माह पूर्व गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

तरयासुजान थाना क्षेत्र के एक गांव में नौ माह पूर्व एक किशोरी के साथ दो युवकों ने दुष्कर्म किया और उसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। इस मामले में दो आरोपियों पर गैंगरेप समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज था। पुलिस इस मामले के मुख्य आरोपी अंकित राय पुत्र सुग्रीव राव को पिछले एक अगस्त को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है तथा दूसरे आरोपी पर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित कर सरगर्मी से तलाश कर रही थी। प्रभारी निरीक्षक अमित शर्मा के नेतृत्व में दरोगा आदित्य मौर्य, सिपाही रवि व अवधेश की टीम ने रविवार को तिनफेड़िया स्टेशन के पास से इनामी अभियुक्त अनुज राय पुत्र अरविन्द राय निवासी दनियाड़ी थाना तरयासुजान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### गोरखपुर के सहजनवा क्षेत्र की रहने वाली नाबालिग का कक्षा नौ में है नामांकन

# स्कूल से गायब छात्रा का नहीं लगा सुराग

**फॉलोअप**



राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय हेतिमपुर।

- तीसरे दिन जांच एजेंसी के जिम्मेदार स्कूल पहुंच हासिल की जानकारी
- हॉस्टल में भोजन के दौरान छात्रा को खोजने पर गायब होने की हुई जानकारी

> छात्रा के गायब होने के मामले में अपहरण का केस दर्ज है। उसका पता लगाने को टीम गठित कर दी गई है। पुलिस टीम जल्द छात्रा को बरामद करने में जुटी है। कुंदन कुमार सिंह, सीओ-कसया

**सोहसा मठिया, हिन्दुस्तान संवाद।** कसया थाना क्षेत्र के सिरसिया हेतिमपुर स्थित राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय के छात्रावास से गायब कक्षा नौ की छात्रा का तीसरे दिन रविवार को भी सुराग नहीं लगा सका है। पुलिस व सर्विलांस टीम छात्रा की तलाश में जुटी है। दोपहर में जांच एजेंसियों के जिम्मेदारों ने स्कूल पहुंच घटना के बारे में जानकारी हासिल की।

गोरखपुर जिले के सहजनवा थाना क्षेत्र की रहने वाली छात्रा का आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय में कक्षा नौ में नामांकन है। वह रक्षाबंधन की छुट्टी के बाद शुक्रवार की सुबह पिता के साथ स्कूल पहुंची थी। आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय सिरसिया हेतिमपुर में शुक्रवार की रात भोजन के दौरान छात्रा के गायब होने की जानकारी स्कूल प्रशासन को हुई। छात्रा के गायब होने की सूचना पर शनिवार को उसके पिता स्कूल पहुंचे।

कार्यवाहक समाज कल्याण अधिकारी विनय कुमार और उप निदेशक समाज कल्याण सुरेश चंद्र पाल ने विद्यालय पहुंचकर मामले के बारे में जानकारी हासिल की। दोपहर में प्रभारी प्रधानाचार्या ने कसया पुलिस को तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की। कसया पुलिस ने प्रभारी प्रधानाचार्या सुमन शर्मा की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है। तीसरे दिन जांच एजेंसियों के जिम्मेदारों ने रविवार को दोपहर में पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी हासिल की। इस मामले में सर्विलांस टीम व पुलिस का गठन किया गया है, लेकिन टीम को तीसरे दिन भी छात्रा का सुराग नहीं लग सका है।

**छात्रा के गायब होने की सूचना पर स्कूल पहुंचे अभिभावक : सोहसा मठिया।** राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय सिरसिया हेतिमपुर से छात्रा के गायब होने की जानकारी सार्वजनिक होने के बाद अभिभावक अपने बच्चियों को लेकर सहमे हुये हैं। रविवार को छुट्टी के बावजूद आधा दर्जन से अधिक अभिभावकों ने स्कूल पहुंचकर अपने बच्चियों के बारे में जानकारी हासिल कर उनका कुशलक्षेम जाना। बच्चियों के बेहतर होने पर अभिभावक संतुष्ट दिखे। आश्रम पद्धति विद्यालय से छात्रा के गायब होने की जानकारी पूरे क्षेत्र में आम होने के बाद स्कूल में नामांकित छात्राओं के अभिभावक सहमे हुये हैं। सुबह विद्यालय पहुंचे कुशीनगर, गोरखपुर व आजमगढ़ के आधा दर्जन अभिभावक अपने बच्चियों से मिले।

अभिभावकों का कहना है कि छात्रा के गायब होने की जानकारी मोबाइल तथा अखबार में देखने के बाद डर सता रहा था। ऐसे में सीधे स्कूल पहुंच कर अपने बच्चियों से हाल जानने के बाद संतुष्टि मिली है। बच्चियां स्कूल में बेहतर हैं। इससे मन का भय दूर हो गया है।

# शिक्षामित्रों ने सांसद का आवास घेरा


सांसद आवास का घेराव करते शिक्षामित्र।

**पडरौना, निज संवाददाता।** शिक्षा मित्र संघ के जिलाध्यक्ष कैलाश जायसवाल के नेतृत्व में जिले के शिक्षामित्रों ने रविवार को तिरंगा यात्रा और बाइक जुलूस निकाला। इसके बाद चार सूत्रीय मांगों को लेकर कुशीनगर सांसद विजय कुमार दुबे के आवास का घेराव किया तथा सांसद की गैर मौजूदगी में उनके प्रतिनिधि संतोष तिवारी को प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

शिक्षामित्रों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का निराकरण अति शीघ्र नहीं किया गया तो प्रदेश के लाखों शिक्षामित्र आगामी 9 अक्तूबर को लखनऊ में विशाल सम्मान बचाओ रैली करने के लिए बाध्य होंगे। शिक्षामित्रों ने अपने पत्र में कहा है कि शिक्षामित्रों के नियमावली में संशोधन करके नियमित किया जाय। नई शिक्षा नीति में शिक्षामित्रों को भी सम्मिलित करते हुए भविष्य सुरक्षित किया जाय। उन्होंने नियमितीकरण, समायोजन प्रक्रिया पूर्ण होने तक प्रदेश के शिक्षामित्रों को 12 माह की सेवा प्रदान किये जाने, साथ ही समान काम के लिए समान वेतन दिये जाने, मृतक शिक्षामित्रों के परिजनों को अहेतुक सहायता राशि व आश्रित को जीविकोपार्जन के लिए नियुक्त किये जाने की मांग की।

इस दौरान संजय यादव, वशिष्ठ यादव, निसार अहमद, ओमकार पासवान, जयकरण गुप्ता, मनोज राव, सुजीत राव, जितेंद्र शर्मा, नियाज अहमद, कमल राय, अमिरुल हसन, परशुराम यादव, मनोज मिश्रा, राणा सिंह, सिद्धेश्वर तिवारी, पूनम मिश्रा, मीरा जायसवाल, रीता विश्वकर्मा आदि शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

# किशोरी के अपहरण का मुकदमा दर्ज

उजारनाथ। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के एक युवक ने 16 वर्षीय बहन का अपहरण करने का आरोप लगाते हुये थाने में तहरीर सौंपी है। पुलिस ने नोनिया पट्टी निवासी एक युवक पर अपहरण का केस दर्ज किया है। घटना 27 अगस्त की 4 बजे दिन की बतायी जा रही है।

पीड़ित युवक ने पुलिस को दिए तहरीर में लिखा है कि युवक राजकुमार कुशवाहा पुत्र नन्दलाल कुशवाहा उसकी बहन से मोबाइल पर अक्सर बातचीत करता था। बीते 27 अगस्त को 4 बजे दिन में वह नाबालिग बहन का अपहरण कर फरार हो गया। काफी खोजबीन के बाद कोई जानकारी नहीं मिलने पर वह तहरीर दे रहा है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के मुताबिक शनिवार को केस दर्ज कर लिया गया है।

# प्रदर्शन और तोड़फोड़ के मामले में मुकदमा दर्ज

**कसया, हिन्दुस्तान संवाद।** अनैतिक कारोबार के मामले में महिलाओं द्वारा तोड़-फोड़ और प्रदर्शन करना महंगा पर गया। पुलिस ने दो लोगो सहित कुछ अज्ञात महिलाओं के खिलाफ गेस्ट हाउस संचालक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है।

नगर के कसया- देवरिया मार्ग पर कुशीनगर मोड़ पर बीते शनिवार को संचालित एक गेस्टहाउस पर स्थानीय महिलाओं ने धावा बोलकर तोड़ फोड़ करते हुए प्रदर्शन किया। उनका आरोप था कि संचालित गेस्ट हाउस में अनैतिक कार्य संचालित हो रहे है। इसको लेकर पुलिस ने गेस्ट हाउस संचालक भोला कुशवाहा ने तहरीर सौंपी है। जिसके आधार पर दो लोगो सहित कुछ अज्ञात महिलाओं पर मुकदमा पंजीकृत किया है। कुशीनगर मोड़ पर संचालित गेस्टहाउस पर हो रहे अनैतिक कार्य को लेकर वहा निवास कर रही आस पास की महिलाएं इसका विरोध करती चली आ रही थी। हालांकि महिलाओं ने इस तरह की जानकारी पुलिस को नही दी थी और अपने ही अनैतिक कार्य को बंद करने के लिए ठान लिया।

उधर गेस्ट हाउस संचालक का आरोप है कि मुझसे मकान खाली कराने के लिए कहा गया था। जिसको लेकर मैने तीन माह का समय मांगा था लेकिन लोग नही माने और गेस्ट हाउस में आकर तोड़ फोड़ किए। इस संबंध में कुशीनगर चौकी इंचार्ज का कहना है कि गेस्टहाउस संचालक के तहरीर पर दो नामजद लोगो सहित कुछ अज्ञात महिलाओं पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# कुशीनगर की महिला की मौत पर हंगामा, जांच शुरू

पादरी बाजार/ गुलरिहा। गुलरिहा थाना क्षेत्र के हरसेवकपुर नंबर दो स्थित अस्पताल में रविवार को एक महिला की मौत के बाद परिजनों ने शव सड़क पर रखकर हंगामा कियो सूचना पर पहुंची गुलरिहा पुलिस ने सड़क खाली कराकर कारवाई का आश्वासन देकर मामला शांत कराया।

जानकारी के अनुसार कुशीनगर जिले के थाना सेवरही रुदला पट्टी निवासी मोनायब हुसैन की पत्नी शहनाज खातून ( 35 ) को बुखार व सांस फुलने की दिक्कत थी। परिवारीजनो ने शनिवार को गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक अस्पताल में उन्हें भर्ती कराया। अस्पताल के डाक्टर ने मरीज को आईसीयू में भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया। इलाज के दौरान रविवार की शाम को मरीज की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही डाक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाकर घरवाले हंगामा करने लगे। मौके पर पुलिस पहुंचकर परिजनों को कारवाई का आश्वासन देकर मामला शांत कराया। मृतका के दो बच्चे हैं पति मोनायब हुसैन ने बताया कि पत्नी की मौत डाक्टरों की लापरवाही से हुई है। मौत के बाद भी जिंदा बताकर पैसे लेते रहे हैं। आईसीयू में अंदर जाने नहीं दे रहे हैं। पत्नी की मौत सुबह 11 बजे ही हो गई है लेकिन शाम 6 बजे मौत की जानकारी अस्पताल के कर्मचारियों ने दी है। जबकि 11 बजे ही अस्पताल के कर्मचारियों ने पेपर पर हस्ताक्षर करा लिया था। मेडिकल कॉलेज ले जाने के लिए बोला गया तो अस्पताल के डाक्टरों ने डिस्चार्ज नहीं किया।

# हिंदू पंचांग के सहारे पुलिस रोकेगी अपराध

- अमावस्या तिथि के सात दिन पूर्व व सात दिन बाद तक रात गश्त होगी और प्रभावी
- चिन्हित दिनों में घटनाओं के अधिक होने के बाद डीजी कार्यालय ने जारी किए निर्देश



रात में आपराधिक तत्व सक्रिय हो जाते हैं। इससे लूट, छिनैती तथा यौन अपराध जैसी घटनाओं की आशंका बनी रहती है। कृष्णपक्ष के अमावस्या तिथि से एक सप्ताह पूर्व व एक सप्ताह बाद तक रात्रि गश्त को और सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

**धवल जायसवाल**, एसपी

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** हिंदू पंचांग अब अपराध रोकने में भी सहायक बनेगा। पुलिस कृष्णपक्ष के अमावस्या तिथि व इसके आसपास (सात दिन पहले व सात दिन बाद) रात्रि गश्त के समय विशेष सतर्कता बरतेगी। सुनसान इलाकों में संख्या बल बढ़ाने के साथ-साथ पिकेट की स्थापना कर सुरक्षा का वातावरण बनाएगी। विभागीय पड़ताल में चिन्हित दिनों में अपराध की घटनाएं अधिक होने की पुष्टि होने के बाद यह कदम उठाया गया है।

डीजी का इस आशय का पत्र जिला मुख्यालय आया है। विश्लेषण में पाया गया कि हिंदू पंचांग के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि के एक सप्ताह पूर्व व एक सप्ताह बाद रात के समय इस तरह की घटनाएं अधिक घटित हुईं हैं। ऐसे में जिले स्तर पर एसपी हर माह यह विश्लेषण करें। तथा प्रत्येक माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को चिन्हित कर इस तिथि से एक सप्ताह पूर्व व एक सप्ताह बाद तक राजमार्ग, सुनसान इलाके व जहां अपराध की घटनाएं अधिक हुईं हों वहां पेट्रोलिंग वाहन बढ़ाने के साथ ही नियमित गश्त करने वाले पुलिसकर्मियों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी कर रात्रि गश्त कराना सुनिश्चित कराएं। अत्यधिक सुनसान जगहों पर अस्थायी पिकेट बनाकर पुलिसकर्मी ड्यूटी दें। इस क्रम में एसपी ने थानेदारों को निर्देश जारी कर इसे तत्काल अमल में लाने का निर्देश दिया है। कहा है कि थानावार चिन्हित हाट स्पाट पर तय दिनों में अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए। रात्रि गश्त में तैनात पुलिसकर्मियों की संख्या भी बढ़ाएं। ताकि लूट, छिनैती, चोरी, छेड़छाड़ आदि जैसी घटनाओं पर प्रभावी ढंग से रोक लग सके।

**औचक निरीक्षण कर उच्चाधिकारी रखेंगे नजर** : अमावस्या तिथि के एक सप्ताह पूर्व व एक सप्ताह बाद में रात्रि गश्त प्रभावी ढंग से की जा रही या नहीं उच्चाधिकारी औचक निरीक्षण कर इस पर नजर रखेंगे। वहीं रात्रि गश्त में तैनात पुलिसकर्मियों की जांच के लिए एक सीओ की ड्यूटी लगाई जाएगी। एएसपी भ्रमणशील रहकर गश्त व्यवस्था से अवगत होंगे। कप्तान सप्ताह में एक दिन औचक निरीक्षण करेंगे।

**यह है नियमित गश्त की व्यवस्था** : रात 10 से सुबह चार बजे तक गश्त होती है। शहर, कस्बा व देहात क्षेत्र में निर्धारित प्वाइंट के अनुसार पुलिसकर्मियों व पीआरवी टीम की ड्यूटी लगती है। हर प्वाइंट पर दो पुलिसकर्मी तैनात किए जाते हैं। बैंक, एटीएम, पेट्रोल पंप, हास्पिटल, माल व बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठान जैसी जगहों पर पिकेट लगती है।

# न्यायालय के आदेश पर नष्ट की गई शराब

**जागरण संवाददाता, अहिरौली बाजार :** न्यायालय के आदेश पर अहिरौली बाजार पुलिस द्वारा मालखाने में जमा अवैध शराब को रविवार को नष्ट किया गया। पुलिस व न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे। थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश राय ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में प्रार्थना-पत्र देकर मालखाना में जमा शराब को नष्ट कराए जाने की अनुमति मांगी थी। न्यायालय ने अवैध शराब को न्यायिक व पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में नष्ट कराने का आदेश दिया। जिसके क्रम में शाम को चार बजे सीओ कसया कुंदन कुमार सिंह, अभियोजन अधिकारी प्रधान लिपिक कार्यालय सिविल जज एसडी एसीजेएम की मौजूदगी में गणना कर मालखाने में जमा शराब को बाहर निकाला गया।

थाना परिसर में ही जेसीबी से गड्ढा खोदकर 2260 लीटर देसी व 90 लीटर कच्ची शराब नष्ट की गई। कोर्ट के आदेश पर तरयासुजान पुलिस द्वारा वर्ष 2022 से वर्ष 2023 तक आबकारी से जुड़े 92 मुकदमों में बरामद अंग्रेजी, देसी व कच्ची सहित 4326 लीटर शराब पुलिस व न्यायिक अधिकारियों की मौजूदगी में नष्ट कराया गया।

# पांच वांछित गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, सलेमगढ़ :** तरयासुजान पुलिस ने शनिवार की देर रात अभियान के तहत फरार चल रहे पांच वांछितों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। इसमें भावपुर निवासी टुनटुन, बैजूपट्टी निवासी नंददेव यादव, गोड़ईता निवासी मीरहसन, रामपुर बंगरा के मोतीचंद व लखीचंद शामिल हैं। एसएचओ अमित कुमार शर्मा ने बताया कि अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

# छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का इनामी दूसरा आरोपी गिरफ्तार

## घटना से आहत किशोरी नहीं जाती है स्कूल, घर से भी नहीं निकलती है

संवाद न्यूज एजेंसी

**तरयासुजान।** छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के दूसरे आरोपी को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। फरार चल रहे आरोपी पर पुलिस ने 15,000 रुपये का इनाम रखा था। इसके पूर्व एक आरोपी को पुलिस जेल भेज चुकी है। छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का आरोपियों ने सोशल मीडिया पर वीडियो वॉयरल किया था।

तरयासुजान थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी इलाके के एक इंटर कॉलेज में कक्षा आठ की छात्रा है। आरोप लगा था कि 22 नवंबर, 2022 को स्कूल जाते समय रास्ते में छात्रा को रोककर गन्ने के खेत में चाकू दिखाकर तरया बैकुंठ गांव निवासी अंकित राय और दनियाड़ी गांव निवासी अनुज राय ने सामूहिक दुष्कर्म किया। इसका वीडियो भी युवकों ने बना लिया।

### आरोपी पर 15000 रुपये का इनाम घोषित था, दो माह से चल रहा था फरार

दो माह पूर्व छात्रा से अंकित राय ने एक हजार रुपये की मांग की थी। नहीं देने पर कॉलेज के प्रिंसिपल के मोबाइल पर सामूहिक दुष्कर्म का वीडियो अंकित राय ने भेजा और सोशल मीडिया पर वॉयरल कर दिया। छात्रा के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों पर केस दर्ज कर अंकित राय को जेल भेज दिया था।

फरार चल रहे अनुज राय पर पुलिस ने 15,000 रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने रविवार को अनुज को गिरफ्तार कर कोर्ट में प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर अमित शर्मा ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# चोरी की घटना का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

जासं.नेबुआ नौरंगियाः थाने की पुलिस ने चोरी की घटना का पर्दाफाश कर दो शातिरों को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से चोरी के आभूषण व मोबाइल बरामद हुआ है।प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव टीम संग गश्त पर थे। नौका टोला मोड़ के समीप संदिग्ध हाल में दिखे दो युवकों को रोक पुलिसकर्मियों ने तलाशी ली तो उनके पास से सोने-चांदी के आभूषण व मोबाइल मिला। सख्ती बरतने पर युवकों ने बताया कि जेवर व मोबाइल चोरी के हैं। दोनों की पहचान पवन निवासी बभनौली व संजय निवासी खिरिया टोला थाना पडरौना कोतवाली के रूप में हुई।

**प्रेमी-प्रेमिका की मंदिर में हुई शादीः** नेबुआ नौरंगियाःइलाके में प्रेमी-प्रेमिका की शादी रविवार को मंदिर में हुई। स्वजन संग मौजूद लोगों ने नव दंपत्ति के सुखद जीवन की कामना की। खड्डा के मठिया बुजुर्ग निवासी अंकित का नेबुआ नौरंगिया के हरपुर नौगांवा की वंदना से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। शुक्रवार की रात प्रेमिका से मिलने आए प्रेमी को पकड़ लोगों ने डांट-फटकार कर भगा दिया। शनिवार सुबह प्रेमिका प्रेमी के घर पहुंच गई। प्रेमी के स्वजन समझा-बुझाकर उसे उसके घर भेज दिए। सहमति बनने के बाद मंदिर में शादी करा दी गई।

# 35 शीशी देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार

अहिरौली बाजार :अहिरौली बाजार पुलिस ने क्षेत्र के असना के समीप 35 शीशी देसी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान राजेंद्र सिंह निवासी महुई के रूप में हुई। (जासं)

**नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म का 15 हजार का इनामी आरोपित गिरफ्तार**: तरयासुजान: पुलिस ने नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म का वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने वाले 15 हजार रुपये के इनामी आरोपित को तिनफेडिया रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपित अनुज राय निवासी दनियाड़ी थाना तरयासुजान का रहने वाला है। प्रभारी निरीक्षक अमित शर्मा ने बताया कि पुलिस अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

# गोवंश के साथ दो गिरफ्तार, गड़ासा बरामद

**जागरण संवाददाता, पिपराबाजार**: नेबुआ नौरंगिया पुलिस ने क्षेत्र के लीलाधर छपरा गांव के समीप देर शाम एक गोवंश के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। तस्करों के पास से एक गड़ासा भी बरामद हुआ। दोनों की पहचान महबूब अली निवासी बसहिया बनवीरपुर थाना पडरौना कोतवाली व भागवत यादव उर्फ बउक निवासी बोधी छपरा थाना हनुमानगंज के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव टीम संग देर शाम गश्त पर थे। सूचना मिली कि तस्कर गोवंश लेकर पैदल मंसाछापर की तरफ जा रहे हैं। टीम ने लीलाधर छपरा के समीप गोवंश लेकर जा रहे दो युवकों को पकड़ लिया। पूछताछ में दोनों ने स्वीकारा कि वध के लिए गोवंश लेकर बसहिया बनवीरपुर जा रहे थे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

**दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार**: पिपरा बाजार: नेबुआ नौरंगिया पुलिस ने पिपरा बाजार से दुष्कर्म व अपहरण के मुकदमे में वांछित को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान सूरज राजभर निवासी सिरसिया कला थाना नेबुआ नौरंगिया के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपित काफी समय से फरार चल रहा था। उसकी तलाश चल रही थी। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

**चोरी की बैट्री के साथ एक गिरफ्तार**: पडरौना: कोतवाली पुलिस ने बलुचहा रोड से देर शाम एक शातिर को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान इस्तियाक खान निवासी छावनी घोसी टोला कोतवाली पडरौना के रूप में हुई। उसकी निशानदेही पर उसके घर से चोरी की एक ट्रक की बैट्री बरामद हुई। कोतवाल राजप्रकाश सिंह ने बताया कि उसका आपराधिक इतिहास है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# तोड़फोड़ व मारपीट के मामले दो नामजद सहित अज्ञात महिलाओं के विरुद्ध मुकदमा

- देह व्यापार का आरोप लगाकर महिलाओं ने किया था हंगामा
- किराएदार की तहरीर पर सक्रिय हुई पुलिस

**जागरण संवाददाता, सिसवा महंथ:** होटल में हुए तोड़फोड़ व मारपीट के मामले में कसया पुलिस ने रविवार को दो नामजद पुरुष व कुछ अज्ञात महिलाओं के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। इस कार्रवाई से लोगों में रोष व्याप्त है। कसया के गांव मधवापुर निवासी संजय कुशवाहा का रामाभार पुल के समीप मकान है। अनिरुद्धवा निवासी रामेश्वर कुशवाहा मकान भाड़े पर लिए हैं।

शनिवार को गांव की महिलाएं एकजुट होकर मकान पर पहुंची। वह मकान में देह व्यापार का आरोप लगाते हुए तोड़फोड़ करने लगी। मौके पर मौजूद एक युवक व युवती को भी मारापीटा। महिलाओं का उग्र रूप देख मकान के अन्य लोग मौके से फरार हो गए।

रामेश्वर ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव के बद्री गोंड़ व रमेश सिंह काफी दिनों से मकान खाली कराने को बोल रहे थे। इसको लेकर मुझ पर तरह-तरह के आरोप लगाते रहे। इन्हीं लोगों के उकसाने पर महिलाएं मकान में तोड़फोड़ व मारपीट की। पुलिस बद्री व रमेश सहित कुछ अज्ञात महिलाओं पर जान से मारने की धमकी व नुकसान पहुंचाने की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। जबकि ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस देह व्यापार को बढ़ावा दे रही है। प्रभारी निरीक्षक डा. आशुतोष तिवारी ने बताया कि मकान कराए पर लिए रामेश्वर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

# दो दिवसीय डोल मेला आज से

**जासं, सेवरही** : अंग्रेजों के जमाने से मशहूर उपनगर सेवरही का दो दिवसीय महाबीरी अखाड़ा डोल मेला सोमवार एवं मंगलवार को होगा। इसको लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। डोल मेला में आठ अखाड़ा समितियां शामिल होंगी। डोल मेला के दौरान हनुमान प्रतिमा एवं ध्वज पताका के साथ अखाड़ों से जुड़े सदस्यों द्वारा हैरतअंगेज खेलों के प्रदर्शन करते हुए सांस्कृतिक झांकियां निकाली जाएंगी। डोल मेला सोमवार की रात एवं मंगलवार को दिन में किया जाएगा। प्रशासन ने आयोजन समिति से जुड़े सदस्यों तथा व्यापारियों से प्रशासन का सहयोग करने एवं शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में डोल मेला को कराए जाने की अपील की है।

# मृत्यु की झूठी सूचना प्रसारित करने में तीन पर मुकदमा

- रंजिश में सुखसवलिया गांव के प्रधान के बेटे की मृत्यु की प्रसारित कर दी सूचना
- शोक प्रकट करने पहुंचे आसपास के गांवों के लोग सच्चाई जान रह गए हैरान

जागरण संवाददाता, पडरौना: इंटरनेट मीडिया पर युवक की मृत्यु व अंतिम संस्कार की झूठी सूचना प्रसारित करना महंगा पड़ गया। कोतवाली पुलिस ने रविवार को क्षेत्र के सुखसवलिया निवासी मनीष पाठक, राकेश कुमार पाठक व अजय पाठक के विरुद्ध सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

सुखसवलिया गांव के प्रधान राजेश्वर पाठक ने तहरीर देकर बताया है कि गांव के ही मनीष पाठक व राकेश कुमार पाठक सगे भाई हैं। राकेश ने एक वाट्सएप ग्रुप बनाया है, जिसमें गांव के कई लोग जुड़े हैं। दोनों इस ग्रुप के अलावा इंटरनेट मीडिया के दूसरे माध्यमों के जरिये भी मेरे और मेरे परिवार के प्रति गलत पोस्ट प्रसारित करते रहते हैं। इनका बड़ा भाई अजय पाठक भी इंटरनेट मीडिया पर मेरे प्रति गलत व अमर्यादित टिप्पणी करता रहता है। बीते 29 अगस्त को मनीष ने ग्रुप में मेरे इकलौते पुत्र के निधन होने तथा शाम को सात बजे प्रशासन की मौजूदगी में अंतिम संस्कार होने की सूचना प्रसारित कर दी।

ग्रुप के अलावा फेसबुक के माध्यम से यह जानकारी प्रसारित हो गई। लोग संवेदना प्रकट करने दरवाजे पर आने लगे।

जबकि मेरा पुत्र घर पर स्वस्थ व पुरी तरह सुरक्षित है। कोतवाल राजप्रकाश सिंह ने बताया कि गलत सूचना प्रसारित करने के आरोप में अजय पाठक सहित तीनों भाईयों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना की जा रही है। आगे नियमानुसार कार्रवाई होगी।

# अतिसंवेदनशील मिश्रौली डोल मेला को लेकर प्रशासन सतर्क

**जागरण संवाददाता, बड़हरागंज**: श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जनपद के मिश्रौली बाजार में डोल मेला का आयोजन किया जाता है। यह मेला अतिसंवेदनशील श्रेणी में है। आयोजन को लेकर प्रशासन सर्तकता बरत रहा है। इसे लेकर मिश्रौली पुलिस चौकी परिसर में एसडीएम सदर महात्मा सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें अधिकारियों ने आयोजकों से पारंपरिक मेला के बारे में जानकारी ली। कहा कि सौहार्द बिगाड़ने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी।

एसडीएम सदर ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण शांति को शांति का प्रतीक माना जाता है। उनका जन्मदिन हम सभी को शांति व सद्भावना के साथ मनाना चाहिए। सीओ सदर उमेशचंद्र भट्ट ने कहा कि डोल मेला में नई परंपरा शुरू करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रशासन की ओर से पूर्व में दिए निर्देश के अनुसार ही डोल मेला का आयोजन होगा। कोतवाली प्रभारी राज प्रकाश सिंह ने कहा कि जुलूस में शराब का सेवन करने वाले शामिल नहीं होंगे। अगर कोई पकड़ा गया तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। सिरसिया दीक्षित, दलबहादुर छपरा, आधार छपरा, विश्राम पट्टी, मिश्रौली, पटेरा मंगलपुर, पकड़ियार, बरकंटी, विशुनपुरा, अब्दुल चक, रायगंज, नौगांवा, सनेरा मल्ल छपरा समेत 18 गांवों के डोल आयोजक बैठक में शामिल रहे। उनसे अधिकारियों ने समस्या पूछी और सुझाव दिया। महेंद्र दीक्षित, पिंटू मिश्र, शंभूशरण मिश्र ने आधार छपरा और विश्राम पट्टी मार्ग पर जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग की। दूधनाथ वर्मा ने गांव में लटक रहे बिजली के तार को ठीक कराने की मांग की। एसडीएम ने विभाग के अधिकारियों से समाधान कराने को कहा। एसडीओ बृजलाल, अवर अभियंता शुभम गोंड, मेला सेक्टर मजिस्ट्रेट सुरेंद्र बहादुर सिंह, चौकी प्रभारी संदीप वर्मा आदि मौजूद रहे।

# जाम से मुक्ति नहीं दिला पा रहा पुलिस–प्रशासन

## घंटों जाम में फंस रहे लोग, पैदल निकलना भी हो जाता है मुश्किल, जनप्रतिनिधि भी नहीं ले रहे संज्ञान

**जागरण संवाददाता, पडरौना :** जाम से नगरवासियों व यात्रियों को राहत मिलने के आसार नहीं दिख रहा है। इसकी वजह से आए दिन प्रमुख स्थानों पर लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। नगर में जाम इस कदर हो रहा है कि पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। जाम की समस्या छावनी, बड़ी गंडक नहर, सुभाष चौक, रामकोला रोड के अलावा कोतवाली मार्ग, धर्मशाला रोड, तिलक चौक, डिग्री कालेज, जटहां बाजार मार्ग पर बनी रही। सड़क पर अतिक्रमण व अधिकारियों की लापरवाही लोगों पर भारी पड़ रही है। एडीएम वैभव मिश्रा ने कहा कि अतिक्रमण की वजह से जाम की समस्या बढ़ रही है। शीघ्र ही अभियान चलाकर सड़क की पटरी खाली कराया जाएगा। इसके लिए एसडीएम को निर्देश दिए गए हैं।



पडरौना नगर स्थित सुभाष चौक के समीप लगा जाम • जागरण



सेवरही कस्बा मे लगा जाम • जागरण

**कार्रवाई की बजाय आश्वासन देता प्रशासन:** सेवरही : शासन का आदेश है कि तहसील प्रशासन हर तीसरे माह अभियान चलाकर मुख्य मार्गों की पटरियों पर ठेले व खोमचे लगाने तथा अस्थायी रूप से कटरैन डालकर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर संज्ञेय अपराध का मुकदमा दर्ज कराए। प्रशासन बार-बार प्रशासन अतिक्रमण हटवाने का आश्वासन तो देता है, लेकिन इसके सापेक्ष कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं करता। नासूर बन चुकी इस समस्या का संज्ञान जनप्रतिनिधि भी नहीं ले रहे और समस्या बढ़ती जा रही है।

इसके कारण सेवरही उपनगर में प्रतिदिन जाम की समस्या बनी रहती है। तमकुहीराज-सेवरही मुख्य मार्ग पर बनरहां रेगुलेटर से पुराना सरकारी अस्पताल मोड़, रेलवे स्टेशन चौक, मालगोदाम चौक, चनरी चौराहा, सीसी रोड, मेंहदिया रोड, तिवारी पट्टी रोड पर सुबह से ही जाम लग जाता है। सेवरही बाजार में व्यावसायिक कार्य से प्रतिदिन तहसील क्षेत्र के अलावा अलावा बिहार प्रदेश के समीपवर्ती जिलों के ठकरहां, मोतीपुर, भागीपट्टी, गौरा, भोरे गांवों के लोग यहां आते हैं। अधिशासी अधिकारी रवि पटेल ने कहा कि जाम से निजात के लिए तहसील प्रशासन से अतिक्रमण हटवाने के लिए कहा जाएगा। एसडीएम तमकुहीराज विकास चंद ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाया जाएगा।

# पिता की लिखी इबारत पुलिस के लिए बनी ढाल

## उठ रहे सवाल, छात्रा जब मानसिक रूप से बीमार थी तो कैसे हुआ नामांकन, प्रधानाचार्य ने साधी चुप्पी

**जागरण संवाददाता, कसया :** हेतिमपुर में संचालित आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय से गायब हुई छात्रा के मामले में एक कागज पर लिखी गई इबारत पुलिस और विद्यालय प्रशासन के लिए ढाल बन गई है। दोनों अपने-अपने तरीके से इसे इस्तेमाल कर रहे हैं। विद्यालय प्रधानाचार्य को संबोधित यह पत्र छात्रा के पिता द्वारा लिखा गया बताया जा रहा है। जिसमें कहा गया है कि गायब छात्रा मानसिक रूप से बीमार थी। वह कई बार घूमने घर से बाहर निकल जाया करती थी। इसकी जानकारी मेरे द्वारा विद्यालय को नहीं दी गई थी। पूर्व में एक बार गायब हुई तो मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस ने उसे बरामद और सुपुर्द किया था। सत्य की कसौटी पर यह पत्र कितना सही है, यह जांच का विषय है। अगर छात्रा मानसिक बीमार थी तो उसका नामांकन क्यों हुआ। चल रही दवा की पर्ची भी नहीं लगी है। ऐसे कई सवाल हैं, जिनका जवाब ढूंढा जाना चाहिए। लेकिन विद्यालय प्रशासन और पुलिस दोनों इस इबारत को ढाल के रूप में प्रयोग कर रहे हैं।




हेतिमपुर स्थित आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय मे जाती छात्राएं • जागरण



आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय मे अपनी पुत्री से मिलने आई महिलाएं • जागरण

**48 घंटे बाद भी नहीं मिली गायब छात्रा:** कक्षा 9 में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा एक सितंबर की शाम को विद्यालय परिसर से गायब हुई थी। घटना घटित हुए 48 से अधिक समय बीत गया, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। पुलिस और विद्यालय प्रशासन दोनों उसे ढूंढने में असफल साबित हुए हैं। गोरखपुर सहजनवा निवासी छात्रा का नामांकन बीते 23 अगस्त हुआ था। नामांकन के 11 वें दिन शाम को वह तब लापता हो गई, जब विद्यालय में पढ़ने वाली अन्य छात्राएं परिसर में खेलकूद रही थीं। इसकी जानकारी विद्यालय प्रशासन को भोजन के समय गिनती में हुआ। समाज कल्याण विभाग से संचालित यह विद्यालय आश्रम पद्धति है। कक्षा छह से 12 तक के इस विद्यालय में 400 छात्राएं पढ़ती हैं।

**छात्रा की तलाश में लगी हैं पुलिस की दो टीमें:** छात्रा के लापता होने की घटना शुक्रवार की शाम को घटित हुई। पूरे 12 घंटे बाद शनिवार को सुबह 10 बजे थाने में तहरीर सौंपी गई। मुकदमा दर्ज कर मुकामी पुलिस छानबीन में जुटी तो पुलिस प्रशासन ने छात्रा को ढूंढने के लिए जिले की भी एक टीम गठित कर लगा दिया। दोनों टीमें अलग अलग जांच पड़ताल कर रही हैं।

**सहमा है विद्यालय प्रबंधन, सामान्य दिखी गतिविधियां:** विद्यालय से छात्रा के गायब होने की घटना को लेकर विद्यालय प्रबंधन काफी डरा सहमा है, लेकिन विद्यालय परिसर की गतिविधियां सामान्य दिख रही हैं। प्रधानाचार्य सुमन शर्मा विद्यालय पर हो मौजूद हैं, लेकिन मीडिया अथवा किसी बाहरी व्यक्ति से न तो मिल रही हैं। न तो बात कर रही हैं। उनके एक सहयोगी कर्मचारी ने बताया कि घटना को लेकर प्रधानाचार्य काफी चिंतित और घबराई हुई हैं। उन्हें इस मामले में कार्रवाई का भय सता रहा है। विद्यालय के माहौल की बात करें तो घटना के तीसरे दिन गतिविधियां सामान्य दिखीं। छुट्टी के दिन अभिभावक आकर अपने बच्चों से मिलते हैं। कुछ अभिभावक आए थे और अपने बच्चों से मिल रहे थे। वहीं

> आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय से गायब हुई छात्रा का पता लगाने के लिए पुलिस की दो टीमें लगाई गई हैं। अलग-अलग एंगिल से छानबीन की जा रही है। अभी तक छात्रा का पता नहीं चला है।
>
> कुंदन सिंह, सीओ, कसया

दूसरी ओर आवश्यकता पड़ने पर अभिभावक अपने बच्चों को घर भी ले जा सकते हैं। एक महिला अपनी पुत्री को ले जाने आई थी और ले भी गई। शाम को खेलने कूदने के समय छात्राएं बाहर निकलीं और कुछ समय बिताकर अनुशासित ढंग से अपने कक्ष में जाती दिखीं।

# पुलिस ने 45.66 लाख की शराब नष्ट की

कुशीनगर। जिले के तमकुहीराज, अहिरौली बाजार और तरयासुजान थाने की पुलिस ने रविवार को कुल 45.66 लाख रुपये की शराब नष्ट की। न्यायालय की तरफ से इसे नष्ट करने का आदेश दिया गया था। इस दौरान संबंधित पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे। तमकुहीराज थाने की पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत वर्ष 2022 में 23 मुकदमों में बरामद 1130 लीटर अंग्रेजी, देसी व कच्ची शराब को न्यायालय के आदेश पर नष्ट किया। उसकी अनुमानित कीमत दस लाख रुपये थी। इस दौरान तमकुहीराज के सीओ जितेंद्र सिंह कालरा, थानाध्यक्ष नीरज कुमार राय व अन्य लोग मौजूद थे। अहिरौली बाजार थाने में आबकारी एक्ट के तहत वर्ष 2022 से 2023 तक कुल 24 मुकदमों में बरामद 2260 लीटर देसी व 90 लीटर कच्ची शराब सहित कुल 2350 लीटर शराब नष्ट की गई। इसकी अनुमानित कीमत 66 हजार रुपये थी। संवाद

# महिला थाने की पुलिस ने दंपती को मिलाया

**पडरौना।** मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला थाना में रविवार को समझौता कराकर एक दंपती को मिलाया गया। उनके बीच पुलिस ने समझौता करा दिया। सेवरही थाना क्षेत्र के पिपरा अगरवा गांव की निवासी सीता देवी पुत्री विरशन यादव ने महिला थाने में प्रार्थनापत्र देकर बताया था कि का उनके पति ओमप्रकाश यादव पुत्र रामलोचन यादव निवासी ग्राम देवरिया थाना धनहा जिला पश्चिमी चंपारण बिहार से विवाद चल रहा था। दोनों पक्षों में छोटी-मोटी कहासुनी हो गई थी। पति-पत्नी एक साथ रहने के लिए तैयार हैं। काउंसलिंग में महिला थाना प्रभारी रेखा देवी की पहल पर उनके बीच समझौता हुआ और दोनों साथ रहने के लिए चले गए। संवाद

# चार दिन से थाने के गेट पर खड़ी बोलेरो को पुलिस ने लिया कब्जे में

**रामकोला।** थाने के दूसरे गेट पर चार दिनों से खड़ी एक बोलेरो को पुलिस ने रविवार को कब्जे में ले लिया। उसकी जांच-पड़ताल शुरू कर दी।

कप्तानगंज-पडरौना मुख्य मार्ग पर स्थित थाने के दूसरे गेट पर यह बोलेरो खड़ी थी। अगल-बगल के दुकानदार कुछ समझ नहीं पा रहे थे कि गाड़ी किसकी है। रविवार को पुलिस की उस पर नजर पड़ी। इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि बोलेरो को थाना परिसर में खड़ा करा दिया गया है। उसकी जांच की जा रही है। संवाद



रामकोला थाने के बाहर दूसरे गेट के सामने चार दिनों से खड़ी बोलेरो। संवाद

# पुलिस से की कार्रवाई की मांग

## सात माह की बेटी को लेकर चला गया था पति, पुलिस ने ढूंढकर सौंपा

संवाद न्यूज एजेंसी

खड्डा। एक महिला की सात माह की बेटी को उनके पति कहीं लेकर चले गए। इससे परेशान महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। महिला की शिकायत पर पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए दो घंटे के भीतर ही बेटी को खोज कर महिला को सौंप दिया।

खड्डा क्षेत्र के साहपुर नौका टोला निवासी निरमा की शादी थाना मोहनलाल गंज (लखनऊ) निवासी रामबेलास के साथ हुई है। दोनों से सात माह की बच्ची है। पति-पत्नी में चल रहे मनमुटाव से निरमा मायके में रह रही है।

निरमा ने खड्डा पुलिस को सूचना दी कि उनका पति शराब के नशे में रहता है। वह बच्ची को लेकर कहीं चला गया है। बच्ची के साथ अनहोनी हो सकती है।

सूचना पर पुलिस ने तलाश शुरू की और बच्ची को उसके पिता के पास से बरामद कर लिया। बाद में महिला को बुलाकर बच्ची को सौंपते हुए पति को सही ढंग से पत्नी व बच्ची से व्यवहार करने की हिदायत देकर छोड़ दिया।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह ने बताया कि बच्ची को उसकी मां की सुपुर्दगी में दिया गया है। उसके पति को समझा-बुझाकर भेज दिया गया है।

# किशोरी के अपहरण के आरोप में युवक पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

## किशोरी के भाई ने तुर्कपट्टी पुलिस को दी तहरीर

### 27 अगस्त की शाम को अपहरण करने का आरोप

**उजारनाथ।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र की 16 वर्षीय एक किशोरी के अपहरण के आरोप में पुलिस ने एक युवक पर केस दर्ज किया है। यह मुकदमा किशोरी के भाई ने दर्ज कराया है। पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी है।

किशोरी के भाई ने तहरीर में बताया है कि उसकी 16 वर्षीय बहन से तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के नोनियापट्टी का निवासी राजकुमार फोन पर बातचीत करता था। 27 अगस्त को शाम चार बजे उसकी बहन का अपहरण कर ले गया। काफी खोजबीन के बाद उसकी बहन न मिलने पर उसने थाने में तहरीर दी है। इसके पूर्व भी राजकुमार उसकी बहन का अपहरण कर चुका है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

तुर्कपट्टी थाने के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

# देह व्यापार के विरोध में तोड़फोड़ करने वाली महिलाओं पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**कसया।** थाना क्षेत्र के बुद्ध मार्ग तिराहे से सटे एक होटल में देह व्यापार का आरोप लगाकर तोड़फोड़ करने और हंगामा करने वाली महिलाओं के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई अनिरुद्धवा निवासी रामेश्वर उर्फ भोला कुशवाहा की तहरीर पर की है। पुलिस ने दो पुरुषों और कुछ अज्ञात महिलाओं पर तोड़फोड़, जान से मारने की धमकी में केस दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार को देवरिया मार्ग पर बुद्ध मार्ग तिराहे के सटे उत्तर तरफ एक होटल पर आक्रोशित महिलाओं ने देह व्यापार का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया था। बाहर लगे शेड तोड़कर गिरा दिए थे।

महिलाओं ने मकान में संचालित होटल में महिलाओं और लड़कियों से देह व्यापार कराने का आरोप लगाया था। उनका कहना था कि इसके चलते यहां रहने वाले परिवारों की बदनामी हो रही है। आने वाले समय में लोग यहां रहने वाले लोगों के घर रिश्ते बनाने से भी कतराएंगे।

**शनिवार को एक होटल में देह व्यापार का आरोप लगाकर महिलाओं ने की थी तोड़फोड़**

उनका कहना था कि इसी रास्ते से पुरुष, महिलाएं, बच्चे आते-जाते हैं। सैकड़ों छात्राएं कुशीनगर पढ़ने आती हैं। इस तरह का कृत्य बर्दाश्त नहीं होगा। महिलाओं के उग्र तेवर देखकर मौके से ग्राहक और होटल मालिक भाग गए थे। हालांकि, इस घटना की खबर पुलिस को नहीं लग पाई थी।

बताया जा रहा है कि इस मामले में रविवार को सुबह दोनों पक्षों में सुलह के लिए कुछ लोगों ने प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। देर शाम रामेश्वर की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। इसी व्यक्ति की तरफ से वह मकान किराए पर लिया गया है, जिसमें महिलाएं तोड़फोड़ की थीं। थानाध्यक्ष डॉ. आशुतोष कुमार तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-04-09-2023

आपसी विवाद के बाद हत्या कर रोहन को पोखरे में फेंका था

# पड़ोसी किशोर ने की थी 12 वर्षीय रोहन की हत्या

**पर्दाफाश**

- विवाद के बाद रोहन ने खींचा था पैर तो आरोपी ने पोखरे में धकेला था
- गांव की महिलाओं ने दोनों को एक साथ पोखरे के पास देखा था

महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता। घुघली के खानपुर गांव के 12 वर्षीय बालक रोहन की हत्या के मामले की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। इस बालक की हत्या उसके पड़ोस के ही रहने वाले एक 16 साल के किशोर ने आपसी विवाद के बाद की थी। जिस पोखरी में बालक की लाश मिली, उसी के किनारे दोनों के बीच 31 अगस्त की रात विवाद हुआ। विवाद के बाद पोखरी की ओर बैठे रोहन ने आरोपी का पैर खींचा तो उसने पैस से उसके सीने पर मारा। उसको पोखरे में धकेल दिया। पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा करने के बाद बाल अपचारी को हिरासत में ले लिया है। कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

घुघली थाना क्षेत्र के ग्राम खानपुर में गुरुवार की देर शाम डीजे का कार्यक्रम हुआ था। इसे देखने घर से निकले 12 वर्षीय रोहन भी निकला, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा। शुक्रवार को गांव के दक्षिण-पश्चिम सीवान में स्थित पोखरी में उसका शव मिला। शनिवार को पोस्टमार्टम में हेड इंजरी की रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने मृत बालक रोहन के पिता सत्तन भारती की तहरीर पर हत्या का केस दर्ज कर लिया था। इसी दौरान छानबीन में सुराग लगा कि उसे आरोपी बाल अपचारी पोखरे की ओर ले गया था। पुलिस के अनुसार पूछताछ में उसने घटना कबूल कर लिया।

पुलिसिया जांच में कुछ महिलाओं का बयान काफी मददगार रहा। गुरुवार की देर शाम इन महिलाओं ने आरोपी किशोर व रोहन को एक साथ पोखरे की ओर जाते देखा था। पुलिस ने इस जानकारी के आधार पर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो सारी सच्चाई सामने आ गई। पुलिस के अनुसार गुरुवार की रात साढ़े नौ बजे के करीब घटना हुई। दोनों एक साथ वहां गए और कुछ देर बैठकर बात की। इसी बीच किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया था पुलिस का कहना है कि आरोपी झाड़फूंक भी करता है। घटना के बाद इसकी संवेदनशीलता को देखते हुए एसपी डॉ. कौस्तुभ, एएसपी आतिश कुमार सिंह मौके पर पहुंच गए थे। घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद पुलिस टीम को खुलासे के लिए लगाया था। खुलासा करने वाली टीम में एसओ नीरज कुमार राय, एसएसआई भगवान बक्श सिंह, कांस्टेबिल विनय यादव, धनंजय सिंह यादव व सदरे आलम शामिल रहे।

## डीजे देखने रोहन पहुंचा ही नहीं था

छानबीन के क्रम में पुलिस ने डीजे देखने वाले और डीजे पर डांस करने वाले बच्चों से एक-एक कर पूछताछ की। पुलिस को बताया गया कि रोहन डीजे वाली जगह पर पहुंचा ही नहीं था। अलबत्ता उसका बड़ा भाई आया था। इसके बाद पुलिस की शक की सूई दूसरी ओर घूमने लगी।

> खानपुर में 12 वर्षीय रोहन की हत्या का खुलासा कर दिया गया है। उसके ही पड़ोस के एक 16 साल के नाबालिग ने घटना को अंजाम दिया था। आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई कर किशोर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। उसने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल किया है।
>
> -नीरज राय, एसओ-घुघली

# युवती की पिटाई के मामले में केस दर्ज, जांच शुरू

कोठीभार। कोठीभार क्षेत्र के एक ग्राम सभा में बीते 27 अगस्त को एक युवती को पीटे जाने और कपड़ा फाड़ने का आरोप लगा था। आरोप उसके ही गांव के चार लोगों पर लगा। इस मामले में रविवार को पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रभारी निरीक्षक कोठीभार सुनील कुमार राय ने बताया कि युवती ने पुलिस को दिए गए तहरीर में कहा है कि उसका भाई मुंबई नौकरी करने गया हुआ है। साथ ही गांव का एक युवक उसके साथ नौकरी के सिलसिले में चला गया। तीन दिन साथ रहने के बाद वह युवक उसके भाई का कुछ पैसा लेकर वहां से भाग गया। पैसा मांगने पर घर पर उसके परिजनों को धमकी दी गई। शाम को जब वह बकरी चराने गई तो उसके साथ मारपीट की गई और उसके कपड़े फाड़ दिए गए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इस तहरीर के आधार पर जयहिंद, भुक्खल व दो महिलाओं पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# आरोपी बोला- मारने नहीं समझाने ले गया था पोखरे की तरफ

**कहा- मारपीट के दौरान पैर फिसलने से पोखरे में गिरा था रोहन, दोनों को पोखरे की तरफ जाते हुए महिला ने देखा था, उसी से पुलिस को मिली सूचना**

संवाद न्यूज एजेंसी



घटना स्थल की जांच करते एसपी डॉक्टर कौस्तुभ। फाइल फोटो



रोहन की मौत के बाद जांच करते घुघली एसओ नीरज राय। फाइल फोटो

महराजगंज। घुघली थाना क्षेत्र के खानपुर गांव में बृहस्पतिवार रात रोहन व उसका साथी पोखरे पर जा रहे थे। रात में गांव की एक महिला ने दोनों को जाते हुए देखा था। उसी ने पुलिस को बताया तो पूछताछ के बाद पूरी कहानी सामने आ गई।

पकड़े गए बाल अपचारी ने बताया कि रोहन को जान से मारने का इरादा नहीं था। उसने कंकड़ फेंका था तो सोचा की उसे समझा दूं। बातचीत के दौरान वह मुझसे झगड़ने लगा। इसके बाद गुस्से में उसे मारा तो उसने भी मुझे मारा। करीब 20 मिनट तक हम दोनों ने मारपीट की। इसके बाद मैंने पैर से रोहन को मारा तो वह फिसल कर पोखरे में गिर गया। मैंने यह देखा तो उसे बचाने की कोशिश की। वह तैरना नहीं जानता था। इस वह मैं पोखरे में कूदकर उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन वह गहराई में चला गया। पानी में शरीर भारी होने के कारण खींच नहीं पाया। इसके बाद पोखरे से निकलकर घर पहुंचा। धीरे से कमरे में गया। रात होने के कारण किसी ने ध्यान नहीं दिया। कपड़ा बदलकर धीरे से सो गया। सुबह रोहन का शव मिलने का हल्ला हुआ तो मन में डर लगने लगा। किसी तरह से खामोश होकर सब देख रहा था, लेकिन पुलिस ने पकड़ लिया।

पकड़े गए बाल अपचारी ने पिता ने बताया कि कभी-कभी वह गुस्सा हो जाता है, लेकिन उसकी नियत जान से मारने की नहीं रही होगी। गलती से ऐसा हुआ होगा। उधर, मृत रोहन के पिता सत्तन भारती ने बताया कि बेटा रोहन शांत स्वभाव का था। वह कभी किसी से नहीं झगड़ता था। यह सब कुछ कैसे हो गया, कुछ समझ में नहीं आ रहा है। आरोपी किशोर भी कभी-कभी घर भी आता था। मृतक की मां शकुंतला देवी ने बताया कि रात में खाना जल्दी मांग रहा था। घुघली थानाध्यक्ष नीरज राय ने बताया गांव की महिला से जानकारी मिलने पर किशोर को पकड़कर पूछताछ की गई तो मामला खुल गया।



किशोर अपराध बहुत बड़ी समस्या है, जिससे अधिकतर अपना जीवन बर्बाद कर लेते हैं। बाल अपराध और उससे जुड़ी समस्याओं के कारण उनके परिवारों और पूरे समाज को कई परिणाम भुगतने पड़ते हैं। किशोर अपराधियों के परिवार, उनके भविष्य और समग्र रूप से समाज को भी प्रभावित करता है। वे भावनात्मक रूप से अस्थिर हो जाते हैं और बार-बार उनके मूड में बदलाव देखा जाता है। इस अवधि के दौरान वे किसी न किसी जरूरत को पूरा करने के लिए कुछ ऐसे काम करते हैं जो अक्सर उन्हें अपराधी बना देते हैं। - **गुलाब चंद्र**, मनोविज्ञानी


**गोरखपुर विकास प्राधिकरण, गोरखपुर** **सार्वजनिक नोटिस**

जनसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदक/आवेदकों ने नीचे सारणी के स्तम्भ–3 में उल्लिखित सम्पत्ति जो प्राधिकरण की आवासीय/वाणिज्यिक/किराये की/नजूल इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट योजना के अन्तर्गत स्थित है, का अंतरण/नामांतरण अपने नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है:–

| क्रम सं. | मूल आवंटी/पट्टाधारक/स्वामी का नाम | भूखण्ड/भवन/फ्लैट | योजना का नाम | आवेदक/आवेदिका का नाम (पिता का | आवेदक का पता एवं | नामान्तरण का आधार | पट्टाधृत पूर्व स्वामित्वयुक्त |
|---|---|---|---|---|---|---|---|

# 50 पीस लेडीज सूट के साथ एक गिरफ्तार

नौतनवा। नौतनवा पुलिस ने रविवार को कस्बे के सब्जी मंडी निकट से 50 पीस लेडिस सूट के साथ एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। एसओ मनोज कुमार राय ने बताया कि तस्करी के कपड़े के साथ पकड़ा गया आरोपी सोनू निवासी बटईडीहा थाना कोल्हुई का रहने वाला है। उसके पास से 50 पीस लेडिस सूट बरामद किया गया है। उन्होंने बताया की आरोपी भारतीय सीमा से सामान खरीद कर नेपाल की सीमा में तस्करी के जरिए ले जाने की फिराक में था।

# तस्करी के चावल के साथ एक को किया गिरफ्तार

नौतनवा। पुलिस ने तस्करी के 15 बोरी चावल के साथ एक को गिरफ्तार किया है। एसओ मनोज कुमार राय ने बताया कि पुलिस टीम सीमावर्ती क्षेत्र के गस्त पर थी। इस दौरान डंडा नदी के रास्ते एक व्यक्ति 15 बोरी चावल एक टेंपो पर लाद कर नेपाल की तरफ जा रहा था। टेंपो पर लदे चावल की बोरी की जब गिनती की गई तो उसमें 15 बोरी चावल बरामद हुई। नौतनवा के मिश्रवलिया निवासी संदीप को हिरासत में लेकरनौतनवा कस्टम को सौंप दिया गया है।

# संवाद दिवसः क्षेत्र की घटनाओं पर अंकुश लगाने पर हुई चर्चा

**नौतनवा, हिन्दुस्तान संवाद।** नौतनवा थाना परिसर में रविवार को थानाध्यक्ष मनोज कुमार राय ने पुलिसकर्मियों के साथ संवाद दिवस आयोजित किया। इस दौरान पुलिसकर्मियों से कार्यों में आ रहे अड़चन एवं समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई। आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर चर्चा हुई।

थाना क्षेत्र में आने वाले समस्त चौकी पर तैनात चौकी प्रभारी एवं बीट पर तैनात सिपहियो से उनके क्षेत्र में होने वाले आपराधिक घटनाओं व चोरी छिनैती या महिलाओं के साथ छेड़छाड़ होने वाले प्वाइंटों को गंभीरता से लेने और उस पर संतोष जनक कार्रवाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। थानाध्यक्ष मनोज कुमार राय ने बताया कि पुलिस संवाद कायम होने से क्षेत्र में किसी भी तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाने की एक अहम कड़ी है। संवाद दिवस में इंस्पेक्टर राजीव रतन त्रिपाठी, एसआई संजय कुमार, धीरज कुमार, अरुण कुमार सिंह व सिपाही अभय कुमार, धर्मेंद्र सिंह, सुनील सिंह यादव, देवेंद्र प्रताप, अमित यादव, संदीप कुमार, राजेश चौहान, रेनू यादव, रंजना चौहान, मुनिता यादव, संजय कुमार यादव सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं पर्व

**कोठीभार।** सिसवा कस्बा स्थित नगर पुलिस चौकी में रविवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं चेहल्लुम त्योहार को आपसी सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं जाने को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। इसमें असामाजिक तत्वों द्वारा अराजकता फैलाने पर कठोरता से निपटने की चेतावनी दी गई।

प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार राय की अध्यक्षता में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में नगर के सभ्रांत लोगों के साथ त्यौहार को शांतिपूर्ण बनाए रखने की रणनीति बनाई गई। उन्होंने कहा कि त्योहार में कोई नई पंरपरा नहीं अपनायी जाएगी। पुलिस अराजकता फैलाने वालों पर पैनी नजर रखेगी, जिससे कि कोई अप्रिय घटना न हो सके।

# मारपीट के आरोप में तीन बिजली कर्मियों पर केस

निचलौल, हिन्दुस्तान संवाद। निचलौल तहसील चौराहे पर शनिवार की रात में रोडवेज बस के रोकने को लेकर बस चालक और बिजली संविदा कर्मियों के बीच मारपीट हो गई। इस मामले में बस चालक की तहरीर पर पुलिस ने रविवार को तीन बिजली कर्मियों पर मारपीट और लोक संपत्ति निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस को दी गई तहरीर में रोडवेज बस के चालक अजीत सिंह निवासी ग्राम कैमा थाना कोठीभार ने बताया है कि वह परिचालक सेतबंधु के साथ बस में सवारी लेकर महराजगंज से निचलौल आ रहा था। इस बीच बाली नहर पुलिया के पास तीन लोग एक बाइक से सवार होकर बस को ओवरटेक करने लगे। बस न रोकने पर ये लोग निचलौल तहसील चौराहे पर आकर बस को घेर लिए और मारपीट करने लगे तथा बस में क्षति भी पहुंचाई। इस मामले में पुलिस ने पप्पू और शिवकुमार निवासी ग्राम टिकुलहिया और धर्मेन्द्र निवासी हिंदी मोहल्ला कस्बा निचलौल के खिलाफ मारपीट और लोक संपत्ति निवारण अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। वहीं बिजली कर्मचारियों का आरोप है कि रात में ब्रेकडाउन के चलते बिजली आपूर्ति बाधित थी। ये लोग सड़क के किनारे बिजली फाल्ट सही कर रहे थे। इस बीच बस चालक द्वारा इन लोगों को कुचलने का प्रयास किया गया। एसओ सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि रोडवेज बस चालक से मारपीट के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# पांच दिन से विवाहिता गायब, गुमशुदगी दर्ज

निचलौल। निचलौल क्षेत्र के एक गांव की एक विवाहिता की उसके सास और ससुर से पांच दिन पहले विवाद हुआ था। विवाद के बाद से वह घर छोड़कर चली गई। उसका अभी तक पता नहीं चल पाया है। इस मामले में उसके ससुर की तहरीर पर पुलिस ने रविवार को गुमशुदगी दर्ज किया है।

विवाहिता का पति मुंबई रहकर नौकरी करता है। घर पर वह अपने दो बच्चियों और सास, ससुर के साथ रहती थी। किसी बात पर उसका सास और ससुर से विवाद हुआ। उसके बाद से वह गायब है। इस बीच इसकी जानकारी मिलने पर उसका पति भी मुंबई से अपने घर चला आया है। परिजनों के अनुसार रिश्तेदारियों में भी खोजबीन करने पर महिला का पता नहीं चल पाया है।

# विवाद में किशोर ने ले ली थी रोहन की जान

- गुरुवार रात रोहन की हत्या मामले का पुलिस ने किया पर्दाफाश
- गांव के ही नाबालिग आरोपित ने ईंट से प्रहार कर की थी हत्या

जासं, महराजगंज: घर से डीजे देखने गुरुवार की रात निकले खानपुर निवासी 12 वर्षीय बालक रोहन भारती की हत्या मामले में घुघली पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस के अनुसार गांव के ही नाबालिग आरोपित और रोहन के बीच हुई मारपीट के बाद मामला बिगड़ गया था, जिसके बाद वह लड़ते हुए तालाब किनारे पहुंच गए।

आरोप है कि वहां पर आरोपित ने ईंट से प्रहार कर पहले रोहन को घायल कर दिया और बाद में उसे तालाब में ढकेल दिया।

कुछ देर बाद उसने उसे निकालने की भी कोशिश की, लेकिन सांस न चलता देख शव छोड़कर वहां से फरार हो गया। रविवार को पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लेकर उसे बाल सुधार गृह भेज दिया है। घुघली थानाध्यक्ष नीरज राय ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर में खानपुर गांव के तालाब में ग्रामवासी 12 वर्षीय बालक रोहन भारती का शव बरामद किया गया था।

मृतक के बाईं आंख के ऊपर चोट के निशान थे, साथ ही उसके नाक से भी खून रिसा हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर में चोट लगने से मृत्यु का होना पाया गया। जिसके बाद मृतक के पिता सत्तन की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। पिता के अनुसार घटना की रात गुरुवार को वह पड़ोस में ही चल रहे एक कार्यक्रम में डीजे देखने गया हुआ था, लेकिन रात में नहीं लौटा और अगले दिन दोपहर को उसका शव मिला था। संदेह के आधार पर पुलिस ने आरोपित से पूछताछ शुरू की तो कुछ ही देर बाद वह टूट गया। आरोपित ने बताया कि घटना की रात में उसका रोहन से विवाद हो गया था। जिसके बाद जब उसने पैर से मारा तो मैंने भी उसे मारना पीटना शुरू कर दिया।

घटनास्थल तालाब के करीब ही बात बिगड़ने के बाद मेरे हाथ में ईंट मिली तो मैंने उस ईंट को उसके सिर पर दे मारा, जिससे वह घायल हो गया और वहीं तालाब में गिर गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपित के नाबालिग होने के कारण उसे बाल सुधार गृह गोरखपुर भेज दिया गया है।

# सिलिंडर लदा ट्रक लेकर भाग रहे चोर को पकड़ा

**निचलौल।** थाना क्षेत्र के निचलौल सिंदुरिया मार्ग स्थित दमकी गांव के पास रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे एक गैस गोदाम पर सिलिंडर लदे ट्रक को एक चोर लेकर भागने लगा। ट्रक चालक की नजर अचानक उस पर पड़ी तो वह शोर मचाने लगा। उसके बाद लोगों ने ट्रक लेकर भाग रहे चोर को करीब एक किलोमीटर दौड़ाने के बाद पकड़ लिया। उसके बाद लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी और पकड़े गए चोर को पुलिस को सुपुर्द कर दिया। गैस एजेंसी के मैनेजर मोहम्मद खालिद ने बताया कि गैस एजेंसी का गोदाम निचलौल सिंदुरिया मार्ग स्थित दमकी गांव के पास है। जहां पर ट्रक चालक जुबैर 440 खाली गैस सिलेंडर को ट्रक पर लोड करके खड़ा किया था। उसके बाद चालक जुबैर गोदाम से कुछ दूर स्थित एक दुकान पर चाय पीने चला गया। वहीं सुनसान पाकर एक व्यक्ति खाली सिलिंडर लदा ट्रक को चालू कर भागने लगा। ट्रक पर नजर पड़ते ही चालक जुबैर शोर मचाने लगा। गनीमत रहा कि लोगों की मदद से ट्रक लेकर भाग रहे चोर को पकड़ लिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह ने कहा कि मामले की जानकारी मिली है। ट्रक लेकर भाग रहे पकड़े व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है। संवाद

# छेड़खानी व मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

जासं, सिसवा बाजारः स्थानीय थानाक्षेत्र के एक गांव में लड़की के साथ छेड़खानी, मारपीट के मामले में कोठीभार पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी है।

पीड़ित लड़की ने कोठीभार पुलिस को दिए गए तहरीर में बताया है कि गांव के ही कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश के मामले में उसको मारपीट कर घायल कर दिया और छेड़खानी की। इस मामले में कोठीभार पुलिस ने जयहिंद, भुख्खल, भुख्खल की पत्नी नाम अज्ञात, जयहिंद की मां नाम अज्ञात के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक सुनील राय ने कहा कि उक्त मामले में आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# साइकिल चोर समझकर युवक की पिटाई

जासं, नौतनवा : क्षेत्र के सरोजनी नगर वार्ड में रविवार शाम साइकिल चोर समझकर कुछ लोगों ने एक युवक को पीट दिया। वास्तविकता जानने पर मामला शांत हो गया। बालू व सीमेंट के मूल्य की जानकारी के लिए एक युवक किसी दूसरे की साइकिल मांग कर लाया था। साइकिल खड़ी कर दुकान में गया। वापस लौटते समय गलती से दूसरी की साइकिल लेकर जाने लगा, जिसको चोर समझकर लोग पीटने लगे।

# मजाक में कंकड़ मारने से खफा किशोर ने ली थी दोस्त की जान

महराजगंज। घुघली क्षेत्र के खानपुर गांव निवासी 12 वर्षीय रोहन की मौत की वजह मजाक में दोस्त कंकड़ मारना थी। कंकड़ लगने से खफा दोस्त ने रोहन को ऐसा धक्का दिया कि पोखरे में डूबकर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की गुत्थी सुलझाने का दावा करते हुए आरोपी किशोर को बाल सुधारगृह भेज दिया है।

आरोपी ने पुलिस को बताया कि बृहस्पतिवार को गांव में सभी डीजे देखने गए थे। उसने मजाक में मेरे सिर पर कंकड़ मार दिया। हम दोनों वहीं पर करीब 10 मिनट रहे। इसके बाद रोहन को पोखरे पर लेकर आया। यहां उससे कंकड़ मारने का कारण पूछा। उसने कहा कि

## मारपीट में धक्का लगने पर पोखरे में गिरे रोहन की डूबकर हो गई मौत

बस ऐसे ही मार दिया। इसके बाद दोनों में मारपीट होने लगी। इस बीच मैंने रोहन को धक्का दे दिया। वह सीधे पोखरे में जा गिरा। मैंने रोहन को बचाने की कोशिश भी की, लेकिन उसने तड़प कर दम तोड़ दिया। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश सिंह ने बताया कि एक महिला दोनों को पोखरे पर जाते देखी थी। इससे आरोपी पर शक गहरा गया था। रविवार सुबह घर से उसे पकड़ा गया और पूछताछ की तो पूरा मामला सामने आ गया। संवाद >> संबंधित पेज 4 पर

# युवती की पिटाई कर कपड़े फाड़ने वाले आरोपियों पर केस दर्ज

## घटना के छह दिन बाद पुलिस चार आरोपियों पर दर्ज की केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**निचलौल।** कोठीभार थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते 27 अगस्त को गांव के चौराहे पर कुछ मनबढ़ों ने एक युवती के कपड़े फाड़ कर बेरहमी से पिटाई कर दी थी। जिस मामले में पीड़ित युवती ने घटना के तत्काल बाद परिजनों के साथ कोठीभार थाने पहुंच पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई, लेकिन पुलिस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के बजाय मेहरबान बनी रही।

मामले में अमर उजाला ने दो सितंबर के अंक में ''मनबढ़ों ने चौराहे पर युवती की पिटाई कर कपड़े फाड़े'' शीर्षक से खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। उसके बाद जिम्मेदारों में हड़कंप मचा। जिम्मेदारों ने घटना के छह दिन बाद पीड़ित युवती की तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया।

### खबर प्रकाशित होने बाद पुलिस की टूटी नींद


मनबढ़ों ने चौराहे पर युवती की पिटाई कर कपड़े फाड़े

2 सितंबर को प्रकाशित खबर।

पीड़ित युवती के मुताबिक, बीते 27 अगस्त की सुबह गांव का एक युवक घर पर आया। किसी बात को लेकर मां और भाभी से उलझ गया। काफी देर तक युवक परिजनों से बहस करता रहा। फिर वह घर से बाहर निकलने के दौरान मारने-पीटने और इज्जत लूटने की धमकी देते हुए वहां से निकल गया।

इसी बीच शाम करीब चार बजे बकरियों को चराने गांव से बाहर जा रही थी। गांव के चौराहे पर पहुंची थी। इसी दौरान युवक ने परिजनों के साथ मिलकर मारा-पीटा और कपड़े फाड़ दिए। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची मां कपड़ा ओढ़ाकर घर लाई। पीड़ित युवती का आरोप है कि घटना के दिन ही मां के साथ थाने पहुंच पुलिस से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई थी, लेकिन पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की।

कोठीभार थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील राय ने कहा कि मामले में पीड़ित युवती के तहरीर के आधार पर चार आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

---

# 15 बोरी चावल व 50 सूट के साथ दो हिरासत में

जासं, नौतनवाः क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर रविवार को पुलिस ने गश्त के दौरान 15 बोरी चावल व 50 पीस सूट बरामद कर दो धंधेबाजों को हिरासत में लिया है।

इंस्पेक्टर मनोज कुमार राय ने बताया कि बनैलिया मंदिर मार्ग के डंडा नदी पुल पर एक टेंपो में लदे चावल की जांच-पड़ताल में चालक संदीप निवासी मिश्रवलिया थाना नौतनवा कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाए। वहीं दूसरी तरफ नौतनवा के सब्जी मंडी में 50 सूट के साथ सोनू निवासी बटईडिहा थाना कोल्हुई को हिरासत में लिया गया। वह कपड़े को अवैध रूप से नेपाल भेजने की योजना बना रहे थे।

दोनों मामलों में आरोपित व बरामद सामान को नौतनवा कस्टम को अग्रिम कार्रवाई के लिए सौंप दिया गया है।

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही पुलिस

**फरेंदा।** बडहरा कन्हई गांव में शनिवार को पोखरे में मां-बेटी का उतराता हुआ शव मिला था। मौत के प्रकरण की गुत्थी अभी तक उलझी हुई है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही थी। पुलिस का कहना है कि पीड़ित पक्ष से अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

## शनिवार को पोखरे में मिला था मां-बेटी का उतराया शव

पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के बड़हरा कन्हई गांव में लाली (25) अपनी बेटी अंशिका (3) के साथ पोखरे में कूद गई थी। ससुर परमहंस ने बताया था कि रात में कुछ कहासुनी होने के बाद घर से निकली थी। लाली के मायका पक्ष के लोगों ने दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया था, अभी तक किसी ने कोई तहरीर नहीं दी।

**लाली की दूसरी शादी साधु के साथ हुई थी :** पोखरे में डूबने वाली मृतका लाली की दूसरी शादी साधु के साथ हुई थी। उसके पहले उसकी शादी कुड़जा संतकबीरनगर में हुई थी। उसकी तीन वर्ष की बेटी अंशिका थी, जिसको लेकर साधू के घर आई थी। उधर, साधु की भी दूसरी शादी थी। साधु ने पहली पत्नी के देहांत के बाद लाली से शादी की थी। पहली पत्नी से भी दो बच्चे है। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-04-09-2023

# नौकरी का झांसा देकर ठगे रुपया, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** वाल्टरगंज थानान्तर्गत गनेशपुर चौरवा निवासी राम प्रकाश पुत्र ज्ञानदान ने पुलिस से बताया कि उसके बेटे अर्जुन कुमार को आरोपी सुजीत कुमार द्वारा जिला अस्पताल में सहायक कम्प्यूटर ऑपरेटर पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर विश्वास में लिया और एक लाख रूपये की मांग किया। जिसमें उसने अपने लड़के अर्जुन कुमार के फोन-पे के माध्यम से 38 हजार रूपये तथा 50 हजार रूपये सहित कुल 88 हजार रूपये सुजीत कुमार को दिये। लेकिन उससे सुजीत कुमार द्वारा 30 हजार रूपये की और भी मांग की गयी। जिसपर सन्देह हुआ तो राम प्रकाश ने अपना पैसा वापस करने का दबाव बनाया। लेकिन आरोपी सुजीत ने पैसे वापस करने से मना करते हुए जान से मारने की धमकी दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी सुजीत कुमार पुत्र शंकर निवासी ग्राम गनेशपुर टोला बेलवाजोत थाना वाल्टरगंज के विरुद्ध धारा 406, 420, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# प्रेमी के साथ युवती फरार मुकदमा दर्ज

**बस्ती** । प्रेमी संग एक युवती फरार हो गयी। इस सम्बन्ध में युवती के पिता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है। दुबौलिया थाने पर तहरीर देकर एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी को अज्ञात युवक द्वारा शादी का झांसा देकर बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया। मामले में पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध धारा 363, 366 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# गवर्नर विजिट को लेकर किया ब्रीफ

बस्ती। प्रदेश की गवर्नर आनंदी बेन पटेल के जनपद में कार्यक्रम को लेकर प्रशासन व पुलिस की ओर से कोई चूक नहीं होने पाए। इस पर अधिकारियों का रविवार को दिन भर मंथन चलता रहा। गवर्नर विजिट को सकुशल संपन्न कराने के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी, एडीएम कमलेश बाजपेयी, सीआरओ ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी व एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने देर शाम पुलिस लाइन सभागार में पुलिस बल को ब्रीफ किया और कहा कि वीवीआईपी मूवमेंट में किसी प्रकार की कोई चूक नहीं होनी चाहिए। आप सभी लोग निष्ठापूर्वक, निर्भीक होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। एसपी ने कहा कि ड्यूटी में लगे अधिकारी/कर्मचारियों को अपने अपने ड्यूटी प्वाइंट पर सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करें। यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से जारी रखते हुए कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराएं।

साफ-सफाई व्यवस्था को प्रशासन ने किया दुरुस्त, मेडिकल कॉलेज का दौरा कर मरीजों से करेंगी सीधा संवाद

# राज्यपाल आज करेंगी अस्पताल का उद्घाटन

**दौरा**

**बस्ती, निज संवाददाता।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल सोमवार को निजी कैंसर अस्पताल शंकुस का उद्घाटन करेंगी। बस्ती दौरे पर अमृत सरोवर, अमृत वाटिका, आंगनबाड़ी केंद्र आदि का निरीक्षण करने के बाद मेडिकल कॉलेज का दौरा करेंगी। मेडिकल कॉलेज में महिला व चिल्ड्रेन वार्ड का निरीक्षण करने के बाद टीबी के मरीजों से बात कर किट देंगी तो आयुष्मान के लाभार्थियों को भी कार्ड सौंपा जाएगा।

डीएम कार्यालय की ओर से जारी कार्यक्रम की सूचना के अनुसार सोमवार को 10.30 बजे हेलीकाप्टर से पुलिस लाईन बस्ती में आयेंगी। 11 बजे से विकास खण्ड सल्टौआ के मॉडल ग्राम लेदवा का भ्रमण करेंगी। उसके बाद लाभार्थियों से बातचीत करेंगी। 12.20 बजे से शंकुस कैंसर चिकित्सालय का उद्घाटन करेंगी। दोपहर दो बजे से ओपेक चिकित्सालय कैली मेडिकल कालेज में निरीक्षण व कार्ड वितरण समारोह में भाग लेंगी। राज्यपाल ढाई बजे से केन्द्रीय सरकार के योजनाओं, उसकी उपलब्धियों एवं गोल्डन कार्ड के तहत चयनित चिकित्सालयों, फार्मेसी कालेजों, रेडक्रास तथा सेण्टर आफ इण्डो-इजराइल प्रोजेक्ट, सेंटर ऑफ एक्सीलेन्स फॉर फ्रूट बंजरिया फार्म के किसानों के साथ कलक्ट्रेट सभागार में बैठक करेंगी। शाम 4.30 बजे से अंबेडकरनगर के लिए प्रस्थान करेंगी।

**लेदवा के अमृत सरोवर के साथ अमृत उद्यान का करेंगी निरीक्षण :** सल्टौआ। विकास खंड सल्टौआ के ग्राम पंचायत चौकव्वा के लेदवा गांव में बने अमृत सरोवर का सोमवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल निरीक्षण करेंगी। उनके आगमन व कार्यक्रम को लेकर रविवार को सीडीओ डॉ. राजेश प्रजापति, एडीएम कमलेश चंद्र बाजपेयी, अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र नाथ चौधरी, डीसी मनरेगा संजय शर्मा ने अमृत सरोवर निरीक्षण किया। सीडीओ ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने के बाद प्राथमिक विद्यालय परिसर के बीच में लगे बिद्युत कनेक्शन का केबल नहीं हटाने पर जेई रवि यादव को फटकार लगाया। उन्होंने तत्काल केबल हटाने का निर्देश दिया। सीडीओ ने बताया कि राज्यपाल अमृत सरोवर पर पहुंचकर शिलाफलकम, पंचायत भवन को देखेंगी। अमृत वाटिका में रुद्राक्ष का पौध रोपित करेंगी। परिसर में बने ओपेन जिम व खेल पार्क को देखने के बाद मंच से संवाद करेंगी। रविवार देर शाम राज्यपाल के पीएसओ अमित सिंह ने कमांडो के साथ पहुंचकर परिसर बने मंच, अमृत सरोवर व पंचायत भवन को देखा। एसडीएम भानपुर आशुतोष तिवारी, रुधौली गिरीश झा, सीओ विनय चौहान, आलोक सिंह, सीएमओ डॉ. आरपी मिश्र आदि मौजूद रहे।



कैली अस्पताल का निरीक्षण करते कमिश्नर अखिलेश सिंह, आईजी आरके भारद्वाज।

## मेडिकल कॉलेज पहुंचे कमिशनर, जांची व्यवस्था

सोनूपार। सोमवार को सूबे की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के प्रस्तावित दौरे के मद्देनजर प्रशासन और पुलिस प्रशासन अलर्ट है। राज्यपाल कैली अस्पताल का निरीक्षण करेंगी और अन्य कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। इसको लेकर की गई तैयारियों का आयजा लेने कमिश्नर अखिलेश सिंह रविवार देर शाम कैली पहुंचे। उन्होंने तैयारियों को लेकर प्रधानाचार्य से जानकारी ली।

## जिला अस्पताल की भी सुधारी गई व्यवस्था

बस्ती। राज्यपाल के दौरे के दृष्टिगत जिला अस्पताल में भी साफ-सफाई समेत अन्य व्यवस्था दुरुस्त कर ली गई है। रविवार को सफाई के साथ ढीले तार आदि सही किए गए। चूनाकारी की गई। एसआईसी सतीश चंद्र कौशल ने बताया कि पीडियाट्रिक वार्ड समेत सभी वार्डों में व्यवस्था दुरुस्त है। चिकित्सकों की टीम लगाई गई है।



गवर्नर विजिट के प्रोग्राम व रूट डायवर्जन पर चर्चा करते एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी साथ में एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी। • हिन्दुस्तान

## डायवर्ट रहेगा रूट, जरूरी हो तभी घर से निकलें आज

**बस्ती, निज संवाददाता।** जनपद पुलिस ने एडवाइजरी जारी करते हुए जनसामान्य से अपील की है कि वह गवर्नर के कार्यक्रम के दौरान वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें। एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि वीवीआईपी कार्यक्रम को लेकर सुबह नौ बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक डायवर्जन व्यवस्था लागू रहेगी। यदि बेहद जरूरी काम हो, तभी घर से बाहर शहर में निकलें। कहीं ऐसा न हो कि आप जाम में फंस जाएं। गवर्नर के आगमन के मद्देनजर शहर की यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। एडवाइजरी जारी करते हुए जनसामान्य से अपील की है कि वह कार्यक्रम के दौरान वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें। एसपी के अनुसार कार्यक्रम को लेकर सुबह नौ बजे से ही डायवर्जन प्रभावी हो जाएगा।

### यह होगा जिले भर का डायवर्जन प्लान

- रुधौली से मनौरी चौराहे की तरफ आने वाले समस्त प्रकार के भारी वाहनों को गौरा तिराहे से पालीटेक्निक की तरफ डायवर्जन किया जाएगा।
- डुमरियागंज से सोनहा की तरफ आने वाले समस्त प्रकार के भारी वाहनों को असनहरा चौकी/भानपुर से रुधौली की तरफ डायवर्जन किया जाएगा।
- चेतक तिराहे से कैली की तरफ समस्त प्रकार के वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।
- कप्तानगंज / फुटहिया की तरफ से आने वाले चार पहिया, दो पहिया वाहन फुटहिया ओवरब्रिज होते हुए बड़ेबन की तरफ से शहर में प्रवेश करेंगे।
- सोनूपार से कंपनीबाग की तरफ आने वाले समस्त प्रकार के वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।

# दहेज प्रताड़ना में पति समेत सात नामजद

**बस्ती।** कप्तानगंज पुलिस ने दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है। विवाहिता के पिता लक्ष्मणपुर गांव निवासी अरुण कुमार ने बेटी के ससुरालवालों पर साढ़े 14 लाख दहेज देने के बावजूद पांच लाख रुपये और दहेज मांगने का आरोप लगाया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हर्रैया थानांतर्गत महादेवरी गांव निवासी पति अभय कुमार, देवर आशीष व आलोक, ससुर अनिल कुमार, ननद राधा, रामतीरथ व आदित्य समेत कुल सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

# बस्ती के युवक की सोनभद्र में ईंट से प्रहार कर हत्या

**सनसनी**

**सोनभद्र/बस्ती, हिन्दुस्तान संवाद।** सोनभद्र घोरावल कोतवाली क्षेत्र के उम्भा गाव में रविवार सुबह मामूली विवाद में एक श्रमिक ने साथी श्रमिक के गले पर ईंट से प्रहार कर हत्या कर दी। इसकी जानकारी होते ही मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय फोर्स के साथ पहुंच गए। दोनों बस्ती जिले के पतिला गांव के निवासी है। मृतक के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने देर शाम हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

घोरावल कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बस्ती जिले के कप्तानगंज थानाक्षेत्र के पतिला गांव निवासी पवन उर्फ सूरज कुमार पुत्र श्यामलाल और 32 वर्षीय सुदामा उर्फ चंद्रमणि पुत्र भागवत के साथ उम्भा गांव में निर्माणाधीन आश्रम पद्धति के विद्यालय के निर्माण में मजदूरी का कार्य करते थे। दोनों साथ में ही रहते थे। रविवार को अल सुबह पवन उर्फ सूरज कुमार की सुदामा उर्फ चंद्रमणि से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसी बीच पवन ने सुदामा के गर्दन पर ईंट से जोरदार हमला कर दिया। गर्दन पर गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसकी जानकारी होते ही कार्यस्थल पर अफरा तफरी मच गई। तब तक मौके पर इलाकाई पुलिस व अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, सीओ अमित कुमार को साथ लेकर मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही आरोपित पवन उर्फ सूरज को भी हिरासत में ले लिया। पुलिस में बताया कि वह मानसिक रूप से विक्षिप्त प्रतीत हो रहा है। उसे बहुत दिनों से नींद नहीं आती थी। घबराहट और एंजायटी की समस्या से पीड़ित है। वहीं देर शाम घोरावल पहुंचे मृत श्रमिक के परिजनों ने पुलिस को हत्या किए जाने की तहरीर दे दी। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। चंद्रमणि दो भाइयों में बड़ा था। उसके दो बच्चे हैं। हत्या की सूचना मिलने पर गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।



सोनभद्र के उम्भा में श्रमिक की हत्या के बाद मौका मुआयना करते सीओ अमित कुमार।

# अपशब्द कहने पर हुआ बलवा, मारपीट

बस्ती। छावनी पुलिस ने अपशब्द कहने से मना करने पर बलवा, मारपीट के मामले में पांच नामजद समेत नौ आरोपियों पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में धिरौली बाबू निवासी रणजीत सिंह ने तहरीर दी है। जिसमें आरोप लगाया कि उनके घर वालों को विपक्षी ने जान से मारने की धमकी देकर हमला कर दिए। पुलिस ने नागेन्द्र सिंह के भाई रघु सिंह, उसके लड़के राजा सिंह, दीनू सिंह, रज्जू सिंह, प्रदीप पाण्डेय और चार अज्ञात व्यक्तियों पर केस दर्ज किया है।

# पुरानी बस्ती से बालक लापता

बस्ती। पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र के बालाजी धर्मकांटा पालिटेक्निक चौराहे से दस वर्षीय बालक छह दिन से लापता है। बालक के पिता सुशील कुमार त्रिपाठी ने तहरीर दी। जिसमें बताया कि 26 अगस्त को स्कूल जाने के लिए उसकी मां ने बेटे को डांट दिया था। जिससे नाराज होकर वह दुकान से पांच सौ रुपये लेकर कहीं भाग गया। पिता के अनुसार उनका लड़का मंदबुद्धि का है। एसओ महेश सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

# दहेज प्रताड़ना में पति समेत सात नामजद

बस्ती। कप्तानगंज पुलिस ने दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है। विवाहिता के पिता लक्ष्मणपुर गांव निवासी अरुण ने बेटी के ससुरालवालों पर 14.5 लाख दहेज देने के बावजूद पांच लाख रुपए और दहेज मांगने का आरोप लगाया है। पुलिस ने हर्रैया थानांतर्गत महादेवरी गांव निवासी पति अभय, देवर आशीष व आलोक, ससुर अनिल, ननद राधा, रामतीरथ व आदित्य समेत कुल सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज का घटना की जांच एसआई जावेद खान ने शुरु कर दी है।

# नाबालिग को अगवा किया

बस्ती। दुबौलिया थाना क्षेत्र के एक गांव से एक नाबालिग बालिका के अगवा कर लिए जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय पुलिस ने अपहृत बालिका के पिता ने अज्ञात के खिलाफ अगवा कर लिए जाने का मामला दर्ज कर घटना की छानबीन एसआई दलसिंगार गौतम ने शुरु कर दी है।

# बाइक में टक्कर पर कार चालक पर केस

बस्ती। नगर थाना क्षेत्र के बसहवा गांव के निकट सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। यह केस पीड़ित के पिता की तहरीर पर कार चालक के खिलाफ दर्ज हुआ।

राम प्रकाश निवासी जामडीह थाना कोतवाली ने नगर पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनका भांजा दिनेश निवासी कुसमौर थाना नगर बाइक से मेरे बेटे जितेन्द्र को पीछे बैठाकर महुलानी जा रहा था। बसहवा के पास तेज रफ्तार कार चालक ने बाइक में ठोकर मार दिया। हादसे में भांजा दिनेश घायल हो गया, जबकि पीछे बैठे बेटे जितेन्द्र की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस पीड़ित के तहरीर पर कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# रंगदारीः अभी तक पुलिस नहीं लगा सकी सुराग

बस्ती, निसं। रंगदारी का मामला खौफ यह किसी की शरारत है या सच्चाई। बदमाश फोन कर रहे हैं, या फिर इसके पीछे किसी की शरारत है। चाहे शरारत ही हो, मगर भय और आतंक का माहौल तो बन ही चुका है। ऐसे में पुलिस को गंभीरता दिखाते हुए रंगदारी की धमकी देने वालों को सबक सिखाने की जरूरत है। बीते दो महीने के भीतर एक ही व्यापारी को 50 बार काल करके रंगदारी मांगने का मामला पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है। खासकर पुरानी बस्ती क्षेत्र में रंगदारी की घटनाएं पहले भी आ चुकी है जिसका पुलिस खुलासा कर चुकी है।

धमकियां मिलने की वजह से कारोबारी नीरज गुप्ता दहशत में जी रहे हैं। खास बात यह है कि इस मामले में पुलिस में रिपोर्ट लिखा चुके हैं मगर पुलिस उतनी गंभीर नहीं दिख रही है। गौरतलब है कि एक हफ्ते पूर्व ही पुरानी बस्ती क्षेत्र के पाण्डेय बाजार निवासी इलेक्ट्रानिक कारोबारी व विहिप नेता से तीन लाख रुपये रंगदारी की धमकी दी गई थी। इस मामले में अब तक पुलिस की कार्रवाई सिफर है।

## जांच में एक ही फेक नंबर से आई थीं 26 मिस्डकॉल

थानाध्यक्ष महेश सिंह ने बताया कि बदमाशों के नाम पर रंगदारी की कॉल करके दहशत फैलाई गई है। यह किसी तरह की शरारत भी हो सकती है। फिलहाल जिन नंबरों से काल करके रंगदारी मांगी गई है। उन्हें ट्रेस किया जा रहा है। एक नंबर से आए 26 बार मिस्ड काल अभी तक जांच में सामने आया है। नीरज गुप्ता से पुलिस इंवेस्टीगेशन में सहयोग करने के लिए उनके मोबाइल से आडियो काल की रिकार्डिंग मांगी है। आवाज के आधार पर बदमाशों या शरारती तत्वों को ट्रेस करने में सहूलियत होगी।

# भूअर निरंजनपुर का भी विजिट कर सकती हैं गवर्नर

बस्ती। गवर्नर के सोमवार को बस्ती विजिट के मद्देनजर उनके संभावित दौरे वाले स्थानों को चमकाया जा रहा है। इसी कड़ी में डीएम के गोद लिए गांव भूअर निरंजनपुर में लगातार साफ-सफाई व रंग-रोगन काम एक सप्ताह से लगातार चल रहा है। रविवार को सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति, डीडीओ निर्मल द्विवेदी गांव में पहुंचे। यहां चल रहे निर्माण कार्यो का जायजा लिया।

गांव में नवनिर्मित पार्क का भी निरीक्षण सीडीओ व डीडीओ ने किया। निर्माण का काम समय से पूरा करा लेने का निर्देश दिया। स्वच्छ भारत मिशन के समन्वयक विष्णूदेव नाथ त्रिपाठी पूरे दिन साफ-सफाई के कार्यो का जायजा लेते रहे। यहां पर गांव को गोद लेने के बाद विकास के कई कार्य हुए हैं।

एमडीएम का भोजन करने के लिए डायनिंग हाल बनाया गया है।

# आत्महत्या को उकसाने वाले आरोपी हत्थे चढ़े

बभनान, हिन्दुस्तान संवाद। युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले दो आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

गौर थाना क्षेत्र के हलुआ बाजार निवासी स्वर्गीय राम अजोर वर्मा के पुत्र श्रवण उर्फ मूसे (22) का शव शुक्रवार को घर से एक किलोमीटर दूर साऊंडीह जंगल में एक पेड़ में फांसी के फंदे से लटका मिला था। मृतक के मां महात्मा देवी की तहरीर पर पुलिस ने हलुआ बाजार नितीश मुखर्जी व राम अभिलाष के मारपीट, गाली गलौज करने व आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का केस दर्ज किया था। पुलिस आरोपियों के तलाश में दबिश दे रही थी। प्रभारी निरीक्षक गौर राज कुमार पाण्डेय ने बताया कि जरिए मुखबिर सूचना मिली कि मुकदमे में वांछित दोनों अभियुक्त कहीं भागने की फिराक में हैं। तत्काल उप निरीक्षक विनय प्रताप सिंह, धीरेन्द्र दूबे, मंजेश कुमार, अनुभव यादव, अर्चना कुशवाहा की टीम के साथ हलुआ बाजार आईटीआई मोड़ के पास घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों को पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय में पेश किया गया। जहां से दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

## चाकूबाजी की घटना के बाद बैरंग लौट गई थी 112 डायल

ग्रामीणों की मानें तो गुरुवार रात हलुआ बाजार स्थित एक बिरयानी की दुकान पर श्रवण उर्फ मूसे व नीतेश मुखर्जी के बीच गाली-गलौज हुआ था। विवाद का कारण श्रवण के बड़े भाई गणेश वर्मा के कोर्ट मैरेज करने की बात रही। बात गाली गलौज से बढ़कर मारपीट व चाकूबाजी तक पहुंच गई थी। इस बीच सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने बिना कार्रवाई बैरंग लौट गई थी। ग्रामीण मारपीट, शव मिलने से लेकर कई बिन्दुओं पर सवाल खड़ा करते हुए पुलिस पर निष्क्रियता का आरोप लगा रहे हैं।

**प्रेम प्रसंग तो नहीं बना श्रवण के मौत का कारण!:** बभनान। श्रवण की मौत का प्रेम प्रपंच भी हो सकता है। पुलिस हत्या व आत्महत्या की गुत्थी सुलझाने में पुलिस जुटी है। शुक्रवार को मूसे के शव का पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। मौत का कारण हैंगिंग आया। परिजनों सहित ग्रामीणों ने पुलिस कार्रवाई को लेकर सवाल खड़ा किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के साथ छेड़छाड़ का भी आरोप लगाया।

शनिवार को शव रखकर पूरे दिन प्रदर्शन किया। सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय व एसडीएम हर्रैया गुलाबचंद को मांग पत्र सौंपा। एसडीएम व सीओ ने निष्पक्ष जांच कराने का आश्वासन दिया। अब चर्चा का बाजार गर्म है कि धरना प्रदर्शन कुछ अराजक तत्वों ने प्रस्तावित किया था।

माना जा रहा है कि श्रवण उर्फ मूसे वर्मा की मौत का कारण प्रेम प्रसंग से जुड़ा है। प्रभारी निरीक्षक गौर राजकुमार पाण्डेय ने बताया कि घटना के विभिन्न पहलुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है।

# कमिश्नर ने कृषि विज्ञान केन्द्र का किया निरीक्षण

## संतोषजनक

**बस्ती/कप्तानगंज, हिन्दुस्तान संवाद।** कृषि विज्ञान केन्द्र बंजरिया बस्ती पर रविवार को आयुक्त अखिलेश सिंह पहुंचे। उन्होंने वैज्ञानिकों के साथ केन्द्र का भ्रमण कर आईएफएस मॉडल, अंजोला, वर्मी कम्पोस्ट, मुर्गी पालन, बकरी पालन, जगरी यूनिट, कालानमक धान के परीक्षण आदि का निरीक्षण किया। पाली हाउस में उत्पादित टमाटर, बैगन, मिर्च, शिमला मिर्च, फूल गोभी, पत्ता गोभी व प्याज की नर्सरी को भी देखा। साथ ही साथ नेट हाउस में लगे आम की रंगीन प्रजातियों के पौधों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की।

केन्द्राध्यक्ष डा. एसएन सिंह ने उन्हें अवगत कराया कि टमाटर, बैगन, मिर्च, शिमला मिर्च की उन्नतिशील प्रजातियों के पौध की बिक्री रविवार से प्रारम्भ कर दी गई है। पहले आओ, पहले पाओ के सिद्धान्त पर सब्जियों की उन्नतिशील प्रजातियों की नर्सरी किसानों को उपलब्ध कराई जाएगी। कमिश्नर ने केन्द्र पर रोपित कालानमक धान की प्रजाति पूसा नरेन्द्र कालानमक एक व दो की फसल को देखा। कमिश्नर ने केन्द्र पर लगी मौसमी की प्रजाति कॅलेशिया की फलत को देखकर खुशी जताई।

निर्देशित किया कि इसकी पौध तैयार कर जनपद में कृषकों के प्रक्षेत्र पर मौसमी की बाग लगवाई जाए। जिससे किसानों की आय में 2 से 5 गुना तक वृद्धि हो सके। इस दौरान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. डीके श्रीवास्तव, वैज्ञानिक डॉ. वीबी सिंह, वैज्ञानिक हरिओम मिश्र उपस्थित रहें। आयुक्त ने वैज्ञानिकों से केन्द्र की समस्याओं के बारे में पूछा। मशरूम उत्पादन व वर्किंग शेड के लिए प्रस्तुत प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

# दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला

बस्ती। वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के सिसवारी गांव में अपने पिता के घर रह रही विवाहिता ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पुलिस को दिए तहरीर में ज्योति पटवा ने बताया है कि उसकी शादी बाक बाजार, थाना उतरौला, जनपद बलरामपुर में दीपक के साथ हुई है।

दहेज में बाइक व कम दहेज देने की बात को लेकर उसे प्रताड़ित करते रहते हैं।बीते नौ अगस्त को दहेज के बात को लेकर मारपीट घर से निकाल दिया। पुलिस ने तहरीर के ही मुताबिक पति दीपक, ससुर राम जियावन, सास कमलावती, देवर दिनेश, ननद मोनी और अनूपा के विरुद्ध मारपीट, दहेज उत्पीड़न व अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

# पिता को खाना देने जा रही किशोरी के साथ युवक ने किया दुष्कर्म

**जागरण संवाददाता हर्रैया, बस्ती**: हर्रैया थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता ने गांव के ही युवक पर 15 वर्षीय बेटी के साथ जबरन दुष्कर्म का आरोप लगाया है।

तहरीर बताया कि वह गांव के दूसरे पुरवे पर नाई का कार्य करता है। उसकी बेटी प्रति दिन घर से खाना पहुंचाने जाती है। शनिवार को शाम चार बजे उसकी बेटी खाना देने जा रही थी, तभी गांव का ही रहने वाला युवक रास्ते में घात लगाए बैठा था। वह जैसे ही उसके घर के सामने पहुंची उसी समय आरोपित ने उसकी साइकिल पकड़ कर गिरा दिया। उसके बाद उसकी बेटी का मुंह दबाकर घर के अंदर लेकर चला गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। काफी देर बाद जब वह वापस घर नहीं पहुंची तो उसके भाई ने पिता को फोन कर जानकारी ली।

स्वजन उसकी खोजबीन करने लगे। इसी बीच पीड़िता का साइकिल आरोपित के घर के पास देखा। आरोपित अपनी घर की तरफ पीड़िता के स्वजन को आते देख भाग निकला। पीड़िता ने उसके साथ हुए हैवानियत के बारे में बताया। रविवार को पीड़िता के पिता ने थाने जाकर तहरीर दी।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली हर्रैया राना देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है मामले की जांच की जा रही है।

# श्रवण की मौत के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

- सांवडीह वन्य क्षेत्र में पेड़ की डाली से लटका मिला था श्रवण का शव
- गौर थाना क्षेत्र के हलुआ बाजार का रहने वाला था मृतक श्रवण

**जागरण संवाददाता बभनान, बस्ती:** गौर थाना क्षेत्र के हलुवा गांव निवासी श्रवण के मौत के मामले में पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के दो आरोपितो को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक एक सूचना के आधार पर रविवार को आरोपित हलुवा गांव निवासी नीतीश पुत्र आशुतोष मुखर्जी व राम अभिलाष पुत्र श्रीनिवास गौर को आइटीआइ कालेज के पास से धर दबोचा गया।

शुक्रवार की सुबह सांवडीह गांव के जंगल में एक लगभग 22 युवक का शव एक पेड़ की डाली पर दुपट्टे के सहारे लटा मिला था। स्थानीय लोगों की भीड़ जुड़ गई थी। इसी बीच किसी ने शव की पहचान थाना क्षेत्र के हलुवा गांव निवासी श्रवण मुसे पुत्र रामअजोर के रूप में की थी। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मुकदमा पंजीकृत करने की बात कह रही थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग आने की जानकारी होते ही ग्रामीणों ने आरोपितों व पुलिस पर मनचाही रिपोर्ट बनवाने का आरोप लगाते हुए शनिवार को हलुआ बाजार में सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया था। शाम चार बजे छह सूत्रीय मांग पत्र उपजिलाधिकारी हर्रैया गुलाबचंद व क्षेत्राधिकारी शेषमणि उपाध्याय को सौंपा। दोनों अधिकारियों के आश्वासन पर ग्रामीणों ने प्रदर्शन खत्म किया। मामले में पुलिस ने मृतक की मां महातम देवी की तहरीर पर नितीश मुखर्जी व अभिलाष के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में मुकदमा पंजीकृत किया। स्वजन का आरोप था कि श्रवण ने आत्महत्या नहीं किया था।

# मारने पीटने के मामले में मुकदमा

**जासं, पैकोलिया, बस्ती :** पैकोलिया थाना क्षेत्र के आमभारी गांव में मारपीट के दौरान जाति सूचक शब्द का प्रयोग करने वाले पांच लोगो के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। गांव के रामचरित्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही कृष्णा प्रसाद, जप्रताप, शोभा देवी पत्नी कृष्णा प्रसाद, किशलावती पत्नी तेजप्रताप और दीपक पुत्र कृष्णा प्रसाद अपशब्द कहने लगे।

# पत्नी की हत्या के मामले में पति के खिलाफ मुकदमा

**जागरण संवाददाता हरैया बस्ती**: हरैया पुलिस ने पत्नी की हत्या व दहेज उत्पीड़न के मामले में पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

शुक्रवार को हरैया थानाक्षेत्र के तिनौता गांव में 35 वर्षीय खुशबू पत्नी धनई की संदिग्ध परिस्थितियों मौत हो गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। पीएम रिपोर्ट में मौत का कारण आंतरिक चोट बताया। वहीं मृतका के पिता दुबौलिया थानाक्षेत्र के उभाई गांव निवासी लहुरी ने पुलिस को तहरीर देकर बेटी की हत्या करने का आरोप दामाद पर लगाया था। पीएम रिपोर्ट में चोट के कारण मौत होने की पुष्टि होने पर पुलिस ने धनई के खिलाफ हत्या व दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।

# छह दिन से 10 वर्षीय बालक लापता

**बस्ती**। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के बालाजी धर्मकांटा पॉलिटेक्निक चौराहे से 10 वर्षीय बालक छह दिन से लापता है। उसके पिता सुशील कुमार त्रिपाठी ने तहरीर देकर बताया कि 26 अगस्त को स्कूल जाने के लिए उसकी मां ने दीपेश को डांट दिया था। जिससे नाराज होकर वह दुकान से पांच सौ रुपये लेकर कहीं भाग गया। पिता के अनुसार उनका लड़का मंदबुद्धि है और इससे पहले भी दो-चार घंटे के लिए घर से भाग कर वापस आ चुका है। एसओ महेश सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है। संवाद



जेडी गर्ल्स इंटर कालेज के पास नहर के पटरी पर लावारिस पड़ी बाइक • जागरण

# नहर किनारे लावारिस हालत में मिली बाइक

**दुबौलिया :** दुबौलिया थाना क्षेत्र के विशुनपुरा गांव के निकट हनुमान मंदिर से  थोडी दूर पर सरयू नहर की पटरी पर रविवार की सुबह एक बाइक लावारिस हालत में मिली। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। थानाध्यक्ष इन्द्र भूषण सिंह ने बताया कि लावारिस बाइक कलवारी थाना क्षेत्र के एक गांव की है। (जासं)

# जान लें आज शहर में बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बस्ती।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के दौरे को लेकर सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। शहर में आने वाले कई रूट पर यातायात डायवर्ट किए गए हैं।

**राज्यपाल के कार्यक्रम को लेकर सुबह नौ से कार्यक्रम समाप्ति तक लागू रहेगा डायवर्जन**

सुबह नौ बजे से शुरू होने वाला यह डायवर्जन राज्यपाल के कार्यक्रम समाप्त होने तक जारी रहेगा। एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि गवर्नर के आगमन के मद्देनजर शहर की यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। एडवाइजरी जारी करते हुए जनसामान्य से अपील की है कि वह कार्यक्रम के दौरान वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें। एसपी के अनुसार कार्यक्रम को लेकर सुबह नौ बजे से ही डायवर्जन प्रभावी हो जाएगा।

## ये रहेगी व्यवस्था

- रुधौली से मनौरी चौराहे की तरफ आने वाले समस्त प्रकार के भारी वाहनों को गौरा तिराहे से पालीटेक्निक की तरफ डायवर्जन किया जाएगा।
- डुमरियागंज से सोनहा की तरफ आने वाले समस्त प्रकार के भारी वाहनों को असनहरा चौकी/भानपुर से रुधौली की तरफ डायवर्जन किया जाएगा।
- चेतक तिराहे से कैली की तरफ समस्त प्रकार के वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।
- कप्तानगंज / फुटहिया की तरफ से आने वाले चार पहिया, दो पहिया वाहन फुटहिया ओवरब्रिज होते हुए बड़ेबन की तरफ से शहर में प्रवेश करेंगे।
- सोनूपार से कंपनीबाग की तरफ आने वाले समस्त प्रकार के वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।

# राज्यपाल का दौरा...लेदवा चौकवा की बदल गई तस्वीर

## आदर्श गांव में 50 मिनट गुजारेंगी राज्यपाल, व्यवस्था चाक-चौबंद, सजावट बिखेर रही रौनक

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** आज राजपथ से लोकपथ का मिलन है। स्थल है लखनऊ राजभवन से लगभग 225 किलोमीटर दूर बस्ती जिले के सल्टौआ गोपालपुर ब्लॉक क्षेत्र के चौकवा ग्राम पंचायत का लेदवा गांव। महामहिम आनंदी बेन पटेल यहां दिन में 11 बजे पहुंचेंगी।

यहां अधिकारी, नागरिक, बच्चों, महिलाओं और शिक्षकों के बीच वह 50 मिनट तक मौजूद रहेंगी। उनके कार्यक्रम के अलग-अलग शेड्यूल निर्धारित हैं। पहले सरकारी सिस्टम का अवलोकन बाद में आमजन से उनका सीधा संवाद भी होगा। उनके आगमन का तारीख तय होते ही गांव के भाग्य की लकीर भी गाढ़ी हो गई है। कुछ ही दिनों में रात-दिन एक कर यहां की तस्वीर बदल दी गई है।

कभी सामान्य गांव की तरह विकास कार्यों से वीरान दिखने वाला लेदवा अब चमक उठा है। महामहिम के स्वागत को तैयार लेदवा गांव की साज-सज्जा देखते बन रही है। यहां के नागरिक भी महामहिम की झलक पाने को पलक पावड़े बिछाए हुए हैं। गांव की गलियों से लेकर स्कूल, पोखरे तक हलचल बढ़ी हुई है। अधिकारियों की आवाजाही के बीच सुंदर जलाशय, नई इंटरलॉकिंग सड़क, कंप्यूटरीकृत चमक बिखेरता परिषदीय स्कूल, सुविधाओं से लैस लकदक पंचायत भवन के साथ मुख्य द्वार पर बने भव्य तोरणद्वार को हर कोई देर तक निहार रहा है। ऐसी साज-सज्जा गांव में पहली बार देखने को मिल रही है। विभिन्न सरकारी योजनाओं से सुंदर एवं सुव्यवस्थित दृश्य सजाने की कल्पना यहां साकार स्वरूप में दिख रही है। गांव में चौतरफा विकास की मनोरम छटा बिखरी है। यह गांव के नागरिकों के साथ महामहिम को भी खूब लुभाएगी।



लेदवा में सती माता अमृत सरोवर बनने के बाद की तस्वीर। संवाद

### हाईवे की तरह दिखी गांव को जोड़ने वाली सड़क

लेदवा गांव को मुख्यालय से जोड़ने वाली दो प्रमुख सड़कें हैं। बस्ती-डुमरियागंज मार्ग पर पचमोहनी चौराहा से लेदवा गांव जाने वाली काली सड़क को चक्कर चौराहा तक गड्ढों से मुक्त कर दिया गया है। दोनों किनारों पर विधिवत सफाई कराई गई है, ताकि महामहिम के काफिले में कोई व्यवधान न आए। इसके अलावा देईपार से चौकवा तक की सड़क भी पहले से बनकर तैयार है। इस गांव में राज्यपाल को किसी भी मार्ग से ले जाने पर सड़कें चमचमाती हुई मिलेंगी। वहीं गांव में स्थित सरयू नहर खंड 4 पर पुलिया से अमृत सरोवर तक 400 मीटर इंटरलॉकिंग सड़क का नया निर्माण हुआ है।

**15 साल बाद हुई विकास की चहलकदमी:** वर्तमान में जिले के रुधौली विधानसभा के अंतर्गत चौकवा ग्राम पंचायत में 15 साल बाद विकास की चहलकदमी फिर से देखने को मिली है। 2007 तक यहां की पहचान रामनगर विधानसभा क्षेत्र के रूप में होती रही। उस समय के तत्कालीन सामाजवादी पार्टी के विधायक अनूप कुमार पांडेय इसी ग्राम पंचायत के मूल निवासी हैं।

उनके कार्यकाल में संबंधित ग्राम पंचायत के गौवहनिया पुरवे पर पशु चिकित्सालय और लेदवा में प्राथमिक विद्यालय की स्थापना हुई थी। देईपार से भिरिया चौराहे तक सड़क का निर्माण हुआ था। सत्ता पक्ष के विधायक होने के नाते इस ग्राम पंचायत में अधिकारियों की चहल पहल अक्सर देखने को मिलती रही। मगर इधर 15 सालों से यह ग्राम पंचायत विकास से वंचित रहा। इधर आदर्श गांव में चयन होने के बाद लेदवा का कायाकल्प होना शुरू हो गया। इसमें चार चांद तब लग गया, जब यहां राज्यपाल का भ्रमण कार्यक्रम तय हो गया। अब संबंधित ग्राम पंचायत का लेदवा गांव विकास के मामले में समृद्धि माना जाएगा।

**बोले- पूर्व विधायक:** चौकवा ग्राम पंचायत के निवासी पूर्व विधायक अनूप कुमार पांडेय ने कहा कि उनके गांव में महामहिम का आगमन किसी सुनहरे अवसर से कम नहीं है। यहां दलगत भावना से ऊपर उठकर उनका अभिनंदन है। उनके आगमन को यादगार बनाया जाएगा। उनके गांव के लोग पहली बार अपनी माटी में राज्यपाल से रूबरू होंगे। खासकर नई पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा मिलेगी।

**निजी कैंसर अस्पताल का महामहिम करेंगी शिलान्यास:** लेदवा गांव से लौटने के उपरांत महामहिम मेडिकल कॉलेज के निकट स्थित एक निजी कैंसर हास्पिटल का शिलान्यास करेंगी। यह भी जनपद के लिए एक नई सौगात है। इसके बाद वह दिन में 2 बजे मेडिकल कॉलेज के ओपेक चिकित्सालय कैली पहुंचेंगी। जहां महिला एवं चिल्ड्रेन वार्ड के निरीक्षण के उपरांत आयोजित विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। 2.45 बजे महामहिम कलेक्ट्रेट सभागार पहुंचेंगी। यहां विभागों की ओर से सजाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन और बैठक का कार्यक्रम तय है।

**अधिकारियों की टीम पहुंची लेदवा:** राजभवन की टीम के साथ प्रशासनिक अधिकारी रविवार को भी लेदवा गांव पहुंचे। यहां व्यवस्था का जायजा लिया गया। राज्यपाल के भ्रमण के दौरान कहीं कोई चूक न हो इसके लिए अधिकारी पैनी नजर रखे हुए हैं। निरीक्षण के दौरान प्रभारी डीएम/सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति, एडीएम कमलेश चंद्र, एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी, राजभवन के अधिकारी अमित कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### सती माता के नाम से सजाया गया जलाशय

लेदवा गांव का जलाशय सती माता के नाम से अमृत सरोवर के रूप में सजाया गया है। यहां नवनिर्मित घाट का रंगरोगन किया गया है। चारों तरफ हरियाली का अनुपम दृश्य है। महामहिम इसका अवलोकन करेंगी। इसके बाद स्मार्ट क्लास और लाइब्रेरी युक्त यहां का प्राथमिक विद्यालय नई रंगत बिखेर रहा है। पंचायत भवन भी किसी कारपोरेट कंपनी के कार्यालय से कमतर नहीं है। बकायदे अध्यक्ष और सचिव के नेम प्लेट युक्त चेंबर है। ओपेन जिम, खेल पार्क की भी खामियों को दूर कर दिया गया है। अमृत वाटिका के नव पल्लवित पौधे महामहिम को आकर्षित करने के लिए आतुर दिख रहे हैं।





# हलुआ बाजार प्रकरण : आत्महत्या के लिए उकसाने में दो आरोपी गिरफ्तार

## सांवडीह जंगल में पेड़ से लटका मिला था युवक का शव, गौर क्षेत्र के हलुआ बाजार का रहने वाला था श्रवण उर्फ मूसे

संवाद न्यूज एजेंसी

**बभनान, बस्ती।** गौर थाना क्षेत्र के सांवडीह निवासी श्रवण को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में नामजद दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि दोनों ने ऐसी परिस्थिति पैदा की कि श्रवण ने फंदे से लटककर जान दे दी।

हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि किस वजह से यह घटना हुई। लोगों में प्रेम-प्रसंग की भी चर्चा है, लेकिन पुलिस अभी स्पष्ट तौर पर कुछ बताने की स्थिति में नहीं है।

बता दें कि शुक्रवार को गौर थाना क्षेत्र के हलुआ बाजार निवासी 22 वर्षीय श्रवण उर्फ मूसे का शव घर से एक किलोमीटर दूर सांवडीह जंगल में एक पेड़ में फंदे से लटका मिला था। पोस्टमार्टम में हैंगिंग और अल्कोहल पाए जाने के बाद शनिवार को परिवार के लोगों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शव रखकर हलुआ मार्ग जाम कर दिया था। वे लोग पुलिस पर पोस्टमार्टम में छेड़छाड़, मृतक की मोबाइल की कॉल डिटेल निकलवाने सहित अन्य मांग करने लगे। देर शाम परिजनों ने सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय व एसडीएम हर्रैया गुलाबचंद को मांग पत्र सौंपने के बाद निष्पक्ष जांच कराने के आश्वासन पर प्रदर्शन खत्म करके शव का अंतिम संस्कार किया गया।

मृतक की मां महात्मा देवी की तहरीर पर पुलिस ने हलुआ बाजार नितिश मुखर्जी व राम अभिलाष के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने, मारपीट व धमकी के आरोप में केस दर्ज किया।

प्रभारी निरीक्षक राज कुमार पाण्डेय ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दोनों आरोपियों को हलुआ बाजार आईटीआई मोड़ के पास घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### भारी पड़ा मामले को हल्के में लेना

श्रवण उर्फ मूसे की मौत के मामले में पुलिस की निष्क्रियता को भी कारण माना जा रहा है। लोगों ने बताया कि बृहस्पतिवार देर रात 10 बजे हलुआ बाजार में स्थित एक बिरयानी की दुकान पर श्रवण उर्फ मूसे व नीतेश मुखर्जी के बीच श्रवण के बड़े भाई गणेश वर्मा के कोर्ट मैरिज की बात को लेकर बहस शुरू हुई थी। बताया जा रहा है कि मारपीट व चाकूबाजी भी हुई थी। इसकी जानकारी परिवार वालों को हुई तो वह लोग श्रवण को घर लेकर गए। इस बीच सूचना पर 112 नंबर पुलिस भी पहुंची लेकिन बिना गंभीरता से लिए लौट गई। लोगों का कहना है कि यदि 112 डायल पुलिस दोनों पक्षों को साथ ले गई होती तो घटना बच जाती।

# हनुमान मंदिर के पास लावारिस मिली बाइक

**दुबौलिया।** थाना क्षेत्र के विशुनपुरा गांव के निकट हनुमान मंदिर के थोडी दूर सरयू नहर की पटरी पर रविवार को एक लावारिस हालत में बाइक मिली। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। पुलिस ने बाइक कब्जे में ले लिया। थानाध्यक्ष इन्द्र भूषण सिंह ने बताया की लावारिस बाइक कलवारी थाना क्षेत्र के किसी गांव की है। संवाद



विशुनपुरा के पास लावारिस हालत में मिली मोटरसाइकिल।

# सिंचाई करते समय मारपीट एक नामजद

नगर बाजार (बस्ती)। नगर थाना क्षेत्र के रौसिंघापार में खेत में पानी चला रहे एक शख्स पर गांव के ही युवक ने अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी।

सिर पर डंडे से प्रहार कर घायल कर दिया। जिससे वह बेहोश गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एक युवक के खिलाफ मारपीट समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

श्यामदेव पांडेय ने तहरीर में आरोप लगाया है कि वह अपने खेत में सिंचाई कर रहा था। इसी दौरान गांव के ही जितेंद्र आए और अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी।

जब इसका विरोध किया तो लाठी-डंडे से पीटकर घायल कर दिया। जिससे वह बेहोश हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर जितेन्द्र पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

## सराहनीय कार्य दिनांकः-04-09-2023

# ग्राम प्रहरी को दी गयीआवश्यक सामग्री

लोटन(एसएनबी)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम प्रहरियों को निरीक्षक चंदन कुमार द्वारा आवश्यक सामग्री देते हुए दायित्व बोध कराया। शासन के निर्देश पर सभी ग्राम प्रहरी को सुरक्षा के आवश्यक सामग्री देने का निर्देश है।जिस कडी में कोतवाली निरीक्षक चंदन कुमार द्वारा रविवार को कोतवाली परिसर में क्षेत्र के ग्राम प्रहरियों को सीटी,छाता,बैट्री मय सेल दिया गया।निरीक्षक चंदन कुमार ने ग्राम प्रहरियों को निर्देश दिया कि आप गांव के सुरक्षा की छोटी ईकाई है।ऐसे में गावों सुरक्षा की जिम्मेदारी आप सभी की भी है।पहले अपने स्तर से गांव में गडबडी करने वाले लोगों को समझाए।यदि आप से न हो सके तो गडबडी करने वाले अराजक तत्वों को कोतवाली पर बताए।जिससे उनके खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की जा सके।इस समय तमाम सारे पर्व, त्योहार सन्निकट होता।ऐसे में अराजकता फैलाने वालों पर नजर बनाए रखे।क्यों ग्राम प्रहरी यदि अपने गांव की सुरक्षा के प्रति सजग रहे।तो तमाम सारी कमियों को दूर किया जा सकता है।

# पुलिस ने पैदल मार्च कर दिलाया सुरक्षा का एहसास

इटवा (एसएनबी)। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी त्योहार को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए स्थानीय थाने की पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में नगर में पैदल मार्च करके लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया। उक्त जानकारी प्रभारी निरीक्षक थाना इटवा संतोष कुमार तिवारी ने दी है।उन्होंने बताया कि शीघ्र ही श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार आने वाला है।इसे शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह से ढ़ है।इसके लिए सभी तैयारियां पूर्ण की जा चुकी है।असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सघन अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है।सभी लोग शांतिपूर्ण तरीके से अपना त्योहार मनायें।किसी को भी नई परंपरा कायम नहीं करने दिया जायेगा।किसी का दिल दुखाने का कार्य कतई न करें।अपराध तथा अपराधियों पर नियंत्रण में आम जनता का पूर्ण सहयोग बहुत जरूरी है।अपराधी बख्शे नहीं जायेंगे। पुलिस पूरी तरह से सतर्क है। अपने आस पास होने वाले असामाजिक गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस को अवश्य दें। कानून अपने हाथ मे लेने का कार्य न करें। किसी प्रकार की कठिनाई होने पर कभी भी मिलकर अपनी समस्या जरूर बताएं। उसका नियमानुसार समाधान कराने का पूर्ण प्रयास होगा।इसमें निरीक्षक संजय राय, उप निरीक्षक गोपाल,संजय त्रिपाठी सहित तमाम पुलिस के जवान शामिल रहे।

## तीन पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई

सिद्धार्थनगर। भवानीगंज व मोहना पुलिस ने रविवार को चोरी, पॉक्सो एक्ट, एससी/एसटी आदि में शामिल तीन शातिरों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। भवानीगंज पुलिस ने धौरहरा उर्फ धरमपुर टोला डालडीह निवासी अफरोज व सिगिहवा बढ़नीचाफा निवासी अरमान खान और मोहाना पुलिस ने रोहुडीला गांव के लकड़ा टोला निवासी शैलेश कुमार पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है।

### धर्मपरिवर्तन का दबाव बनाने का लगाया आरोप

### दरोगा का पैसे की लेन-देन का ऑडियो वायरल

# सीएमओ की तहरीर की एडिशनल एसपी करेंगे जांच

**निर्देश**

- नवीनीकरण के नाम पर वसूली का वीडियो वायरल होने का मामला
- दो एडिशनल सीएमओ के खिलाफ सीएमओ ने एसपी को दी है तहरीर

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। अस्पताल नवीनीकरण के नाम पर वसूली संबंधी वीडियो वायरल होने के बाद सीएमओ की ओर से एसपी को दिए गए तहरीर में जांच का निर्देश दे दिया गया है। एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल ने एडिशनल एसपी सिद्धार्थ को जांच सौंपा है। वह सीएमओ की ओर से दो एडिशनल सीएमओ के खिलाफ दी गई तहरीर की जांच कर रिपोर्ट डीएम को सौपेंगे।

सीएमओ ने दो सितंबर को एसपी को दिए तहरीर में बताया है कि रंजीत कुमार चौधरी नाम का व्यक्ति बांसी क्षेत्र में अवैध अस्पताल का संचालन करता रहा है। उनके अस्पताल में कोई प्रशिक्षित चिकित्सक नहीं हैं। वह खुद फार्मासिस्ट हैं और चिकित्सक का कार्य करते हैं। उनके अस्पताल में चिकित्सक न होने से पंजीकरण नहीं किया जा रहा है। रंजीत गलत ढंग से कुछ वीडियो बना लिया है। उस वीडियो में नैदानिक स्थापना के नोडल अधिकारी डॉ. एमएम त्रिपाठी व एडिशनल सीएमओ डॉ. वीएन चतुर्वेदी दिख रहे हैं। वीडियो में रुपये के लेन-देने के मामले की चर्चा हो रही है। दोनों की भूमिका संदिग्ध हो सकती है। वीडियो में सीएमओ के बारे में भी उल्टा-सीधा बोला जा रहा है।

सीएमओ ने दोनों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच करने की मांग की है। एसपी ने बताया कि मामले की जांच के लिए एडिशनल एसपी को नामित किया गया है। वह प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट डीएम को सौपेंगे।

# चोर ने उड़ाई बैटरी सीसीटीवी में कैद

शोहरतगढ़। शोहरतगढ़ थानाक्षेत्र के खुनुवा-शोहरतगढ़ मार्ग पर लुचुइया गांव के पास एक फर्म में चार दिन पहले रात के समय एक चोर ने घुस कर सामानों पर निशाना साधा। चोर ने परिसर में खड़े दो ट्रैक्टर, जनरेटर व लोडर टैंपो की बैटरी खोल ले गया। चोर की यह हरकत परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने रविवार को पुलिस को तहरीर दी है।

क्षेत्र के मधवापुर गांव निवासी प्रतीम पटेल इंटरलॉकिंग ईंट निर्माण फर्म के मालिक हैं। उनके फर्म के परिसर में ट्रैक्टर, जनरेटर, टेंपो खड़ी थी। चार दिन पहले चोर रात के समय सभी वाहनों की बैटरी खोल ले गए।

# आज निकलेगा मेंहदी का जुलूस

डुमरियागंज। हल्लौर कस्बा स्थित मरहूम तकदीर हसन के आवास परिसर से हजरत कासिम की याद में परंपरागत मेंहदी का जुलूस सोमवार रात आठ बजे निकाला जाएगा। यह जानकारी व्यवस्थापक ने दी।

# लूट व सेंधमारी करने वाले दो दबोचे गए

**सफलता**

- पुलिस को चिताही चौराहे से मिली कामयाबी
- लूटे व चुराए गए माल को भी पुलिस ने किया बरामद

बिस्कोहर, हिन्दुस्तान संवाद। त्रिलोकपुर पुलिस ने रविवार को चिताही चौराहे के नहर पुलिया के पास से लूट व सेंधमारी करने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। आरोपितों के कब्जे से पुलिस ने लूटे व चुराए गए माल को भी बरामद किया है।

थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर तहसीलदार सिंह ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि रविवार को वह अपनी टीम के साथ संदिग्धों की तलाश में थे। इस दौरान सूचना मिली कि चिताही चौराहे से सौ मीटर पहले नहर पुलिया के पास दो संदिग्ध युवक खड़े हैं। जो लूट व सेंधमारी के मामले को लेकर आपस में बातचीत कर रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए वह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर दोनों युवकों को दबोच लिया। पूछताछ में उनकी पहचान डुमरियागंज थाना क्षेत्र के जबजौवा निवासी हैदर अली पुत्र अतीउल्लाह व कादिराबाद निवासी सब्बू उर्फ खांचे पुत्र रहमतुउल्लाह के रूप में हुई। आरोपितों ने 25 जुलाई को बुड्ढी खास-छगड़िहवा मार्ग पर हुए लूट व 11 अगस्त को मल्हवार गांव में हुई चोरी की घटना करने की बात कबूल की है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से लूट व चोरी का एक लैपटाप, एक मोबाइल, एक गैस सिलेंडर, एक सोने की नथिया, एक जोड़ी पायल, व चार हजार रुपये नगद भी बरामद किया है।

**पुलिस टीम में ये रहे शामिल:** एसआई अजय सिंह, प्रमोद पाण्डेय, पप्पू कुमार गुप्त, शिवदास गौतम, हेड कांस्टेबल अशोक कुमार, सज्जाद अंसारी, यशवंत कुमार, कांस्टेबल अमित यादव, चन्द्रेश कुमार, अनुराग तिवारी आदि शमिल रहे।



लोटन थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने रविवार को थाना परिसर में ग्राम प्रहरियों के बीच टार्च, छाता, सीटी आदि का वितरण किया। • हिन्दुस्तान

# थानाध्यक्ष ने ग्राम प्रहरियों को दिया टॉर्च-छाता

**लोटन।** लोटन थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने रविवार को थाना परिसर में ग्राम प्रहरियों के बीच टार्च, छाता, सीटी आदि का वितरण किया। उन्होंने ग्राम प्रहरियों को उच्चाधिकारियों की ओर से दिए गए निर्देशों की जानकारी दी। साथ ही इसका पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने ग्राम प्रहरियों को निर्देशित किया कि गांव की सूचनाओं का आदान प्रदान समय से करें।

# महत्वपूर्ण होती है ग्राम प्रहरी की भूमिका

**भवानीगंज।** भवानीगंज थाने पर रविवार को ग्राम प्रहरियों में छाता, टार्च आदि वितरित किया गया। थानाध्यक्ष शिव नारायण सिंह ने कहा कि ग्राम प्रहरी की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उनको जो वस्तुएं चाहिए उसे उच्चाधिकारियों के माध्यम से प्राप्त होने के बाद वितरित किया गया है। इसका सदुपयोग कर अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने में सहयोग करें।

# अभद्र शब्दों का प्रयोग करते वीडियो वायरल

उस्का बाजार। उस्का बाजार थानाक्षेत्र में रविवार को एक नौ सेकेंड का विवादित वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें एक बालक बाबा साहेब डॉ.भीमराम आंबेडकर पर अभद्र शब्दों का प्रयोग कर रहा है। हालांकि हिन्दुस्तान वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।

# डा. आंबेडकर पर अमर्यादित टिप्पणी का वीडियो प्रसारित

**उस्का बाजार** : जोगिया थानाक्षेत्र अंतर्गत नादेपार निवासी विनोद कुमार विद्यार्थी व राजू राव ने उसका बाजार पुलिस को तहरीर देकर इंटरनेट मीडिया पर डा. भीमराव आंबेडकर के बारे में अमर्यादित टिप्पणी करने वाले युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग किया है। इनका आरोप है कि उसका बाजार थानाक्षेत्र अंतर्गत बरदहा निवासी एक युवक ने रविवार को इंटरनेट मीडिया पर अपना एक वीडियो प्रसारित किया। इसमें डा. आंबेडकर के विषय में अमर्यादित टिप्पणी की गई है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सरोज ने बताया कि कुछ लोग थाना पर आए थे परंतु कोई तहरीर नहीं दी है। (जांस.)

# दो परिवारों को बिखरने से बचाया

सिद्धार्थनगर। महिला थाने में आयोजित नई किरण में समझौते के आधार पर दो परिवारों को बिखरने से बचाया गया। यहां नई किरण में चार मामले आए। इसमें से दो में दोनों पक्षों के बीच समझौता कराकर संग रहने को राजी कर लिया गया। कपिलवस्तु क्षेत्र के मरवटिया कुर्मी निवासी नेहा पत्नी रोशन व चिल्हिया क्षेत्र के कौवा गांव निवासी शिल्पा पत्नी रामऔतार संग रहने को राजी हो गए।

---

# सुनियोजित तरीके से चल रहा वसूली का खेल

## पांच माह में 39 अस्पतालों की जांच, इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहे आठ वीडियो क्लिप

**फालोअप**

जासं, सिद्धार्थनगर : मुख्य चिकित्साधिकारी डा. विनोद कुमार अग्रवाल का अस्पताल के लाइसेंस नवीनीकरण के नाम पर सौदेबाजी से प्रसारित वीडियो मामले में अब परत-दर परत खुलने लगी है। एक बात यह साफ हो गई है कि अस्पताल की जांच और कार्रवाई करने के नाम पर जमकर वसूली का खेल चलता रहा। इस खेल में अधिकारी और संबंधित पटल के कर्मचारी शामिल रहे। जैसे ही इस प्रकरण में जांच टीम का गठन हुआ, सभी अपने दामन को पाक-साफ साबित करने में जुट गए हैं। आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पांच माह में 39 अस्पताल की जांच की गई। इसमें अनियमितता के आरोप में 13 को सील करने की कार्रवाई हुई।

सीएमओ डा. विनोद कुमार अग्रवाल का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ है। इससे संबंधित तीन वीडियो क्लिप प्रसारित है। वह एक बंद अस्पताल को खोलने के लिए वह सौदेबाजी करते दिखे। इनके ठीक बगल में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. बीएन चतुर्वेदी भी बैठे हैं। बातचीत के दौरान दो से तीन बार नोडल अधिकारी का भी नाम सामने आया। जबकि दूसरे वीडियो में नोडल अधिकारी डा. एमएम त्रिपाठी भी दिखाई पड़े हैं। प्रसारित करने वाले व्यक्ति का चेहरा नहीं दिखाई दिया, लेकिन वह कहते हुए सुनाई दिया कि नोडल के कहने पर पहली बार में एक लाख रुपये भेज दिया था। दूसरी बार जब उन्होंने कहा तो 50 हजार रुपये दे दिया। इसपर सीएमओ अभद्र भाषा का प्रयोग किया। अब जैसे ही यह सभी वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ। सभी अधिकारी व कर्मचारी बचाव की मुद्रा में आ गए हैं।

प्रशासनिक अधिकारियों ने भी दबी जुबान से माना : एसडीएम व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम अस्पतालों की जांच करती है। नाम नहीं छापने की शर्त पर दो तहसील के एसडीएम बताते हैं कि यदि संबंधित तहसील के सीएचसी अधीक्षक के साथ कार्रवाई की जाती थी तो लाइन से सभी अस्पतालों की जांच होती थी, लेकिन अगर जिला के अधिकारी साथ में रहते थे तो वह एक अस्पताल की जांच करने के बाद बीच के कुछ को छोड़ कर आगे बढ़ जाते थे। इस संबंध में सीएमओ डा. विनोद कुमार अग्रवाल ने बताया कि इंटरनेट पर प्रसारित होने वाले वीडियो की जांच की जाएगी। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर कहा गया है। वहीं जिलाधिकारी ने टीम गठित कर जांच करने के लिए निर्देशित किया है। पूरे प्रकरण की जांच होगी।

## अवध हास्पिटल पर मुकदमा दर्ज कराने का हुआ था आदेश

जासं, सिद्धार्थनगर : मुख्य चिकित्साधिकारी डा. विनोद कुमार अग्रवाल का पैसे के लेनदेन से संबंधित वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के बाद स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता बढ़ गई है। सभी कर्मचारी पुरानी फाइलों को पलटने में जुट गए हैं। जून 2022 मे अवध हास्पिटल की जांच हुई थी। यहां पर बिना किसी लाइसेंस के अल्ट्रासाउंड सेंट र चलता मिला था। लाइसेंस आवेदन के फाइल में लगाया गया पर्यावरण विभाग का प्रमाण पत्र भी सही नहीं मिला था। तत्कालीन सीएमओ डा. अनिल कुमार चौधरी ने अस्पताल संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए निर्देशित भी किया था। इसके बाद भी आज तक एफआइआर क्यों नहीं दर्ज कराया गया। इससे संबंधित मुद्दे पर बोलने से सभी अधिकारी कन्नी काट रहे हैं।

- तत्कालीन सीएमओ ने दिया मुकदमा दर्ज कराने का आदेश
- नहीं हुआ एफआइआर, कारण बताने से भाग रहे अधिकारी

दो जून 2022 को एसडीएम बांसी प्रमोद कुमार व सीएचसी बसंतपुर के अधीक्षक डा. राजीव रंजन ने की संयुक्त टीम ने अवध हास्पिटल पर छापेमारी की थी। जांच टीम को मौके पर प्रबंधक रंजीत कुमार और रिसेप्सन पर एक व्यक्ति बैठा मिला था। अस्पताल में दो रोगी भर्ती मिले थे। रोगियों ने पूछताछ में पेटदर्द की शिकायत बताई तो अस्पताल में कोई बीएचटी नहीं मिला। प्रथम तल पर आपरेशन थियेटर बना था। यहां पर कोई प्रशिक्षित पैरामेडिकल का स्टाफ नहीं था। प्लाई से बने कक्ष में अल्ट्रासाउंड मशीन चालू स्थिति में मिला था। इस अस्पताल ने लाइसेंस प्राप्त करने से संबंधित पर्यावरण विभाग का जो प्रमाण पत्र लगाया था, वह किसी यशोदा हास्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर का था। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग ने प्रबंधक के खिलाफ एफआइआर नहीं दर्ज कराया है।

इस संबंध में सीएमओ डा. विनोद कुमार अग्रवाल ने बताया कि अवध हास्पिटल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए तत्कालीन सीएमओ ने निर्देशित किया था। जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट में अनियमितता से संबंधित सभी बिंदुओं को उल्लेखित किया था। कार्यभार ग्रहण करने के कुछ दिन बाद जब यह प्रकरण संज्ञान में आया था तो मेरे द्वारा भी कार्रवाई करने से संबंधित निर्देशित किया गया था।

# पीपी कंस्ट्रक्शन में हुई चोरी की घटना सीसी कैमरे में कैद

**जागरण संवाददाता, शोहरतगढ़** : खुनुवा मार्ग पर लुचुइंया के पास पीपी कांस्ट्रक्शन में बीते 30 अगस्त की रात्रि में चोरी की घटना हुई थी। परिसर में खड़े ट्रैक्टर, जनरेटर व टेंपो की बैटरी खोल ले गये। परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में उक्त चोर कैद हो गया।

दो दिन बाद बाहर से आए फर्म के मालिक प्रतीम पटेल ने देखा कि बैटरी चोरी हो गई है।

रविवार को उन्होंने पुलिस को वाहन की बैटरी चोरी होने की लिखित तहरीर दी।

थानाध्यक्ष पंकज पांडेय ने कहा कि सीसी कैमरे की फुटेज की मदद से चोर का पता लगाया जा रहा है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पुलिस के हत्थे चढ़े लूट के दो आरोपित

- त्रिलोकपुर थाना पुलिस ने चिताही तिराहे के पास नहर पुलिया से किया गिरफ्तार
- आभूषण, लैबटाप, मोबाइल व अन्य सामान बरामद, न्यायालय भेजे गए आरोपित




त्रिलोकपुर थाने पर लूट व नकबजनी में गिरफ्तार दो आरोपतों के बारे में जानकारी देते प्रभारी निरीक्षक तहसीलदार सिंह ● जागरण

जागरण संवाददाता, बिस्कोहर, सिद्धार्थनगर : त्रिलोकपुर थाना पुलिस ने रविवार को चिताही तिराहे के पास नहर पुलिया से दो लोगों को गिरफ्तार किया। दोनों लूट एवं नकबजनी के आरोपित हैं। पुलिस ने इनके पास से लूट व चोरी के सामानों को भी बरामद किया है।

प्रभारी निरीक्षक तहसीलदार सिंह ने बताया कि पिछले दिनों विभिन्न घटनाएं हुई थीं। जांच में डुमरियागंज थाना के ग्राम जबजौवा निवासी हैदर अली व कादिराबाद गांव निवासी सब्बू उर्फ खांचे को शामिल पाया गया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि बीती 25 जुलाई को बुड्ढीखास-छगडिहवा मार्ग पर लैबटाप, मोबाइल, एटीएम स्वेप मशीन की लूट की थी। लूट में प्रयुक्त बाइक के साथ एटीएम स्वेप मशीन व मोबाइल नेपाल बेच दिया है।

पिछले महीने 11 अगस्त को मल्हवार गांव में सड़क किनारे स्थित मकान में चोरी की थी। कुछ आभूषण नेपाल में बेच चुके हैं, जबकि नथिया और पायल आज बेचने वाले थे। दोनों ने डुमरियागंज थाना के बभनी माफी विद्यालय से गैस सिलेंडर, बाल्टी, सोलर पैदल चुराने की बात भी स्वीकार की। इसमें बाल्टी फेरी वाले को तथा सोलर पैनल नेपाल में बेचने की जानकारी दी है। पुलिस ने इनके पास से एक-एक लैपटाप, मोबाइल, गैस सिलेंडर तथा नथिया, पायल व चार हजार नकद बरामद किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक तहसीलदार सिंह, उप निरीक्षक अजय सिंह, पप्पू गुप्ता, शिवदास गौतम एवं अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

**संदिग्ध युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा** : शोहरतगढ़: चिल्हिया थाना के ग्राम जमुनी में शनिवार की रात में ग्रामीणों ने एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ कर चिल्हिया पुलिस को सौंप दिया। इस दौरान शोर सुनकर गांव के आशिक अली ने बताया कि घर के बाहर खड़े टेंपो की बैटरी गायब है। रविवार को वाहन स्वामी ने थाना प्रभारी अमित कुमार को बैटरी चोरी की लिखित तहरीर संतराम यादव निवासी परिगवा थाना शोहरतगढ़ के खिलाफ दी है। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि जमुनी गांव के लोगों ने एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़कर उन्हें सौंपा है। छानबीन की जा रही है यदि चोरी की घटना में वह शामिल मिला तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा नेता समेत 23 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जासं, सिद्धार्थनगर** : सदर थाना पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट करने के आरोप में 23 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। इसमें एक तरफ से भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री फतेह बहादुर सिंह सहित 12 लोगों को आरोपित बनाया गया है तो दूसरे पक्ष से सभासद अमित सिंह सहित 11 लोगों को आरोपित बनाया गया है। घटना बीते 25 अगस्त की है।

सदर पुलिस को दी गई तहरीर में पूरब पड़ाव मोहल्ला निवासी सभासद अमित सिंह ने कहा कि मोहम्मद अहजम पुत्र फिरोज कुमार व उनकी पत्नी सलमा परवीन से बीते 23 अगस्त को इंद्रानगर मोहल्ले में स्थित उनके मकान का बैनामा कराया।

25 अगस्त को मकान की सफाई करवा रहे थे कि इसी दौरान राकेश सिंह, राघवेंद्र सिंह उर्फ नन्हें सिंह, मानवेंद्र सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, फतेह बहादुर सिंह, आदर्श सिंह, वैभव सिंह समेत 12 लोग उनके मकान पर असलहा के साथ आए और मकान पर कब्जा करने की कोशिश की। विरोध करने पर अपशब्द कहा।

दूसरे पक्ष के राकेश सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा कि वह पिछले 17-18 वर्षों से फिरोज कमाल निवासी गोवरहवा के मकान में रहते हैं। इस दौरान मकान मालिक साढ़े पांच लाख रुपये में इस मकान को उन्हें बेचने को राजी हो गए। उन्होंने विभिन्न तिथियों में 5.41 लाख रुपये उन्हें दिया। वह मकान की रजिस्ट्री करने का आश्वासन देते रहे। इसी दौरान मकान मालिक की कैंसर से मृत्यु हो गई।

रुपयों के लेनदेन की जानकारी उनके स्वजन को भी है। वह 25 अगस्त को कचहरी चले गए। इसी दौरान घर सूना पाकर अमित सिंह, आलोक सिंह शेरू, अजीत सिंह मिंटू, सुजीत सिंह उर्फ झिंकू, सुधीर सिंह दीपू, रजनीश सिंह, ऋषि मिश्रा, मुमताज अहमद, मुन्ना झालावाला उर्फ महेश चंद्र समेत 12 लोग असलहा लेकर आए और मकान में रखे कीमती सामान को तोड़फोड़ दिया।

जानकारी होने पर वह मौके पर आए और फोन कर पुलिस को घटना की जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक सदर सतीश कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# मतांतरण के लिए दबाव बनाने का आरोप

**जासं, डुमरियागंज :** डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के रुद्रौलिया के टोला केवटहिया डीह निवासी रामअंजोर ने इटवा थाने में प्रार्थनापत्र देकर आरोप लगाया कि गांव के कुछ लोग उस पर मतांतरण के लिए दबाव बना रहे हैं। मना करने पर उसके घर तक जाने वाले चकमार्ग को काट कर अपने खेत में मिला लिया है। इस विवाद का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। इटवा थानाध्यक्ष के नाम से 31 अगस्त को दिए गए प्रार्थनापत्र में पीड़ित ने कहा है कि उसके घर के बगल में गांव के कुछ लोगों की भूमि है। उक्त भूमि के सामने से चकमार्ग बना हुआ है जो इंटरलाकिंग है, लेकिन उक्त लोगों ने उसके घर की ओर आने वाले इस मार्ग को जबरिया कुदाल से काट कर अपनी जमीन में मिला लिया है। अब रोज मतांतरण के दबाव बना रहा है।

ऐसे में वह और उनका परिवार डरा हुआ है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि इस संबंध में उन्हें कोई तहरीर अभी नहीं मिली है।

# दारोगा के लेनदेन का आडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित

**गड़बड़झाला**

- त्रिलोकपुर थाने के दारोगा प्रमोद का बताया जा रहा आडियो
- मुकदमा निपटाने के लिए मध्यस्थता करने वाले से मंगा रहे हैं रुपये

जागरण संवाददाता, डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर : त्रिलोकपुर थाने के एक दारोगा का आडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। आडियो में वह एक व्यक्ति की मध्यस्थता से एक मुकदमे को निपटाने के नाम पर 50 हजार रुपये उपलब्ध कराने की बात कर रहे हैं। मामला किसी महिला से संबंधित प्रतीत हो रहा है क्योंकि उसके अल्ट्रासाउंड की अनुमति न दिलाने व मामला टरकाते रहने की बात कही जा रही है।

त्रिलोकपुर थाने के एक और दारोगा का आडियो प्रसारित हो रहा है। सप्ताह भीतर यह दूसरा मामला है जब किसी दारोगा का आडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुआ है। इससे पहले रुपये के लेन देन मामले में उक्त थाने में तैनात दारोगा भीम सिंह निलंबित हो चुके हैं, बावजूद इस कार्रवाई से अन्य ने सीख लेने की जरूरत नहीं समझी। वायरल आडियो दारोगा प्रमोद पांडेय का बताया जा रहा है। जो एक व्यक्ति से वार्ता कर यह कह रहे हैं कि बेव मुस्तहकम गांव के गंगाराम से बात करके 50 हजार की व्यवस्था करा दो। अबतक पैसा न देने के कारण ही मुकदमा लिखा गया, लेकिन अभी उस औरत का अल्ट्रासाउंड नहीं हुआ है, अनुमति के लिए उसे टरका रहा हूं। मंगलवार को दोबारा उसे बुलाया है। इससे पहले पैसा मिल जाए तो काम बन जाएगा। महिला उसके बाद महिला आयोग जाए चाहे और कहीं उसकी फरियाद कहीं नहीं सुनी जाएगी। वार्ता करने वाला व्यक्ति आश्वस्त करता है कि वह बातचीत करके पैसा पहुंचा देगा।

50 हजार देना है यह बात गंगाराम को बता दिया हूं। दारोगा प्रमोद पांडेय ने कहा कि वह मार्च 2021 से त्रिलोकपुर थाने में तैनात हैं। इससे पहले बस्ती थे। आज तक इस तरह का कोई आरोप उन पर नहीं लगा। जो आडियो प्रसारित हो रहा है उसमें उनकी आवाज नहीं है। कुछ लोग द्वेषवश उन्हें फंसा रहे हैं। जांच में सब साफ हो जाएगा।

इस संबंध में डुमरियागंज के सीओ सुजीत राय ने बताया कि प्रसारित आडियो की जानकारी प्राप्त हुई है। जांच की जा रही है। दोषी मिलने पर कार्रवाई होगी और उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भी प्रेषित की जाएगी।

## पहले भी प्रसारित हो चुके हैं पुलिस के घूस मांगने के कई आडियो-वीडियो

- एसओ कठेला और डुमरियागंज के खिलाफ हो चुकी है कार्रवाई
- प्रेमी युगल को छोड़ने के नाम पर भी वसूली की हुई थी शिकायत

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : त्रिलोकपुर थाने के एक और दारोगा का घूस मांगने का आडियो प्रसारित हुआ है। वह मुकदमा खत्म करने के नाम पर 50 रुपये की मांग कर रहा है। इससे कुछ ही दिन के पहले इसी थाने के एक अन्य दारोगा का भी घूस मांगने के मामले में आडियो प्रसारित हुआ था। एसपी ने उसे निलंबित कर दिया। बावजूद इसके मामला रुका नहीं। थाने से एक और आडियो प्रसारित हो रहा है। पुलिस पर रिश्वत का यह कोई पहला आरोप नहीं लगा है। इससे पहले भी तमाम मामले प्रकाश में आ चुके हैं। आडियो, वीडियो, अधिकारियों के सीयूजी का स्क्रीन शाट से लेकर बहुत कुछ प्रसारित हो चुका है। घूस लेने के मामले में पूर्व थाना प्रभारी डुमरियागंज और निरीक्षक समय माता कठेला के खिलाफ भी निलंबन की कार्रवाई हो चुकी है। उनका घूस मांगने का आडियो-वीडियो वायरल हुआ था। वसूली के मामले में एक पुलिस अधिकारी की भी जांच चली, लेकिन वह पूरी नहीं हो सकी। इतना ही नहीं कठेला थाने के प्रभारी रहे सौदागर राय समेत पांच पुलिसकर्मियों के खिलाफ थाने में मुकदमा भी दर्ज कराया गया था। कुछ मामलों में पुलिसकर्मी जांच में बरी हो चुके हैं। पिछले वर्ष 22 जुलाई की रात में कठेला के तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक सौदागर राय, मुख्य आरक्षी सुरेश वरुण, आरक्षी पन्ने लाल ने एक प्रेमी युगल को पकड़ लिया था। पुलिस उन्हें पूछताछ के लिए थाने ले आई थी। पुलिस ने प्रेमी युगल को थाने से छोड़ने के नाम पर उनके स्वजन से दो लाख रुपये की मांग की थी। इसके बाद स्वजन ने 65 हजार रुपये की व्यवस्था करके तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक को देकर दोनों को छुड़वाया। तत्कालीन एसपी रहे अमित कुमार आनंद मामले की जांच सीओ सदर को मामले की जांच सौंप दी थी। मामला तूल पकड़ने पर पुलिस अधीक्षक ने बीते दो अगस्त को तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक समेत तीनों पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया था। बाद में पुलिस उपमहानिरीक्षक के निर्देश पर मामले की जांच बस्ती जिले के सीओ रुधौली को सौंपी। इस मामले में घटना के दौरान मौके पर मौजूद पुलिस कर्मी उप निरीक्षक राम निरंजन, मुख्य आरक्षी शेषनाथ यादव, मुख्य आरक्षी विनय जायसवाल, आरक्षी जोगेन्द्र सिंह व आरक्षी धर्मेन्द्र शाह को भी लाइन हाजिर किया गया था। थाना प्रभारी डुमरियागंज रहे सूर्यभान सिंह का एक जुलाई 2022 को तत्कालीन एसपी अमित कुमार आनंद ने निलंबित किया था। इनसे जुड़ा एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें इटवा थानाक्षेत्र के राजपुर का निवासी रवीन्द्र शुक्ला ने दावा किया था कि वह आडियो डुमरियागंज के पूर्व कोतवाल का है।

उन्होंने एक जमीन पर निर्माण कार्य कराने के एवज में उनसे डेढ़ लाख रुपये मांगे, उन्होंने व्यवस्था करके एक लाख रुपया दिया। लेकिन काम न होने पर पीड़ित ने इसकी शिकायत एसपी से की। इसके पूर्व वर्ष 2020 में गोल्हौरा थाने में तैनात उपनिरीक्षक लक्ष्मी नारायण यादव को थाने में बैठकर घूस मांगने का वीडियो प्रसारित होने पर तत्कालीन एसपी राम अभिलाष त्रिपाठी ने उसे निलंबित किया था। एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल ने बताया कि पूर्व के मामले में भी कार्रवाई की जा चुकी है। समय माता कठेला थाने के प्रभारी रहे सौदागर राय के खिलाफ दर्ज मुकदमे की जांच अभी चल रही है।

# जांच की चकरी में फंसे कई लोगों के पैर

## सीएमओ वीडियो प्रकरण : सीएमओ ने दो चिकित्सकों के खिलाफ दी पुलिस अधीक्षक को शिकायत

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। सीएमओ कार्यालय में लेनदेन की बातचीत के वायरल वीडियो की जांच शुरू हो गई है। इस जांच की चकरी में सीएमओ के अलावा कई और लोगों के पैर फंसने की आशंका है। शुरुआती दौर में सीएमओ डॉ. बीके अग्रवाल सवालों के घेरे में आए थे।

सीएमओ अस्पताल संचालक के बीच बातचीत का वीडियो सामने आया था, लेकिन अब इस मामले में नया मोड़ आ गया है। सीएमओ ने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर दोनों डिप्टी सीएमओ के खिलाफ भी केस दर्ज करने की बात कही है। आशंका है कि जांच की जद में कई चिकित्साधिकारियों को आने के बाद परत दर परत कलई खुलेगी।

शिकायती पत्र के आधार पर एसपी ने एएसपी को मामले की जांच सौंपी है। उनकी रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई तय होगी। इस वीडियो प्रकरण में अगर निष्पक्ष जांच हुई तो जांच की चकरी में कई विभागीय लोगों के पैर फसेंगे और चेहरे बेनकाब होंगे। ऐसा विभागीय लोगों में चर्चा हो है। वहीं, शिकायत

### एएसपी करेंगे मामले की जांच, जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी रिपोर्ट



3 सितंबर को प्रकाशित खबर।

पत्र देने के बाद दो गुट होने और विभाग में हुए काले कारनामे का राज सामने आने की चर्चा लोग करना शुरू कर दिए हैं।

सीएमओ डॉ. बीके अग्रवाल का कार्यालय में बैठकर एक बंद किए गए निजी अस्पताल को दोबारा शुरू किए जाने के लिए रुपये के लेनदेन करने का वीडियो एक सितंबर की रात को एकाएक वायरल हुआ था। इसमें एक नहीं कई वीडियो एक-एक करके सामने आए। किसी में रुपये वापस लौटाने तो किसी में समय-समय मुलाकात करने और सीएमओ पर अभद्र टिप्पणी करने का शामिल है। जब यह मामला सामने आया तो और ऑडियो व वीडियो सामने आने लगे हैं। जिसमें रुपये की डिमांड करने के साथ ही कहां रखना है, इसका भी इशारा किया जा रहा है।

वहीं, जांच से घिरे सीएमओ ने दो डॉक्टर जो जांच अधिकारी हैं और डिप्टी सीएमओ हैं, उन्हें दोषी ठहराया है। इस मामले में उन्होंने एसपी से शिकायत करते हुए जांच करने की मांग की है। शिकायत मिलने के बाद एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल ने एएसपी सिद्धार्थ को मामले की जांच सौंपी है। उनकी रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

सीएमओ के शिकायती पत्र देने के बाद विभाग में हलचल में मच गया है। दोनों गुट के आमने- सामने आने और काले कारनामे को लेकर आरोप- प्रत्यारोप लगाने की विभागीय लोग चर्चा कर रहे हैं।

### शिकायती पत्र में सीएमओ ने लगाया यह आरोप

*सीएमओ डॉक्टर बीके अग्रवाल ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि वायरल वीडियो में देखे गए नैदानिक स्थापना के नोडल अधिकारी डॉ. एमएम त्रिपाठी व उपमुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. बीएन चतुर्वेदी की भूमिका संदिग्ध है। उन्होंने कहा है कि रुपये के लेनदेन में दोनों चिकित्सकों की भूमिका हो सकती है। उनके खिलाफ केस दर्ज करके मामले में जांच की जाए। इस मामले में डिप्टी सीएमओ डॉ. एमएम त्रिपाठी एवं डॉ. बीएन चतुर्वेदी से बात करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका। उनका पक्ष प्राप्त होने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।*



डॉक्टर बीके अग्रवाल, सीएमओ

### बोले जिम्मेदार

सीएमओ की ओर से प्रार्थना पत्र मिला है। इसकी जांच एएसपी को सौंपी गई है। उनकी ओर से रिपोर्ट मिलने के बाद जिलाधिकारी को रिपोर्ट दिया जाएगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई तय होगी।
– **अभिषेक कुमार अग्रवाल**
पुलिस अधीक्षक

जिलाधिकारी ने सीएमओ कार्यालय के वायरल वीडियो की जांच के लिए समिति बनाई है। जिलाधिकारी का आदेश प्राप्त हो गया है। इस मामले में सभी पहलुओं पर जांच की जाएगी।
– **नागेंद्र मोहन राम त्रिपाठी**
प्रभारी सीडीओ

### परत दर परत खुल रहा वसूली का राज

*सीएमओ वीडियो प्रकरण के बाद लगातार कुछ न कुछ सामने आने लगा है। एक ऑडियो सामने आया है, जिसमें पीड़ित से सामने वाला व्यक्ति बात कर रहा है कि नोडल अधिकारी आ रहे हैं, उनसे मिल लीजिएगा। इसके बाद कॉल करने वाला कह रहा है कि कौन एमएन त्रिपाठी सर से बोल रहा है हां। फिर बात करने वाले कह रहा है कहां मिलें सर सीएमओ कार्यालय पर तो सामने वाले से जवाब मिल रहा है कि एक घंटे में सीएमओ कार्यालय आ जाओ, गाड़ी में रुपये डाल देना। फिर वह कह रहा है कि साहब हम पैर पकड़ लेंगे, लेकिन हमारा काम करवा दीजिए, बहुत परेशान हो गए हैं। इसके अलावा कार्यालय के काउंटर में इन्हीं अधिकारियों के सामने रुपये रखने का वीडियो भी चर्चा का केंद्र बना हुआ है। विभाग के कर्मचारियों में मामले को लेकर काफी चर्चा है।*

### आमने-सामने आने पर खुलेगी काले कारनामे की पोल

*स्वास्थ्य महकमे से जुड़े लोगों में रविवार को चर्चा रहा कि अभी तक तो मामला सीएमओ तक था, लेकिन उनकी ओर से पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिए जाने के बाद मामला तूल पकड़ेगा। क्योंकि अब जिन पर आरोप लग रहा है, वे भी सफाई जरूर देंगे। इसमें काले कारनामे से जुड़ा और खेल सामने आ सकता है। कारण विभाग में बहुत खामियां हैं। जब किचड़ उछलना शुरू होता है तो मामला बढ़ जाता है। वही स्थिति यहां भी उत्पन्न होने की बात सामने आ रही है।*

# लूट व चोरी की वारदात करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। त्रिलोकपुर पुलिस ने लूट व चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह के दो आरोपियों को रविवार सुबह क्षेत्र के चिताही के पास से दबोच लिया। उनके कब्जे से चोरी का लैपटॉप, मोबाइल फोन, गैस सिलिंडर, सोने व चांदी के जेवर व चार हजार रुपये नकद बरामद हुई। पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर तहसीलदार सिंह ने बताया कि आरोपी की पहचान हैदर अली निवासी जबजौवा ए सब्बू उर्फ खांचे निवासी कादिराबाद थाना डुमरियागंज के रूप में हुई। संवाद

# प्राण घातक हमले के आरोपियों की मिली अग्रिम जमानत

सिद्धार्थनगर। जनपद एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार मलिक ने प्राणघातक प्रहार करने, मारपीट एवं जानमाल की धमकी के चार आरोपियों की सशर्त अग्रिम जमानत स्वीकार कर लिया है। शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम जुड़ीकुइयां निवासी अवधेश तिवारी पुत्र रमाशंकर तिवारी ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि कहासुनी के बाद 21 जून 2022 को उसके पट्टीदार सोनू और मोनू, पुनीता तथा सोनू की मां ने गाली गलौज देते हुए लात, मूका, लाठी और डंडा से उसके दरवाजे पर आकर परिवार को मारने लगे। इससे अमरनाथ तिवारी तथा सुनीता, खुशी एवं अखिलेश तिवारी को चोटें आई है। पुलिस ने मारपीट एवं जानमाल की धमकी का केस दर्ज कर विवेचना की। चिकित्सीय परीक्षण के दौरान हुए एक्सरे में किसी भी चोटहिल की हड्डियों में फ्रेक्चर होना नहीं पाया गया था। न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस सुनकर ओमकार त्रिपाठी उर्फ सोनू, निरंकार त्रिपाठी उर्फ मोनू, पुनीता एवं विंधवासिनी की अग्रिम जमानत सशर्त स्वीकार की। अभियुक्तों की पैरवी अधिवक्ता दिव्य प्रकाश शुक्ल ने किया। संवाद

# प्लांट से चोर ने उड़ाई बैटरी, कैमरे में हुआ कैद

सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ खुनुंवा मार्ग पर लुचुइंया के पास मुख्य मार्ग पर एक प्लांट में 30 अगस्त की रात एक चोर घुसकर परिसर में खड़े दो ट्रैक्टर, जेनरेटर व लोडर टेंपो की बैटरी खोल ले गया। परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में उसके चोरी का दृश्य कैद हो गया। रविवार को फर्म के मालिक प्रतीम पटेल ने वाहन की बैटरी चोरी होने की लिखित तहरीर दी। थानाध्यक्ष पंकज पांडेय ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज से चोर का पता लगाया जा रहा है जल्द ही चोर को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। संवाद

# बेकाबू कार की टक्कर से मजदूर की मौत

## कार से दो युवक और आर्केस्ट्रा में काम करने वाली एक लड़की मिली

संवाद न्यूज एजेंसी

### पल्लेदारी करके परिवार चलाते थे रामचंद्र

घरुआर के पास एनएच-730 पर बलरामपुर जिले के तुलसीपुर से सिद्धार्थनगर जा रही तेज गति की कार ने अनियंत्रित होकर 64 वर्षीय रामचन्द्र को टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक बढ़नी में एक दुकान पर पल्लेदारी का काम करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक के तीन पुत्र थे। जिनमें पहले ही दो पुत्रों की मौत हो गई है। छह माह पहले उसके एक पुत्र मंगल की दिल्ली से आते वक्त रास्ते में एक मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई थी। मृतक के परिवार सहित पूरे गांव में शोक का माहौल हो गया। उधर कार में एक युवती सहित चालक अरविंद दुबे निवासी महानग थाना लोटन व दो अन्य युवक सवार थे। तीनों युवक नशे में थे। युवती पंजाब की रहने वाली है और नौगढ़ में ही रहकर आर्केस्ट्रा में काम करती है। पुलिस उनसे जानकारी ले रही है।

**सिद्धार्थनगर।** ढेबरुआ थाना क्षेत्र के घरुआर गांव के पास स्थित स्कूल हास्टल के सामने तेज गति से आ रही कार ने साइकिल सवार को टक्कर मार दिया। हादसे में साइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई।

कार को लोगों ने रोकने का प्रयास किया। लेकिन कार चालक ने कार नहीं रोका। कार की अनियंत्रित गति से उसका एक टायर भी फटकर निकल गया और कार बिना टायर केवल रिम के सहारे गोल्हौरा टोल प्लाजा पर पकड़ी गई। बताया गया कि कार में कार से दो युवक और आर्केस्ट्रा में काम करने वाली एक लड़की सवार थे।

एनएच- 730 पर स्थित घरुआर गांव के पास स्थित स्कूल हास्टल के सामने तेज गति से आ रही कार ने साइकिल सवार को ठोकर मार दिया। जिससे साइकिल सवार रामचंद्र (64) पुत्र मोलहे निवासी घरुआर थाना ढेबरुआ की मौके पर ही मौत हो गई।

कार को लोगों ने रोकने का प्रयास किया। लेकिन कार चालक ने कार नहीं रोका। कार की अनियंत्रित गति से उसका एक टायर भी फट कर निकल गया और कार बिना टॉयर केवल रिम के सहारे गोल्हौरा टोल प्लाजा पर पकड़ी गई। घटना स्थल से ही लोगों ने पहले ढेबरुआ थाने पर घटना की सूचना देकर कार का पीछा करना शुरू किया। ढेबरुआ में भी पुलिस कार को रोकने के लिए खड़ी थी लेकिन कार चालक ने कार नहीं रोका। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इस संबंध में ढेबरुआ एसएचओ छत्रपाल सिंह ने बताया कि लाश व कार को कब्जे में ले लिया गया है। लाश को पीएम के लिए भेजा जा रहा है।

# ग्रामीणों ने संदिग्ध को पकड़कर पुलिस को सौंपा

सिद्धार्थनगर। चिल्हिया थाना क्षेत्र के जमुनी गांव के कुछ लोगों ने शनिवार देर रात एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। रविवार को गांव के एक टेंपो वाहन के स्वामी ने थाने में तहरीर दी कि उसके टेंपो की बैटरी चोरी हो गई। उसने आरोप लगाया कि पकड़े गए व्यक्ति ने ही बैटरी चुराई है। इस संबंध चिल्हिया एसओ अमित कुमार ने बताया कि जमुनी गांव के कुछ लोगों ने एक व्यक्ति को चोर समझ कर पकड़ा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। चोरी में संलिप्त पाए जाने पर इसके ऊपर कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# ग्राम प्रहरियों को मिली सीटी, छाता और टार्च

सिद्धार्थनगर। लोटन थाने में ग्राम प्रहरियों को सीटी, छाता, टार्च वितरित किया गया। एसओ लोटन चंदन कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर प्रहरियों को पुलिस लाइन से प्राप्त आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान एसआई रविंद्र यादव, मृत्युंजय गुप्ता, हरिराम सिंह, नरसिंह यादव, पंकज कुमार यादव, वसीम अहमद, देवपाल दुबे, अरुण पांडेय मौजूद रहे। उधर, भवानीगंज थाने में ग्राम प्रहरियों को रविवार को पुलिस लाइन से प्राप्त सामग्री का वितरण किया गया। थानाध्यक्ष भवानीगंज शिव नारायण सिंह ने प्रहरियों को पुलिस लाइन से प्राप्त सीटी, छाता, टार्च मय सेल वितरित किया। इस मौके पर प्रहरी झिन्नू प्रसाद, राजमन, नौशाद अली, रामचंद्र, हरिशंकर रामदास, चौबे प्रसाद मौजूद रहे। संवाद

# महिला को टरका दिया, केस दर्ज हो जाता तो फंस जाते

## वायरल ऑडियो में किसी से कह रहे हैं त्रिलोकपुर थाने में तैनात दरोगा प्रमोद पांडेय, एसपी ने सीओ डुमरियागंज को सौंपी जांच

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। महिला को किसी तरह से टरका दिए हैं, नहीं तो केस दर्ज होता तो परेशान हो जाते। इसलिए जो बताए हैं, करवा दो, मामला निपट जाए। यह बात त्रिलोकपुर थाने में तैनात एक दरोगा की बताई जा रही है। सोशल मीडिया पर ऑडियो वायरल होते ही पुलिस महकमे में हलचल मच गई। एसपी ने सीओ डुमरियागंज को जांच करके रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

त्रिलोकपुर थाने में तैनात एक और दरोगा का ऑडियो रविवार को वायरल हो गया। वायरल ऑडियो में गंगाराम नाम का एक व्यक्ति किसी महिला के मामले में दरोगा से बातचीत के दौरान 50 बोल रहा है। यह 50 रुपये है, हजार है, या किसी अन्य वस्तु की संख्या है। यह स्पष्ट नहीं है। देखते ही देखते यह ऑडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया।

थाना क्षेत्र के असनहरा माफी गांव निवासी गंगा राम नाम के व्यक्ति से त्रिलोकपुर थाने में तैनात दरोगा प्रमोद पांडेय से बातचीत का 3 मिनट 44 सेकंड का ऑडियो है। इस वायरल ऑडियो में किसी महिला के मामले में गंगा राम दरोगा प्रमोद पांडेय से 50 बोल रहा है।

दरोगा मौके पर आने की बात कहता साफ सुनाई दे रहा है। ऑडियो में यह कहा जा रहा है कि महिला का मामला था टरका दिए, अगर केस दर्ज हो जाता तो बुरा फंस जाते।

जाओ सबसे से बात करके बताओ किसी तरह से मामले का सुलझाया जाए। रुपये की बात कहीं नहीं आ रही है। लेकिन, लोग चर्चा कर रहे हैं कि जो 50 की संख्या की बात कही जा रही है, हो सकता है वह 50 हजार रुपये हो। जिसको इस तरह से बोल रहे हैं कि किसी की समझ में न आए।

### तीन दिन पहले ही दरोगा भीम सिंह का रुपये के लेनदेन का ऑडियो हुआ था वायरल

अभी तीन दिन पहले ही थाने में तैनात दरोगा भीम सिंह का रुपये के लेनदेन का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। उन्हें निलंबित कर दिया गया था। ताजा मामला एसपी के संज्ञान में आया तो उन्होंने सीओ डुमरियागंज को जांच करके रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।

त्रिलोकपुर थाने में तैनात दरोगा का ऑडियो वायरल होने का मामला सामने आया है। इस मामले की जांच सीओ डुमरियागंज को सौंपी गई है। उनकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
- अभिषेक कुमार अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक



त्रिलोकपुर थाने में तैनात दरोगा का ऑडियो वायरल हो रहा है। उसकी जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
- सुजीत कुमार राय, सीओ डुमरियागंज

मामला दो पक्ष और महिला से जुड़ा हुआ था। मैंने बोला कि लोगों से बात करके समझ लो, हल निकल जाए। मैंने किसी रुपये की मांग नहीं की है। आरोप पूरी तरह से निराधार और बेबुनियाद है।
- प्रमोद पांडेय, दरोगा

### *विवादित टिप्पणी का वीडियो वायरल*

*उसका बाजार। उसका थानाक्षेत्र में रविवार को एक विवादित वीडियो वायरल हुआ है। इसमें एक बालक डॉ. भीमराव आंबेडकर के लिए अपशब्द कहते हुए देखा जा रहा है। इसके साथ ही ओंगिया कोतवाली के नादेपार गांव निवासी विनोद कुमार की तरफ से थानाध्यक्ष को दिया पत्र भी वायरल हुआ है। इस संबंध में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सरोज ने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। संवाद*

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-04-09-2023

# केस दर्ज करने से कतरा रही पुलिस

मेंहदावल। मेंहदावल थाना क्षेत्र के बेलौहा गांव से चोरी हुई भैंस के बरामद होने के बाद भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं कर रही है। पीड़ित का आरोप है कि भैंस बरामदगी व नामजद तहरीर देने के बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है।

थाना क्षेत्र के बेलौहा गांव निवासी फूलमती देवी पत्नी कोईल ने बताया कि 25 अगस्त को उनकी भैंस को चार लोग पिकअप पर लादकर चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी होते ही डायल 112 को सूचना दिया। तहरीर भी दिया। जिस पर सक्रिय हुई पुलिस ने विशुनपुरवा के बीच में चोरों को वाहन समेत पकड़ कर भैंस दिला दिया। लेकिन एक सप्ताह बीतने के बाद भी भैंस चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया गया।

## खलीलाबाद शहर के भिटवा टोले में शॉर्ट सर्किट से भोर में लगी आग

# आग से मकान-दुकान जला, भारी नुकसान

**आग से आफत**

- दुकान और घर का सारा सामान जलकर हुआ राख
- इलेक्ट्रानिक सामान की मरम्मत का करता है काम



खलीलाबाद के भिटवा टोला मोहल्ले में रविवार को भोर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग बुझाने में जुटे फायर ब्रिगेड कर्मी। • हिन्दुस्तान

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। खलीलाबाद शहर के बीच में स्थित भिटवा टोला मोहल्ले के एक मकान में रविवार को भोर में शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने से लाखों रूपए का नुकसान हुआ। इस घटना में दुकान और घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित इलेक्ट्रानिक सामानों के मरम्मत का काम करता है। पुलिस के अनुसार मकान के नीचे दुकान है और उसके ऊपर अपना आवास बना रखा है। भोर में शार्ट सर्किट से आग लगने का अनुमान लगाया जा रहा है। सूचना पर पहुंची फायर सर्विस की तीन गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग को काबू में किया।

शहर के भिटवा टोला मोहल्ले में रविवार की भोर में अंबर गुप्ता के मकान में आग लग गई। आग लगने से उठ रहे धुंए की दुर्गंध महसूस होने पर घर में सो रहे परिजन नींद दे जागे। शोर मचाते हुए किसी तरह घर से निकल कर भागे। शोर होने पर आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर आग को काबू में करने का प्रयास किया। इस प्रयास में लोगों को कामयाबी नहीं मिली। आग दुकान व मकान में फैल गई। इसके बाद मामले की सूचना कोतवाली पुलिस और अग्निशमन केंद्र पर दी गई। सूचना के बाद बरदहिया बाजार चौकी प्रभारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। आग की भयावहता को देखते हुए इस बीच तीन फायर टेंडर भी मौके पर आग को काबू में करने का काम शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद फायर सर्विस के जवानों ने आग को काबू में किया।

### संकरी गली में नहीं पहुंच सका फायर टेंडर

आग लगने की सूचना के बाद आसपास अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना के बाद अग्निशमन अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ मौके पर राहत व बचाव कार्य के लिए तीन फायर टेंडर पहुंच गए। घटना स्थल संकरी गली होने के वजह से फायर टेंडर की गाडियां गली में नहीं घुस सकी। इसके बाद मेन सड़क पर गाड़ी को खड़ी करके राहत एवं बचाव कार्य फायर कर्मियों ने शुरू किया। फायर सर्विस के जवानों के अनुसार लगभग सौ मीटर तक पाइप को फैलाकर आग को बुझाया गया। तब तक काफी नुकसान हो चुका था।

## पुलिस टीम ने लगवाया सीसीटीवी कैमरा

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस टीम ने जन सहयोग से तीन स्थानों पर दस सीसीटीवी कैमरा लगवाया। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने एक स्थान पर नौ सीसीटीवी कैमरा, थाना दुधारा पुलिस ने एक स्थान पर एक सीसीटीवी कैमरा और थाना मेंहदावल पुलिस ने एक स्थान पर छह सीसीटीवी कैमरा लगवाया। पुलिस ने कैमरा लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को माल्यार्पण कर सम्मानित भी किया।

# दबंगों के हमले से महिला घायल, मुकदमा दर्ज

**बखिरा, हिन्दुस्तान संवाद।** क्षेत्र के बड़गो में पति से नाराज होकर छोटी बहन के घर रहने वाली सुमन को पति के ननिहाल वालों ने मारापीटा, जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर उसके पति के ननिहाल वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

सुमन देवी का आरोप है कि पति आशीष से विवाद होने से वह कुछ दिनों से अपनी छोटी बहन पूनम के ससुराल में रहती है। दो सितंबर की शाम को चार बजे बेलहर निवासी पति ने उसे फोन पर अपशब्द कहा। बदले में उसने भी पति आशीष को फोन पर ही अपशब्द कह दिया। इससे नाराज होकर उसके पति के कहने पर पति आशीष के बड़गो निवासी ननिहाल वालों ने उसे व छोटी बहन पूनम को अपशब्द कहा। विरोध करने पर उसे व छोटी बहन को लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया व जान से मारने की धमकी भी दी। एसओ श्याम मोहन ने बताया वादी की शिकायत पर बड़गो निवासी गोकरन निषाद, श्यामकरन निषाद, श्यामकरन की पत्नी व सन्तोला के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# बैनामा की भूमि पर निर्माण करने से रोक रहे दबंग

धनघटा, हिन्दुस्तान संवाद। धनघटा तहसील क्षेत्र के उमरिया बाजार में एक व्यक्ति ने 16 वर्ष पूर्व भूमि का बैनामा करवाया था। अब जब उसकी व्यवस्था घर बनवाने की हुई तो उसने अपने बैनामा शुदा भूमि पर नींव डलवाने का काम शुरू किया। इसके बाद कुछ दबंग निर्माण कार्य में अड़चन डाल रहे हैं। जिसको लेकर बैनामा करवाने वाला व्यक्ति परेशान है। उसने थाने व तहसील पर प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

उमरिया बाजार निवासी सुदामी देवी पत्नी रविंदर का आरोप है कि 16 वर्ष पूर्व 10 अक्टूबर 2007 को उमरिया बाजार में उसने एक भूमि का बैनामा करवाया था। जब वह भूमि पर रविवार को नींव डलवाने पहुंची तो फ़र्जी तरीके से एग्रीमेंट करवाया एक व्यक्ति भूमि पर कब्जा करने से रोकने लगा।

# दो वारंटियों को गिरफ्तारकर पुलिस ने भेजा जेल

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने अलग-अलग मामले में दो वारंटियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई करने के बाद जेल भेज दिया। जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ छापेमारी की। थाना महुली पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त रविन्द्र चौधरी पुत्र रामदास निवासी कठैचा, ब्रह्मानन्द राय पुत्र चन्द्रप्रकाश राय निवासी बैडंड़वा थाना महुली को गिरफ्तार किया। इसके बाद संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल रवाना कर दिया।



नाथनगर-काली जगदीशपुर मार्ग पर तिनहरी पुलिया के पास रविवार को एचटी लाइन के लिए लगाए जा रहे पोल का विरोध करते ग्रामीण। • हिन्दुस्तान

# हाईटेंशन लाइन खींचने के लिए लग रहे पोल को ग्रामीणों ने रोका

- पुलिस की सख्ती के बाद माने ग्रामीण
- टीएचआर प्लांट पर कनेक्शन देने के लिए हो रहा था कार्य

**नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद।** महुली थाना क्षेत्र के नाथनगर-काली जगदीशपुर मार्ग पर तिनहरी गांव में एनआरएलएम के तहत बने टीएचआर प्लांट को विद्युत आपूर्ति के लिए लगाए जा रहे पोल कार्य को ग्रामीणों ने रोकवा दिया। हंगामा करने लगे। सूचना पर तहसील प्रशासन और स्थानीय पुलिस पहुंच गई। पहले तो आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने बुझाने का प्रयास किया। लेकिन जब बात नहीं बनी तो पुलिस की सख्ती पर लोग शांत हुए। तब जाकर पोल लगाने का कार्य शुरू हो सका।

ग्राम पंचायत अलीनगर स्थित तिनहरी मोहल्ला में एनआरएलएम विभाग के महिला स्वयं सहायता समूह का टीएचआर प्लांट को सीधे विद्युत आपूर्ति देने के लिए सड़क किनारे विद्युत पोल लगाया जाना था। ताकि पोल से हाईटेंशन लाइन खींची जा सके। रविवार को सम्बन्धित कार्यदायी संस्था के निगम कर्मी पहुंचे। तिनहरी पुलिया के पास गड्ढा खोदकर पोल खड़ा करने का प्रयास किया। इसी दौरान भनक लगते ही ग्रामीण पहुंच गए। दुर्घटना होने की आशंका व्यक्त की। कार्य को रोकवा दिया। सूचना पर नायब तहसीलदार पुलिस के साथ पहुंचे। समझाते हुए बताया कि नंगे तार की जगह केबल तार खिंचा जाएगा। जिससे जान जोखिम में नहीं पड़ सकता है। इसके बाद भी ग्रामीण नहीं माने तो पुलिस ने सख्ती शुरू की। उसके बाद ग्रामीण शांत हुए। तब जाकर पोल लगना शुरू हुआ।

# तीन परिवारों को बिखरने से बचाया

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने टूटते परिवारों को जोड़ने की एक पहल साथ-साथ कार्यक्रम के तहत तीन परिवारों को बिखरने से बचाया।

मनीषा मिश्रा निवासी मौजा करमाकला थाना बेलहरकला द्वितीय पक्ष अरविन्द कुमार निवासी मौजा भिटिया राजा थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर, कमरजहाँ निवासी ओड़वलिया थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर द्वितीय पक्ष आजम अली निवासी पड़रिया थाना बेलहरकला एवं संगीता चौधरी निवासी मखदूमपुर थाना लालगंज जनपद बस्ती द्वितीय पक्ष बृजेश निवासी उमरी कला थाना कोतवाली खलीलाबाद के मध्य काफी दिनों से पारिवारिक विवाद था।

# युवक को मनबढ़ों ने पीटा, चार नामजद

जासं, महुली, संतकबीर नगर : नगर पंचायत हरिहरपुर के वार्ड नंबर-छह सूर्यनगर निवासी हर्ष पुत्र दिवाकर बंजर की भूमि में दुकान लगा रहे थे। कुछ लोगों ने उन्हें मना किया लेकिन वह नहीं माने। इस पर लोगों ने पीटकर उन्हें घायल कर दिया।

# चुनाव को लेकर छात्रों का धरना जारी

## छात्रसंघ चुनाव को लेकर लगातार तीसरे दिन भी छात्रों ने की नारेबाजी व प्रदर्शन

- महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर दिन-रात हो रहा छात्रों का जमावड़ा
- चुनाव को लेकर 28 अगस्त से छात्रों का चल रहा आंदोलन

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर: हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय खलीलाबाद में छात्रसंघ चुनाव को लेकर रविवार को भी छात्रों का धरना जारी रहा। मुख्य द्वार पर दिन-रात धरना दे रहे छात्रों ने लगातार तीसरे दिन मांग को लेकर नारेबाजी व प्रदर्शन किया। समर्थक धरना स्थल पर पहुंचकर छात्र नेताओं का उत्साह बढ़ाते रहे। देर शाम को छात्रों ने सोमवार को महाविद्यालय खुलने पर धरना में छात्रों की संख्या बढ़ाने व प्रशासन से वार्ता करने का निर्णय लेकर आगे की तैयारी पूरी की।

महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव कराने के लिए छात्र धरना दे रहे हैं। महाविद्यालय प्रशासन ने जिला प्रशासन पर मामला छोड़ दिया है। छात्रसंघ चुनाव कार्यक्रम घोषित होने से पूर्व विभिन्न पदों पर दावेदारी जताकर छात्र नेता अपने पक्ष में माहौल बना रहे हैं। कई ने तो महाविद्यालय के सामने व मार्ग पर बैनर व होर्डिंग भी लग रखा है। अलग-अलग खेमे के छात्र महाविद्यालय द्वार पर बकायदा शामियाना लगाकर एक साथ बैठकर धरना दे रहे हैं।




हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय खलीलाबाद के मुख्य द्वार पर लगातार तीसरे दिन धरना देते छात्र • जागरण

धरना स्थल पर मौजूद छात्र रह-रहकर नारेबाजी करके लोगों में उत्साह भर रहे हैं। प्राचार्य से मिलकर जिला प्रशासन के लिए पत्र जारी कराने व प्रशासनिक अधिकारियों से मिलने के लिए विचार-विमर्श करके आपस में सहमति बनाते रहे। धरना स्थल पर छात्रसंघ के अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, उज्जवल सिंह, राहुल यादव, अंबेश पांडेय, विवेक सिंह, विजय यादव, गोविंद यादव, सदानंद, मनीष यादव, महक सिंह, गोविंद यादव, अंशुमान सिंह, अभिषेक सिंह, शुभम, नीलेश सहित अनेक छात्र मौजूद रहे।

### सप्ताह भर से चल रहा आंदोलन

छात्र संघ चुनाव कराने की मांग को लेकर जुलाई से ही मांग की जा रही है। बार-बार मांग पत्र देने के बाद चुनाव न होने पर नारेबाजी भी किया था। 28 अगस्त को चुनाव के संबंध में बैठक निरस्त होने पर छात्रों ने मार्ग जाम करके प्रदर्शन किया। घेराव व धरना-प्रदर्शन से विवाद की स्थिति देखते हुए दो दिन महाविद्यालय बंद कर दिया गया। एक सितंबर को महाविद्यालय खुलने पर छात्र नेता ने कक्षाओं का बहिष्कार करके धरना दिया। सांसद व पूर्व विधायक ने छात्रों से समझा लेकिन वह मांग पर अड़े हैं। दो सितंबर को एक छात्रा व दो छात्र की हालत बिगड़ गई थी। जिला चिकित्सालय में उपचार कराने के बाद तीनों धरना पर मौजूद हैं।

# अग्निशमन टीम ने आग से बचाव की दी जानकारी



बखिरा थाना क्षेत्र के बाराखल में आग से बचाव की जानकारी देती अग्नि शमन विभाग की टीम● फोटो पुलिस मीडिया सेल

**संतकबीर नगर**: अग्नि शमन विभाग की टीम रविवार को बखिरा थाना के विभिन्न स्थानों पर पहुंची। लोगों को आग से बचाव के बारे में जानकारी दी।

अग्नि शमन के अधिकारी अशोक यादव की टीम सबसे पहले बाराखल पहुंची। वहां लोगों को आग लगने के बाद बचाव की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आग लगने पर धैर्य से काम लें और उस पर काबू पाने का प्रयास करें। वहां से टीम गोरवापुरवा, दुर्गजोत, मानपुर, मदारीजोत, तरकुलवा आदि गांवों में पहुंची। छप्पर के घर में रहने वाले लोगों को गैस सिलेंडर व विद्युत शार्ट-सर्किट से बचाव के बारे में जानकारी दी। लोगों से कहा कि सजगता से ही सुरक्षा संभव है। लापरवाही घटना का मुख्य कारण होती है। आकस्मिक घटना होने पर तुरंत सूचना देने के लिए कहा गया। जिससे तुरंत प्रभावी पहल करके क्षति होने से रोका जा सके। (विज्ञप्ति)

# दो भाई समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा

जागरण संवाददाता, बखिरा, संतकबीर नगर : बखिरा पुलिस ने महिला को मारपीट के मामले में रविवार को दो भाई समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

बेलहरकला निवासी सुमन देवी ने थाने में तहरीर दी है। इसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि उनका पति आशीष से विवाद हो गया था। इसके कारण बड़गो में बहन पूनम के साथ रहती हैं। बीते दो सितंबर को शाम चार बजे पति फोन पर मुझे अपशब्द कहने लगे। उन्होंने भी उन्हें अपशब्द कह दिया। इसी को लेकर आशीष के बड़गो गांव स्थित ननिहाल के गौकरन निषाद, उनके भाई श्यामकरण निषाद, शिवप्रसाद निषाद, इनकी बेटी संतोला, श्यामकरन की पत्नी ने उन्हें व उनकी छोटी बहन पूनम को अपशब्द कहा। विरोध करने पर पीटा। थानाध्यक्ष श्याम मोहन ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

**बाइक की ठोकर से महिला गंभीर: महुली, संतकबीर नगर :** महुली थाना क्षेत्र के कुशहवा, बाजार स्थित बस्ती रोड पर बाजार से वापस जा रही महिला को बाइक ने ठोकर मार दी, जिसके चलते महिला सड़क पर गिरकर घायल हो गयी।

# जिधर चाहते हैं, वहीं खड़ा कर देते हैं वाहन




सेमरियावां कस्बे में सड़क पर खड़ी एक ट्रैक्टर में जुड़ी दो ट्राली ● **जागरण**

**जासं, सेमरियावां** : चालक जिधर चाहते हैं, वहीं निजी वाहन खड़ी कर देते हैं। ये यातायात नियमों का पालन नहीं करते हैं। इससे लोगों को आवागमन में दिक्कत झेलनी पड़ रही है। पुलिस कर्मी रोजाना यह सब देखने के बाद भी खामोश हैं। लोगों ने नियमों की अनदेखी करने वाले चालकों पर कार्रवाई की मांग की है।

बाघनगर कस्बे के रामकुमार गुप्ता, उसराशहीद के इरशाद अहमद ने कहा कि बस्ती-मेंहदावल-करमैनी-तमकुही (बीएमसीटी) मार्ग पर सेमरियावां, बाघनगर, टेमारहमत, दुधारा, उसरा शहीद, पैड़ी, दानोकुइयां सहित अन्य स्थानों पर हर दिन ओवर लोड ट्रक, डीसीएम, ट्रैक्टर-ट्राली आदि वाहन आते-जाते हैं। यातायात नियमों की अनदेखी कर चालक जिधर चाहते हैं, वहीं वाहन खड़ी कर देते हैं। चालकों के खिलाफ कार्रवाई न होने से क्षेत्र के लोग परेशान हैं। प्रशासन से इनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की हैं। दुधारा थानाध्यक्ष राकेश कुमार मिश्र ने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ जल्द अभियान चलेगा।

# शांतिभंग की आशंका में एक को दबोचा

संतकबीर नगर : मेंहदावल पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में रविवार को एक व्यक्ति को पकड़कर थाने पर लाई। यह व्यक्ति भूमि विवाद को लेकर विवाद कर रहा था। मारपीट करने पर उतारू हो गया था। (विज्ञप्ति)

# तीन स्थानों पर लगवाए गए 16 सीसी कैमरे

**आपरेशन त्रिनेत्र अभियान**

**संतकबीर नगर:** आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत तीन थाने की पुलिस ने लोगों के सहयोग से रविवार को तीन स्थानों पर 16 सीसी कैमरे लगवाए। इसमें कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने एक स्थान पर नौ, दुधारा पुलिस ने एक स्थान पर एक तथा मेंहदावल पुलिस ने एक स्थान पर छह सीसी कैमरे लगवाए हैं। यह कैमरा लगाने वाले लोगों को पुलिस ने फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने कहा कि इस अभियान के तहत जनपद के लोगों से अपील की जा रही है कि वे अपने-अपने घरों, कालोनियों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसी कैमरे लगाएं। कम से कम एक कैमरे से सड़क पर भी निगरानी रखें। ऐसा करने पर पल-पल की गतिविधियों पर नजर रखने में मदद मिलेगी। लोगों के सहयोग से असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाया जा सकेगा। इससे कानून व्यवस्था बेहतर बनाने में सहयोग मिलेगा। (विज्ञप्ति)

# ब्लॉक स्तर पर अग्नि शमन केंद्र के लिए ढूंढ रहे जमीन

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। बजट की कमी से धनघटा के सिरसी और मेंहदावल के भरवलिया पांडेय में अग्नि शमन केंद्र का निर्माण अधर में लटक गया है। मई दो 2021 में ही दोनों केंद्रों का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाना था, लेकिन अभी तक सिर्फ 30 प्रतिशत ही काम हो पाया है। मेंहदावल में तो ढाई साल से काम बंद पड़ा है। आग से बचाव के उपाय के नाम पर अधूरे अग्नि शमन केंद्र मूक गवाह है। ऐसी स्थिति में आग लगने पर खतरे ही खतरे हैं।

धनघटा तहसील क्षेत्र के सिरसी में दस अक्तूबर 2019 को पूर्व राज्य मंत्री श्रीराम चौहान ने अग्निशमन केंद्र की आधारशिला रखी थी। 7.20 करोड़ की लागत से इसे मई 2021 तक बनकर तैयार होना था। बजट की कमी से तीन साल तक काम बंद रहा। कार्यदाई संस्था उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद के एक्सईएन एक लाख अहमद ने बताया कि तीन साल तक बजट हीं नहीं मिला। अभी तक सिर्फ स्वीकृत लागत का 40 प्रतिशत की पैसा मिला है। मार्च में ढाई करोड़ का बजट मिला है। अभी तक सिर्फ 30 प्रतिशत ही काम हो पाया है। यदि समय से बजट मिलता तो काम पूरा हो गया होता है। वैसे पूरी कोशिश है कि दिसंबर तक मुख्य भवन पूरा करा दिया जाए।

वर्ष 2019 में ही मेंहदावल ब्लॉक के भरवलिया पांडेय में 9 .27 करोड़ की लागत से अग्निशमन केंद्र का निर्माण शुरू हुआ। इसका निर्माण कार्य वर्ष 2021 में ही पूर्ण होना था। बजट नहीं मिलने से ढाई साल से काम बंद पड़ा है। अभी तक सिर्फ 2. 63 करोड़ रुपये कार्यदाई संस्था उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद को मिला था। कार्यदाई संस्था के एई राम प्रताप ने बताया कि बजट की कमी से ढाई साल से काम बंद है।

## दो साल पहले पूर्ण होना था निर्माण, अभी तक हुआ सिर्फ 30 प्रतिशत काम



मेंहदावल में अधूरा पड़ा फायर स्टेशन का कार्य। संवाद

# शहर में बड़े वाहनों का रोकेंगे प्रवेश, लगाए जाएंगे गार्डर

## जाम व दुर्घटना से निजात के लिए यातायात पुलिस और नगर पालिका ने की पहल

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। बंजरिया, बरदहिया और समयजी स्थान मार्ग पर आए दिन लग रहे जाम से निजात के लिए खलीलाबाद शहर में बड़े वाहनों के आवागमन को रोकने की पहल शुरू हो गई है। नगर पालिका और यातायात पुलिस ने कार्य योजना तैयार कर ली है। शहर में प्रवेश करने वाले प्रमुख स्थानों पर गार्डर लगाया जाएगा, ताकि ट्रक, बस और अन्य बड़े वाहन शहर में प्रवेश न कर सकें। इससे शहर में जाम की समस्या से निजात के साथ ही दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी। उम्मीद है कि माह के अंत तक गार्डर लगाने का कार्य पूरा हो जाएगा।



मधुकुंज चौराहे पर बड़े वाहनों के प्रवेश से ऐसे जाम लगता है। संवाद

खलीलाबाद शहर में प्रवेश के लिए सात प्रमुख मार्ग हैं। इन मार्गों से आए दिन बड़े वाहन शहर में प्रवेश कर जाते हैं। वैसे, सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक पुलिस ने नो इंट्री कर रखा है, फिर भी बड़े वाहन लिंक रास्तों से शहर में प्रवेश कर जाते हैं। इनमें सबसे ज्यादा माल वाहक होते हैं। हालांकि, पकड़ में आने पर पुलिस इन वाहनों का चालान भी करती है। बड़े वाहन आने से शहर में कई दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं।

**इन मार्गों पर लगेंगे गार्डर :** खलीलाबाद शहर के बंजरिया से मेंहदूता मार्ग दोनों तरफ, समय जी स्थान से दुर्गा मंदिर मार्ग के दोनों तरफ, बरदहिया से डीघा बाईपास, मेंहदावल बाईपास से शहर में प्रवेश करने वाले मार्ग, बरईटोला मार्ग शामिल हैं।

**केस 1** फरवरी में खलीलाबाद शहर में रहने वाले 19 वर्षीय अभिषेक वर्मा बाइक से घर जा रहे थे। शहर के पुल पर एक ट्रक ने टक्कर मार दी थी। उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी।

**केस 2** दिसंबर 2022 में इंडस्ट्रियल एरिया की एक महिला ई-रिक्शा से अपने घर जा रही थी। ई-रिक्शा पुल पर चढ़ा ही था कि एक ट्रक ने रिक्शा को चपेट में ले लिया था। ई-रिक्शा पुल से नीचे गिर गया था और उसमें सवार महिला की मौत हो गई थी। दो अन्य लोग घायल हो गए थे।

*शहर में जाम की समस्या और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए गार्डर लगाया जा रहा है, चौराहों को चिन्हित कर लिया गया है। जल्द ही इस पर कार्य शुरू हो जाएगा, जिससे लोगों को समस्या से निजात मिलेगी। -जगत जायसवाल, चेयरमैन, नगर पालिका खलीलाबाद*

*शहर में जाम की समस्या से निजात के लिए पीआरडी, होमगार्ड व यातायात पुलिस के कर्मी लगाए गए हैं। नगर पालिका में कुछ ऐसे मार्ग हैं, जहां से बड़े वाहन प्रवेश कर जाते हैं। वहां पर गार्डर लगाने का प्लान किया गया है, ताकि बड़े वाहन शहर में प्रवेश न कर पाए। -परमहंस, यातायात प्रभारी*

# किशोरी को भगाने के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**संतकबीरनगर।** अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जैनुद्दीन अंसारी ने बहला-फुसला कर किशोरी को भगाने के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी। विशेष लोक अभियोजक फौजदारी सत्य प्रकाश ने बताया कि बेलहर कला क्षेत्र के रहने वाले पीड़ित पिता ने थाने में तहरीर दी थी। जिसमें कहा कि 22 फरवरी को उसकी 17 वर्षीय बेटी को गांव का आरोपी युवक भगा ले गया।

बेटी को भगाने में आरोपी की मां ने सहयोग किया। काफी तलाश के बाद भी बेटी नहीं मिली। आरोपी के घर पूछताछ करने पर आरोपी की मां ने अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज किया। आरोपी युवक ने अपने कोर्ट में जमानत प्रार्थना पत्र दाखिल किया। जिसमें कहा कि वह बेकसूर है। उसे फर्जी तरीके से केस में फंसाया गया है। प्रधानी चुनाव की रंजिश को लेकर मनगढंत कहानी बनाकर उसे फंसाया गया है।

विशेष लोक अभियोजक फौजदारी ने कोर्ट में तर्क दिया कि अपराध गंभीर है। आरोपी ने बहला फुसलाकर पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया है। कोर्ट ने आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

## चाकू के साथ युवक गिरफ्तार, केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**धनघटा।** महुली पुलिस ने शनिवार शाम को चाकू के साथ युवक को गिरफ्तार किया।

एसओ भगवान सिंह ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए आरोपी की पहचान बबलू प्रसाद निवासी रामपुर बारह कोनी थाना धनघटा के रूप में हुई। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का केस दर्ज किया गया।

## पुरानी रंजिश में युवक को पीटा, केस

संतकबीरनगर। कोतवाली क्षेत्र के दलेलगंज में पुरानी रंजिश में कुछ लोगों ने युवक की पिटाई कर दी। पीड़ित सुजीत गोड़ पुत्र सुरेंद्र गोड़ का आरोप है कि एक सितंबर को पुरानी रंजिश को लेकर गांव के अशोक, रीता, जगनरायन यादव, अमित यादव उसे रास्ते में रोक लिया। उसे अपशब्द कहने लगे।

विरोध करने पर लोग उसे मारने-पीटने लगे। शोर मचाने पर कुछ लोगों को आता देखकर जानमाल की धमकी देते हुए भाग गए। कोतवाल ने बताया कि दंपती समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया गया। संवाद

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-04-09-2023

# बाइक और भैंस चोरी करने के दो आरोपी दबोचे गए

- एक बाइक, एक पिकअप व 4900 रुपये बरामद
- आरोपियों का एक गिरोह भी है जो वारदात करता है

गोण्डा। थाना कोतवाली नगर पुलिस ने मोटरसाइकिल व भैस चोरी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी की एक मोटरसाईकिल, एक पिकअप व भैस चोरी से सम्बन्धित 4900 रुपये भी बरामद किए हैं।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों अमित विश्वकर्मा उर्फ पंचू पुत्र श्यामलाल विश्वकर्मा निवासी साहबगंज व समीर उर्फ लल्लन पुत्र रज्जब अली निवासी फैजाबाद रोड इमामबाड़ा महराजगंज ने अपने साथी के साथ मिलकर आठ अगस्त को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के रहने वाले अनवर पुत्र नूर मोहम्मद की दो भैसों व 23 अगस्त को त्रलोकी नाथ पुत्र राधिका प्रसाद की दो भैसों और 21 अगस्त को मुकेश कुमार की मोटरसाइकिल चोरी किया था। वहीं 06 मई को थाना धानेपुर क्षेत्र के बालक राम पुत्र मेही लाल की एक भैस को चोरी किया था। गिरफ्तार आरोपियों का एक संगठित गिरोह है जो जनपद गोण्डा के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मोटरसाइकिल व भैस चोरी करने का काम करते हैं। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

# मेडिकोलीगल की बारीकियां बताईं

गोण्डा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित जांच तकनीक, मेडिको लीगल परीक्षा, पूछताछ, शव परीक्षण, अपराध स्थल का निरीक्षण और साक्ष्यों का संग्रह के संबंध में टाउन हॉल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में न्यायिक, चिकित्सा एवं पुलिस अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

# अभियान चलाकर पकड़े गए गोवंश

करनैलगंज । रविवार को अभियान चलाकर गोंडा-लखनऊ हाईवे पर घूम रहे छुट्टा गोवंशों को पकड़ कर गौशाला में संरक्षित किया।

डीएम नेहा शर्मा के निर्देश पर उपजिलाधिकारी विशाल कुमार के नेतृत्व में तहसील करनैलगंज के आसपास राजमार्गो और अन्य स्थानों पर घूम रहे निराश्रित गोवंशों को पकड़ने का अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम द्वारा दर्जनों गोवंशों को पकड़कर गौशालाओं में संरक्षित किया गया।

एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि राजमार्गो एवं बाजारों में घूम रहे निराश्रित गोवंशों पर विशेष ध्यान दें उन्हें तत्काल पकड़कर गौशालाओं में संरक्षित किया जाए।

# जानलेवा हमले के दो आरोपी दबोचे

गोण्डा। कोतवाली नगर के उम्मेदजोत ग्राम पंचायत के बनकटवा गांव के सीमेंट मोरंग विक्रेता और सीमेंट डीलर के बीच लेन-देन को लेकर शनिवार देर शाम कहासुनी के बाद जमकर मारपीट हुई। इस मामले में कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

थाना कोतवाली नगर पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर जानेलवा हमला करने के दो आरोपी मो. लाडले पुत्र उमर व कज्जन पुत्र जलाल को गिरफ्तार किया है । दोनों अपने साथी आरोपियों के साथ मिलकर दो सितम्बर को पैसे के लेनदेन के चलते वादी सूर्य प्रकाश तिवारी उर्फ राकेश कुमार तिवारी निवासी काजीदेवर के लड़के शुभम तिवारी के ऊपर जानलेवा हमला करते हुए मारा-पीटा था।

# महिलाओं को किया गया जागरूक

करनैलगंज । मिशन शक्ति अभियान के चौथे चरण में जागरूक रहें, सुरक्षित रहें विषय पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसको गति दे रही कोतवाली करनैलगंज की मिशन शक्ति टीम ने चौपाल लगाकर गांव की महिलाओं को जागरूक किया।

शनिवार को मिशन शक्ति टीम द्वारा सकरौरा ग्रामीण के मजरा गोड़ियन पुरवा में चौपाल लगाई गई। महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति हो रहे अपराधों जैसे-छेड़छाड़, शोषण, दहेज उत्पीड़न, बाल अपराध, एसिड अटैक इत्यादि की रोकथाम व विद्यालय न जाने वाले बच्चो के अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाने के संबंध में टीम ने महिलाओं को प्रेरित किया।

# तीन जोड़े साथ रहने को राजी

गोण्डा। पुलिस लाइन में आयोजित परिवार परामर्श केन्द्र में एसपी अंकित मित्तल के निर्देशन परामर्शदाताओं ने बिछुडे.जोड़ो की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया। तीन जोड़ो को समझाबुझाकर सुखी जीवन जीने के लिए राजी कर लिया । इस दौरान गंगाधर शुक्ल, राजमंगल मौर्य, अनीता श्रीवास्तव, यशोदा नन्दन त्रिपाठी, संतोष ओझा, दरोगा तसरीफ अहमद, रोशन आरा, नेहा सिंह आदि मौजूद रहीं ।

# शांतिभंग की आशंका में 11 के विरुद्ध कार्रवाई

गोण्डा। जनपद की पुलिस ने विभिन्न मामलों में शांतिभंग की आशंका के मद्देनजर जनपद के विभिन्न थानों से कुल 11 आरोपियों का चालान किया है। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया। उधर, अभियान चलाकर थाना कटराबाजार पुलिस ने एक , थाना कोतवाली नगर पुलिस ने एक व थाना उमरीबेगमगंज पुलिस ने दो वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

# लड़की को भगा ले जाने का आरोपी दबोचा

गोण्डा। थाना मोतीगंज पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोपी दिनेश कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी माधवगंज धानेपुर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी थाना मोतीगंज क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। जिसके सम्बन्ध में पीड़िता के भाई ने अभियोग पंजीकृत कराया था।

# बहराइच का युवक गायब हुआ, नहर में तलाश शुरू

**सनसनी**

- सरयू नहर के पास बाइक शर्ट और चप्पल पड़ी मिली
- पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शुरू की युवक की तलाश

रुपईडीह, संवाददाता। शनिवार को ससुराल आया युवक देर रात तक घर वापस नहीं गया और उसकी मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने युवक की खोजबीन शुरू की। इस पर उसकी मोटरसाइकिल, चप्पल व शर्ट कौड़िया थाना क्षेत्र के बनगाई गांव के पास सरयू नहर पर रखा मिला। युवक के सरयू नहर में कूदने की आशंका के चलते पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से नहर के पानी में तलाश शुरू कर दी है।

चौकी प्रभारी आर्यनगर दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि पड़ोसी जनपद बहराइच के थाना विशेश्वरगंज के ग्राम पंचायत मल्लोह के निवासी नंदकुमार मिश्रा ने एक प्रार्थना पत्र देकर कहा कि उसका 30 वर्षीय पुत्र सुभाष चंद्र मिश्र उर्फ राजन शनिवार दोपहर करीब 2:00 बजे घर से मोटरसाइकिल से अपने ससुर आत्माराम तिवारी निवासी पुरैनिया थाना खरगूपुर के यहां आया हुआ था। रात करीब 9:00 बजे तक अपने ससुराल में था। इसके बाद वह ससुराल से घर के लिए निकला और मोबाइल से बात की। थोड़ी देर बाद से उसकी मोबाइल स्विच ऑफ हो गई और देर रात तक घर नहीं पहुंचा। रविवार सुबह कौड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बनगाई के पास सरयू नहर पर कुछ लोगों ने एक मोटरसाइकिल, चप्पल,व शर्ट रखा देखा। जिसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस व परिजन मौके पर पहुंचकर मोटरसाइकिल कपड़ा व चप्पल की पहचान कर सुभाष चंद्र उर्फ राजन की होने की पुष्टि करते हुए युवक की खोज बीन शुरू की। सरयू नहर पर मोटरसाइकिल व कपड़ा होने पर लोगों ने युवक के नहर में कूदने की आशंका व्यक्त की। जिस पर पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से नहर के पानी में भी तलाश शुरू की। इस संबंध में थानाध्यक्ष कौड़िया योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि युवक की तलाश की जा रही है। सूचना पर क्षेत्राधिकारी करनैलगंज चंद्र पाल शर्मा की अगुवाई में बड़ी संख्या में फोर्स और ग्रामीण मौके पर जुट गए।



रविवार को नहर में युवक की तलाश के दौरान मौके पर जुटे लोग।

# वारंटी की हालत बिगड़ी, पुलिस हलकान

कटराबाजार। न्यायालय द्वारा वांछित वारंटी को पकड़कर थाने में रखना स्थानीय पुलिस को भारी पड़ गया। वारंटी द्वारा सीने में दर्द व चक्कर आने की बात कहते ही पुलिस के होश उड़ गए। उसे सीएचसी से लेकर जिला अस्पताल तक दिखाया गया। वारंटी ने जब आराम होने की बात बताई तब पुलिस ने राहत की सांस ली।

मामला कटरा बाजार थाने का है। हाता हलधरमऊ गांव निवासी इब्राहीम को पुलिस ने रविवार सुबह हिरासत में लेकर थाने ले आई। थाने में कुछ घंटा रहने के बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। वारंटी को तत्काल बगल में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज के लिए लाया गया। डा. तौफीक लारी ने बताया कि सुबह पुलिस की टीम इब्राहीम को मेडिकोलीगल के लिए अस्पताल लाई थी।

उसने सीने व सिर में दर्द होने और चक्कर आने की बात बताई। उसका पंजीकरण होने से पहले ही पुलिस उसे लेकर चली गई। हलधरमऊ निवासी सपा नेता वकार खां ने कहा कि गांव में कुछ माह पूर्व इब्राहीम के साथ विपक्षियों के बीच मारपीट हुई थी। मामला भी दर्ज हुआ था इसी सिलसिले में उसे रात को पुलिस लेकर आई थी। प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडे ने बताया कि न्यायालय के वारंट आदेश पर हाता हलधरमऊ गांव निवासी इब्राहीम को हिरासत में लिया गया है। उसने सुबह स्वास्थ्य ठीक न होने के बात कही थी। वांछित को सीएचसी के बाद जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। जहां से परिजनों के आग्रह पर उसे इलाज के लिए लखनऊ रेफर कर दिया है। वहां उसकी हालत ठीक बताई जा रही है। आज रविवार होने के कारण न्यायालय में वैसे भी उसकी पेशी नहीं हो पाती।

# महिला के साथ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया

तरबगंज, संवाददाता। आपसी विवाद में महिला के साथ मारपीट मामले में पुलिस ने बलवा, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है।

पीड़ित परमेश्वर दत्त तिवारी निवासी खानपुर ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि शनिवार को मेरी पत्नी राजकुमारी गाय को चारा डालने नादे के पास गयी। इसी बीच राधा देवी पत्नी गिरजा शंकर पीड़िता की मोबाइल चारपाई से उठाकर अपने घर जाने लगी।

पीड़िता ने डॉटते हुए मोबाइल रखने के लिए कहा तो गिरजाशंकर के पुत्र बलाऊ उर्फ कल्पनाथ, पुत्री नीशा व पुत्री रजनी तथा स्वयं गिरजा शंकर पहुँच कर पीड़िता को डंडे से मारने लगे। जिससे पीड़िता का सिर फट गया, आंख में गम्भीर चोट आई है। एसओ शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है, जांच की जा रही है।

## महिला के साथ मारपीट दो पर मुकदमा दर्ज

करनैलगंज। स्थानीय कोतवाली अंतर्गत ग्राम जहांगीरवा निवासी रेनू गुप्ता की तहरीर पर गांव के ही रामकुमार व कन्हई के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसमें महिला ने कहा है कि वह छुट्टा गाय को भागने गई थी। इसी बीच गांव के दो लोगों ने उसे गालियां देना शुरू कर दिया।

# सीओ की अध्यक्षता में हुई पीस कमेटी की बैठक

रुपईडीह। कौड़िया थाना पर रविवार को जन्माष्टमी, चेहल्लुम, व कजरी तीज को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। जिसमें क्षेत्र में होने वाले जन्माष्टमी स्थलों, चेहल्लुम जुलूस व जलाभिषेक के लिए शिव मंदिर के बारे में जानकारी करते हुए सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। सूचना के अभाव में आम लोगों की संख्या बैठक में कम रही।

बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी करनैलगंज चंद्रपाल शर्मा करते हुए उपस्थित लोगों से जन्माष्टमी होने वाले स्थान व उसकी तैयारी, चेहल्लुम में निकलने वाले जुलूस व कजरी तीज पर्व पर जलाभिषेक को लेकर चर्चा की। उन्होंने सभी से क्षेत्र में छोटी या बड़ी घटना होने की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए की अपील करते हुए सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसमें थानाध्यक्ष कौड़िया योगेश प्रताप सिंह ,चौकी प्रभारी आर्य नगर दिलीप कुमार सिंह, उप निरीक्षक सुरेश सिंह, गजानन पाठक, दीपक कुमार, ऋषिकेश, प्रधान रमेश कुमार, संतोष कुमार पांडेय रिंकू, शिव भगवान शुक्ला, राजेश,अनिल, बाबूलाल शर्मा, मनोज मिश्रा, देव, रवि कनौजिया, रिंकू तिवारी रहे।

# सभासद के खिलाफ छेड़खानी का केस

तरबगंज। नगर पंचायत के एक भाजपा सभासद के विरुद्ध सीओ के निर्देश पर स्थानीय पुलिस ने छेड़खानी व जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को शिकायत के साथ ही शपथ पत्र देकर आरोप लगाया था कि वो 18 जुलाई को अपने बच्चों को विद्यालय से घर लाने के लिए जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में सभासद वीरेंद्र कुमार पहले से ही घात लगाकर खड़े हुए थे। उन्होंने पीड़िता का हाथ पकड़ कर झाड़ी में खींच लिया। जहां पर वह छेड़खानी करने लगा। सीओ संजय तलवार ने बताया कि जांच के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# घर में घुसकर परिवार को मारा पीटा

करनैलगंज। स्थानीय कोतवाली इलाके के ग्राम घरकुइयां के निवासी अमरेश ने कोतवाली करनैलगंज में गांव के ही हरपाल, पुत्ती लाल, राकेश एवं दयाराम के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया है। जिसमें कहा गया है कि रात्रि करीब 8 बजे चारों लोग एक राय होकर उसके घर में घुस आए और बुरी तरह से मारा पीटा। उसकी पत्नी व बच्चों को भी मारा और धमकी दिया कि तुमने जमीन खाली नहीं किया तो जान से मार देंगे।

# अवैध शराब के साथ महिला गिरफ्तार

वजीरगंज। थाना क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण के साथ नीलम निवासी ग्राम परसहना को उपनिरीक्षक रामअवतार यादव ने टीम के साथ पकड़ा है। उसके पास से पचास लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करने साथ 15 सौ लीटर लहन नष्ट किया गया है। एसओ अभय सिंह ने बताया कि आरोपी महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय रवाना कर दिया गया है।

# चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार, माल बरामद

गोण्डा। थाना नवाबगंज पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान चोरी करने के आरोपी विष्णु गुप्ता उर्फ आदेश पुत्र रामजी निवासी बसालतपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के 2000 रुपए व एक पैन कार्ड बरामद किया है । आरोपी ने 07 अप्रैल की रात शेखर होमियोपैथिक हॉस्पिटल के दुकान का ताला तोड़कर चोरी की थी। जिसके सम्बन्ध में थाना नवाबगंज में अभियोग पंजीकृत हुआ था।

# छात्र लापता, मामला दर्ज

रुपईडीह। एक हफ्ता पूर्व कोचिंग पढ़ने गया छात्र नहीं लौटा। परिजनों ने काफी खोजबीन की परंतु नहीं मिला। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की है। कौड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रूकमंगदपुर के मजरा बेलहा के निवासी राजेंद्र प्रसाद चौरसिया ने बताया कि उसका 14 वर्षीय पुत्र कौड़िया में कोचिंग पड़ता है। वह रोज की तरह 25 अगस्त को घर से कोचिंग के लिए गया था। कोचिंग पढ़कर वहां से निकला, पर लौटा नहीं। एसओ कौड़िया योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि जांच व करवाई की जा रही है।

## भूमि विवाद में मारपीट, आठ पर मुकदमा दर्ज

परसपुर : मोहना गांव में भूमि विवाद में दो पक्षों में मारपीट हुई। एक पक्ष के मोबीन खां व दूसरे पक्ष की अमीरुल निशा घायल हैं। थानाध्यक्ष शेषमणि पांडेय ने कहा कि दोनों पक्षों के आठ पर मुकदमा किया है। उधर, जहांगीरवा निवासी रेनू गुप्ता ने तहरीर देकर कहा है कि वह गाय भागने गई थी। दो लोग उसे गाली देने लगे। मना करने पर मारापीटा। कोतवाल चितवन कुमार ने कहा कि रामकुमार व कन्हई पर मुकदमा किया गया है। (संसू)

## युवक का मिला शव

कर्नलगंज : ग्राम नारायनपुर माझा के पास रेलवे ट्रैक पर युवक का शव मिला है। कोतवाल चितवन कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। (संसू)

# दबंगों ने घर में घुसकर पीटा, मुकदमा दर्ज

संसू, नवाबगंज (गोंडा) : साकीपुर के शुक्लन पुरवा निवासी शांति शुक्ला ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि वह दो अगस्त को खेत देखने गई थी। गांव के ही राजेश, पवन शुक्ल उर्फ राजन, रामबहादुर, कृष्ण कुमार उर्फ लवकुश खेत की मेढ़ कब्जा कर रहे थे। विरोध करने पर गाली देते हुए मारने के लिए दौड़ाया। जान बचाकर वह घर में घुस गई तो सभी ने घर में घुस कर मारापीटा। बीच-बचाव करने के लिए आए बच्चों और पति को भी मारा। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने कहा न्यायालय के आदेश पर मुकदमा किया गया है।

# 29 घंटे बीते, अपहृत युवती का सुराग नहीं लगा सकी पुलिस

संसू, मसकनवा (गोंडा) : मसकनवा में दिनदहाड़े हुए अपहरण के 29 घंटे बाद भी युवती का सुराग पुलिस नहीं लगा सकी है। उधर, पुलिस ने युवती के पिता की तहरीर पर चाननपुर निवासी विकास मिश्र समेत तीन पर मुकदमा किया है। साथ ही उसकी खोज के लिए पुलिस की दो टीमों का गठन किया गया है।

शनिवार को मसकनवा बाजार के मनकापुर रोड पर छपिया के एक गांव की रहने वाली मां व बेटी ग्राहक सेवा केंद्र से रुपये निकालने जा रही थी। कस्बा स्थित मनकापुर रोड तिराहे के निकट स्विफ्ट कार सवार तीन युवकों ने युवती का अपहरण कर लिया था। बेटी को बचाने के दौरान उसकी मां कार की चपेट में आने से घायल हो गई थीं। कस्बावासी कहते हैं कि बैंक व अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठान खुले हैं। रोजाना लाखों रुपये का लेनदेन हो रहा है। दिनदहाड़े हुई अपहरण की घटना के बाद उन लोगों का पुलिस से विश्वास उठ गया है। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि चाननपुर निवासी विकास मिश्र समेत तीन पर मुकदमा किया गया है। आरोपित को पकड़ने के लिए पुलिस की दो टीमें लगाई हैं। जल्द ही उसे खोज लिया जाएगा।

# तकनीकी जांच की दी सीख, साक्ष्य संग्रह का बताया तरीका

संसू, गोंडा : गांधीपार्क स्थित टाउनहाल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्यशाला आयोजित की। अपराध की तकनीकी जांच, मेडिको लीगल परीक्षण, पूछताछ, शव परीक्षण, अपराध स्थल का निरीक्षण और साक्ष्यों के संग्रह से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यशाला में न्यायिक, चिकित्सा व पुलिस अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।




टाउनहाल में कार्यशाला में जानकारी देते डा. गयासुद्दीन खान • जागरण



टाउनहाल में आयोजित कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी व पुलिसकर्मी • जागरण

मुख्य अतिथि जिला जज बृजेंद्र मणि त्रिपाठी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्टेट मेडिकोलीगल विशेषज्ञ डा. गयासुद्दीन खां ने पुलिस कर्मियों को मेडिकोलीगल से संबंधित जानकारी दी। कहा कि जांच का विशेष महत्व है। चिकित्सक, पुलिस कर्मी, अधिवक्ताओं के समन्वय पर चर्चा हुई। पीड़ितों को न्याय दिलाने पर विमर्श किया गया। विधि विज्ञान विशेषज्ञ दुर्गेश पांडेय, विवेक चंद्र ने पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए साक्ष्यों के संग्रह के बारे में विस्तार से बताया। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने कहा कि चिकित्सक के साथ ही जज, वकील, पुलिस कर्मियों ने कार्यशाला में प्रतिभाग किया। एडीएम सुरेश कुमार सोनी व सीएमओ रश्मि वर्मा उपस्थित रहीं।

# युवक की मौत, अज्ञात ट्रक चालक पर केस

संसू, तरबगंज (गोंडा) : बेहड़ा चौबे पुरवा के मजरा करछुलिया निवासी चिरजीवी लाल बताया कि उसका बेटा गोविंद गत शुक्रवार को तरबगंज के देवरदा में स्थित ननिहाल गया था। घर लौटते समय परसदा बाजार के पास अज्ञात ट्रक की टक्कर से घायल हो गया। इलाज के लिए लखनऊ ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक समशेर बहादुर सिंह ने बताया कि मुकदमा करके विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# दबंगों ने गिरा दिया छप्पर एसपी से की शिकायत

संसू, हलधरमऊः कटरा बाजार के सवांगपुर गांव के मजरा जय सिंह पुरवा निवासी यासमीन ने एसपी को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

यासमीन ने बताया कि गांव में वह छप्पर रखकर चार बेटियों के साथ रहती है। गांव के ही दबंग ने चार दिन पूर्व छप्पर गिरा दिया। आरोप लगाया कि डायल 112 पर फोन करके पुलिस बुलाया। चौकी व थाने पर भी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। दबंग धमकी भी दे रहे हैं। कटरा बाजार के प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडेय ने बताया कि तहरीर मिली है। हलधरमऊ चौकी प्रभारी को जांच सौंपी गई है। विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# घर से ससुराल के लिए निकला युवक लापता, बाइक बरामद

संसू, आर्यनगर (गोंडा) : शनिवार की दोपहर में बहराइच जिले के विशेश्वरगंज के खानपुर स्थित घर से निकले सुभाष चंद्र मिश्र लापता हैं। वह मोटरसाइकिल से अपनी ससुराल खरगूपुर के पूरैनिया के लिए निकले थे। रविवार को उनकी बाइक व चप्पल कौड़िया के बनगाई गांव के निकट सरयू नहर के किनारे मिली। सूचना मिलने पर युवक के पिता नंदकुमार साथियों के साथ पहुंचे। स्वजन परेशान हैं, लेकिन युवक का पता नहीं चल सका। थानाध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि युवक की तलाश की जा रही है। मोटरसाइकिल को कब्जे में ले लिया गया है।

**बेपरवाही** 17 को कजरी तीज मेले में कई जिलों से आएंगे श्रद्धालु, शुरु न हुई तैयारियां

# जुटेंगे लाखों श्रद्धालु, जिम्मेदार बेफिक्र

संवाद न्यूज एजेंसी

करनैलगंज (गोंडा)। जिले के सबसे बड़े मेले का रूप ले चुके कजरी (हरतालिका) तीज पर आगामी 17 सितंबर को सरयू तट पर 12 लाख से अधिक कांवड़ियों की भीड़ जुटने के आसार हैं। मगर प्रशासनिक व्यवस्था अब तक शून्य है। साफ-सफाई, जीना व रैंप बनाने के साथ ही घाट को दुरुस्त कराने की कोई व्यवस्था शुरू नहीं हुई है।

कजरी तीज पर 12 लाख से अधिक कांवड़िए करनैलगंज में पवित्र सरयू में स्नान कर जल भरेंगे तथा विभिन्न शिव मंदिरों में जलाभिषेक के लिए रवाना होंगे। इस मेले में प्रति वर्ष शिवभक्तों की भीड़ बढ़ती जा रही है। इस बार सूखे की संभावना से ग्रामीण क्षेत्रों से कांवड़ियों की संख्या और अधिक बढ़ने के आसार हैं। इस वर्ष कजरी (हरतालिका) तीज 18 सितंबर को है। जिसमें 16 सितंबर की शाम से ही सरयू घाट पर कंवड़ियों का जमावड़ा शुरू हो जाएगा। 17 सितंबर को पूरे दिन-रात व 18 सितंबर की सुबह तक घाट पर भीड़ रहेगी।

मेले को शांतिपूर्ण तरीके से निपटाने के लिए मंडल स्तर पर सभी जिलों की पुलिस फोर्स व तमाम प्रशासनिक व पुलिस के अधिकारी लगाए जाते हैं। पुलिस की मोबाइल टीम, ड्रोन कैमरा, नदी में बैरिकेडिंग, घाट पर 24 घंटे लाइट व प्रकाश व्यवस्था, ट्रेनों के कॉशन की व्यवस्था, साफ-सफाई, घाट पर जीने का निर्माण व रैम्प बनाने, सरयू नदी में जल पुलिस व मोटरबोट के साथ गोताखोर लगाने व अन्य व्यवस्थाएं कराई जाती हैं।

करनैलगंज, बालपुर, हुजूरपुर मोड़, छितौनी बॉर्डर व जरवल रोड में बैरियर लगाने के साथ-साथ तीन दिन के लिए गोंडा लखनऊ मार्ग के यातायात को डायवर्ट करने, वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था कराना प्रशासन की प्राथमिकता होती है। मात्र दो सप्ताह इस मेले को शेष हैं, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर खामोशी है। हालांकि उपजिलाधिकारी विशाल कुमार का कहना है कि 15 सितंबर तक सभी व्यवस्था दुरुस्त हो जाएंगी।

## मिल-जुलकर मनाएं पर्व

दुबहा बाजार (गोंडा)। श्री कृष्ण जन्माष्टमी व चेहल्लुम को लेकर रविवार को कौड़िया बाजार थाने में शांति समिति की बैठक सीओ चंद्रपाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। सीओ ने कहा कि त्योहार प्रेम एवं सौहार्द्र का प्रतीक होता है। यह किसी जाति य व्यक्ति विशेष का नहीं होता है। इसलिए सभी को मिल-जुलकर त्योहार मनाना चाहिए। इस दौरान थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक सुरेश कुमार सिंह व सत्येंद्र कुमार यादव, प्रधान शिव भगवान शुक्ल, राजेश सिंह, विपिन बिहारी, सत्यजीत पांडेय, संजय चौबे, सरताज अहमद, रामबक्स यादव उपस्थित रहे। (संवाद)

# तीन दंपतियों के दूर कराए गिले-शिकवे



गोंडा। पुलिस लाइंस में रविवार को पारिवारिक मामलों की सुनवाई हुई। परिवार परामर्श केंद्र में 12 मामले आए। जिसमें आठ मामलों की फाइलें बंद कर दी गईं, जबकि एक मामले में एफआईआर की संस्तुति की गई। संधिकर्ताओं के समझाने पर तीन दंपती के गिले-शिकवे दूर हो गए और वे साथ रहने को राजी हो गए। इस मौके पर गंगाधर शुक्ल, संतोष ओझा, अनीता श्रीवास्तव, राजमंगल मौर्य, यशोदा नंदन त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। (संवाद)

# जानलेवा हमले के दो आरोपी गिरफ्तार

गोंडा। कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि जानलेवा हमले के आरोपी मो. लाडले व कज्जन निवासी बनकटवा को गिरफ्तार किया गया है। बताया कि दोनों ने पैसों के लेनदेन को लेकर शनिवार को शुभम तिवारी निवासी तिवारी फर्टिलाइजर्स काजीदेवर थाना मोतीगंज पर जानलेवा हमला किया था। (संवाद)

# चोरी के दो आरोपी दबोचे

गोंडा। प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज मनोज कुमार राय ने बताया कि विष्णु गुप्ता उर्फ आदेश निवासी मुट्ठीगंज थाना नवाबगंज व सुनील कुमार मिश्रा निवासी बसालतपुर को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी के 2000 रुपये व एक पैन कार्ड बरामद किया गया है। बताया कि आरोपियों ने 07 अप्रैल की रात शेखर होम्योपैथिक हॉस्पिटल का ताला तोड़कर चोरी की थी। मामले में आरोपी के खिलाफ थाना नवाबगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। (संवाद)

# चीनी मिल से किसान को मिला मुआवजा



गोंडा। मैजापुर चीनी मिल की मनमानी पर डीएम के हस्तक्षेप के बाद रविवार को विराम लग गया। डीएम की सख्ती के बाद एसडीएम व सीओ की अगुवाई में पहुंची टीम ने मिल कर्मचारियों से बातचीत कर किसान को मुआवजा दिलाया। पीड़ित किसान ने खेत में खड़ी मक्का व गन्ने की फसल की जुताई कराने का आरोप लगाया था। पीड़ित किसान रामदेव निवासी मंगुरही ने डीएम से गुहार लगाकर कहा था कि उसकी खड़ी फसल जबरदस्ती चीनी मिल के कर्मचारियों ने जोतवा दी। डीएम नेहा शर्मा ने शिकायत को गंभीरता से लिया। साथ ही एसडीएम और सीओ की अगुवाई में राजस्व टीम गाठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिसके बाद मंगुरही में राजस्व व पुलिस टीम ने मौके का जायजा लिया है। प्रभावित फसल के मुआवजे के मूल्यांकन का डेढ़ गुना मुआवजा 30 हजार 375 रुपये चीनी मिल से दिलाया गया। (संवाद)

# क्राइम सीन में फोरेंसिक विशेषज्ञ की राय जरूरी



गोंडा के टाउन हॉल में आयोजित कार्यशाला में मौजूद न्यायिक व प्रशासन अधिकारी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

## डॉक्टरों व पुलिसकर्मियों को सिखाए मेडिकोलीगल व साक्ष्य संकलन के गुर

गोंडा। पीड़ितों को सही न्याय तभी मिलेगा, जब साक्ष्य संकलन सही होगा। किसी अपराध में मेडिकोलीगल की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। क्राइम सीन में फोरेंसिक विशेषज्ञ की राय बहुत जरूरी होती है। ये बातें रविवार को गांधी पार्क के टाउन हॉल में आयोजित मेगा कार्यशाला में स्टेट मेडिकोलीगल विशेषज्ञ डॉ. जी खान ने कहीं।

उन्होंने डॉक्टर व पुलिस के जांच अधिकारियों को क्राइम सीन मैनेजमेंट, लेबोरेट्री एनालिसिस, कोर्ट प्रोसीडिंग की जानकारी दी। पुलिसकर्मियों को बताया गया कि साक्ष्य संकलन का भी एक विशेष गुण होता है, जिससे अपराधी को न्यायालय के समक्ष दंड दिलाया जा सकता है। चश्मदीद के मुकरने पर वैज्ञानिक साक्ष्य के जरिए आरोपी को कार्रवाई के दायरे में लाया जा सकता है। फोरेंसिक विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप पांडेय ने कहा कि जिले में अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट बनने ऑनलाइन व्यवस्था शुरू हो गई है। जिससे कोई पुलिसकर्मी या बिना मेडिकल जानकार भी आसानी से रिपोर्ट पढ़ सकता है। जिले में एफएसएल (फोरेंसिक साइंस लेबोरेट्री डिवीजन) की स्थापना शुरू हो गई है। जिससे अब विसरा व अन्य अंग जांच के लिए बाहर भेजने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

कार्यशाला में जिला जज ब्रजेंद्र मणि त्रिपाठी, सीएमओ डॉ. रश्मि वर्मा, एएसपी शिवराज, डॉ. शालू महेश, एसीएमओ डॉ. आदित्य वर्मा, एडीएम सुरेश कुमार सोनी, सीओ सदर शिल्पा वर्मा, सीओ मनकापुर नवीना शुक्ला, सीओ सिटी विनय कुमार सिंह, महिला थाना प्रभारी पूनम यादव व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# महिला को लाठी से पीटा

करनैलगंज (गोंडा)। क्षेत्र के ग्राम जहांगीरवा की रहने वाली रेनू गुप्ता ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह खेत से छुट्टा जानवर भगाने गई थी। तभी गांव के ही रामकुमार व कन्हई ने उसे पटक दिया और लाठी से पीट दिया। हंसिया से भी वार कर दिया। कोतवाल चितवन कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। (संवाद)

# स्कार्पियो में लाद ले गए पांच बकरे

बालपुर (गोंडा)। देहात कोतवाली क्षेत्र के बालपुर जाट निवासी मो. इबरार ने बताया कि वह पुलिस बूथ के बगल में रहते हैं। रविवार सुबह घर में नहा रहे थे, तभी स्कार्पियो गाड़ी में सवार छह लोग पहुंचे और दरवाजे पर बंधे पांच बकरे लाद ले गए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। (संवाद)

# 50 लीटर कच्ची शराब बरामद

वजीरगंज (गोंडा)। पुलिस टीम ने रविवार को नीलम निवासी परसहना को 50 लीटर कच्ची शराब, इसे बनाने के उपकरण व 1500 लीटर लहन के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि लहन मौके पर ही नष्ट कर अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# ट्रक चालक पर लापरवाही का केस

तरबगंज (गोंडा)। नगर कोतवाली क्षेत्र के बेहड़ा चौबे पुरवा करछुलिया निवासी चिरंजीवी लाल ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसका बेटा गोविंद (19) बृहस्पतिवार को बाइक से तरबगंज के देवरदा स्थित ननिहाल गया था। देर शाम घर लौटते समय परसदा बाजार के पास ट्रक चालक ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। गोविंद को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां से लखनऊ ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई थी। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। (संवाद)

# रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

करनैलगंज (गोंडा)। क्षेत्र के ग्राम नारायनपुर माझा के निकट रेलवे ट्रैक पर 25 वर्षीय युवक की शनिवार देर रात ट्रेन से कटकर मौत हो गई। गेटमैन से सूचना पाकर रात में ही प्रभारी निरीक्षक चितवन कुमार व अपराध निरीक्षक गोविंद कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। (संवाद)

# संदिग्ध अवस्था में मजदूर की मौत

गोंडा। लखीमपुर खीरी से मजदूरी करने आए एक युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। लखीमपुर खीरी के थाना अहिरौरा के टोडीपुर देवीपुरवा निवासी लालता प्रसाद (26) चार अगस्त को मजदूरी करने गोंडा आया था। उसके पिता बैजनाथ ने बताया कि उसने बेटे की घायलावस्था में फोटो सोशल मीडिया पर देखी थी। इस पर वह गोंडा मेडिकल कॉलेज पहुंच गया। इलाज के दौरान लालता की मौत हो गई। (संवाद)

# घर में घुसकर दंपती व बच्चों को पीटा

करनैलगंज (गोंडा)। रंजिश को लेकर एक व्यक्ति के घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ करने के मामले में चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। करनैलगंज के घरकुइयां निवासी अमरेश ने गांव के ही हरपाल, पुत्तीलाल, राकेश एवं दयाराम के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी। इसमें कहा कि रात आठ बजे चारों लोग उसके घर में घुस आए और पीट दिया। उसकी पत्नी व बच्चों को भी पीटा। कोतवाल चितवन कुमार ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जा रही है। (संवाद)

## भैंस चोरी गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार

गोंडा। भैंस चोरी गिरोह के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की बाइक, पिकअप और 4900 रुपये नकदी बरामद हुई है। नगर कोतवाली के उपनिरीक्षक प्रतीक पांडेय व अभिषेक पांडेय ने बताया कि अमित विश्वकर्मा उर्फ पंचू निवासी साहबगंज व मो. समीर उर्फ लल्लन निवासी फैजाबाद रोड इमामबाड़ा महराजगंज को गिरफ्तार किया गया। दोनों ने साथ मिलकर आठ अप्रैल 2023 को नगर कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले मो. अनवर की दो भैंस, 23 अगस्त 2023 को त्रिलोकीनाथ निवासी पोर्टरगंज पथवलिया की दो भैंस तथा 21 अगस्त 2023 को मुकेश कुमार की बाइक चुराई थी। बीते छह मई को थाना धानेपुर क्षेत्र के बालकराम की एक भैंस भी चुराई थी। (संवाद)

## पति समेत अन्य पर दहेज प्रताड़ना का केस

इटियाथोक (गोंडा)। दहेज में चार पहिया वाहन व दो लाख रुपये की मांग को लेकर विवाहिता को पीटकर घर से भगा दिया गया। इटियाथोक की रहने वाली फिरोजा बानो ने थाने में तहरीर देकर बताय कि उसका निकाह साल भर पहले मोहम्मद मुकीम निवासी मझौवा, थाना कटरा बाजार से हुआ था। ससुराल वालों ने दहेज में चारपहिया वाहन व दो लाख रुपये की मांग को लेकर पिटाई शुरू कर दी। ससुराल आने पर जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सरोज ने बताया कि पति मुकीम सहित अन्य के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

## किशोरी के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

मोतीगंज (गोंडा)। थानाध्यक्ष मोतीगंज कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी को अगवा करने के आरोपी दिनेश कुमार निवासी माधवगंज को छजवा गांव के पास से वरिष्ठ उपनिरीक्षक रामभवन पासवान ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय भेजा गया है। (संवाद)

# चुनावी गांवों में पुलिस का भ्रमण

वजीरगंज (गोंडा)। थानाध्यक्ष वजीरगंज अभय सिंह ने रविवार को पुलिस बल को साथ लेकर दोपहिया वाहनों से ग्राम परसिया व ग्राम रामपुर खरहटा में होने वाले ग्राम प्रधान व पंचायत सदस्य पद के उपचुनाव को लेकर भ्रमण किया। उन्होंने गांव के लोगों से वार्ता की। थानाध्यक्ष ने लोगों को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराने का विश्वास दिलाया। (संवाद)

# वारंटी गिरफ्तार

वजीरगंज (गोंडा)। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक बीरबल व आरक्षी राजकुमार की टीम ने रविवार को वर्ष 2021 के गैंगेस्टर एक्ट के वारंटी दिनेश कुमार विश्वकर्मा निवासी बड़ा दरवाजा को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया है। (संवाद)

# छह लोगों मारपीट का केस

**तरबगंज (गोंडा)।** थाना तरबगंज क्षेत्र दो जगह हुई मारपीट के मामले में छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। खानपुर गांव निवासी परमेश्वर दत्त तिवारी ने गांव के गिरिजाशंकर, उनकी पत्नी राधा, बेटे बलऊ उर्फ कल्पनाथ व बेटी निशा व रजनी के खिलाफ बलवा, मारपीट व धमकी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि गिरिजाशंकर की पत्नी राधा घर की चारपाई पर रखा मोबाइल फोन लेकर भाग रही थी। जब उसकी पत्नी राजकुमारी ने रोका तो आरोपी हमलावर हो गए। अभद्रता करते हुए मारापीटा। शोर मचाने पर धमकी देते हुए भाग निकले। जिसमें राजकुमारी को गंभीर चोटें आई हैं। दूसरी घटना में किधौरा मधई पुरवा निवासी वंशीलाल ने गांव के अजय पर बेटे को पीटने व अभद्रता करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। (संवाद)

# आरामशीन संचालकों पर केस

**नवाबगंज (गोंडा)।** टिकरी वन क्षेत्राधिकारी विनोद कुमार नायक के नेतृत्व में शनिवार को वन विभाग की टीम ने मंहगूपुर मोड़ पर लौव्वाबीरपुर स्थित हरिनाथ दूबे, पड़ाव स्थित मदनलाल तथा मीरपुर यूसुफ स्थित नबी अहमद की आरा मशीन पर छापा मारा। तीनों जगह अवैध आरा मशीनें गायब मिलीं। सिर्फ फाउंडेशन ही पाया गया। टीम ने तीनों आरा मशीन के संचालकों के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। (संवाद)

# पत्नी से झगड़कर ससुराल से निकला युवक लापता

संवाद न्यूज एजेंसी

रुपईडीह (गोंडा)। पत्नी से झगड़े के बाद ससुराल से बाइक लेकर निकला युवक संदिग्ध हालात में लापता हो गया। उसकी बाइक, चप्पल व कपड़े कौड़िया थाना क्षेत्र में बनगाई के समीप सरयू नहर के किनारे मिले हैं। युवक के पिता ने थाने पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस युवक की तलाश में जुटी है।

बहराइच के विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के मल्लोह गांव के रहने वाले नंदकुमार मिश्र ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनके बड़े बेटे सुभाष चंद्र उर्फ राजन (30) की खरगूपुर थाना क्षेत्र के पुरैनिया गांव में आत्माराम तिवारी के यहां ससुराल है।

नंदकुमार के मुताबिक सुभाष शनिवार दोपहर दो बजे बाइक से अपनी पत्नी को लाने ससुराल गया था। वहां किसी बात को लेकर सुभाष की पत्नी से कहासुनी हो गई। नंद कुमार के मुताबिक कुछ देर बाद सुभाष की सास ने उनकी बेटी को फोन किया। बताया कि सुभाष पत्नी को विदा कराए बिना ही चला गया।

## बहराइच से खरगूपुर स्थित ससुराल आया था सुभाष

नंद कुमार ने बताया कि रात नौ बजे तक फोन पर सुभाष से बात हुई। इसके बाद रात साढ़े नौ बजे उसका फोन स्विच ऑफ बताने लगा। उन्होंने छोटे बेटे प्रिंस और रिश्तेदारों के साथ आर्यनगर पहुंचकर बेटे की तलाश की। मगर उसका पता नहीं चल सका। नंद कुमार ने थाना कौड़िया में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कौड़िया थानाध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि बनगाई के पास सरयू नहर के किनारे सुभाष की बाइक, चप्पलें व कपड़े मिले हैं। तलाश कराई जा रही है।

# हिस्ट्रीशीटर ने साथियों संग पुलिस चौकी घेरी

संवाद न्यूज एजेंसी

## खोड़ारे थाना क्षेत्र का मामला

खोड़ारे (गोंडा)। सेल्समैन और शराब कारोबारी के विवाद में हिस्ट्रीशीटर ने साथियों संग पुलिस चौकी का घेराव किया। पुलिस को भीड़ को तितर-बितर कर दिया। शराब कारोबारी ने थाना खोड़ारे में हिस्ट्रीशीटर और उसके साथियों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है।

खोड़ारे थाना क्षेत्र के कूकनगर ग्रंट निवासी राजमणि त्रिपाठी की मनकापुर के मछली गांव व मोतीगंज थाना क्षेत्र के कहोवा में अंग्रेजी शराब की दुकान है। राजमणि के मुताबिक उन्होंने मछली गांव और कहोवा के सेल्समैन को शराब बिक्री के पैसों में घपला करने के आरोप में दो दिन पहले हटा दिया था।

आरोप है कि मछली गांव के सेल्समैन पर 21 हजार और कहोवा के सेल्समैन पर 16 हजार रुपये बकाया हैं। तगादा करने पर कहोवा के सेल्समैन ने 12 हजार रुपये दे दिए थे। मछली गांव के सेल्समैन ने रुपये नहीं दिए तो उन्होंने उसकी बाइक रोक ली थी। राजमणि ने बताया कि रविवार को गौराचौकी स्थित उनके ऑफिस पर सेल्समैन का साथी व क्षेत्र का एक हिस्ट्रीशीटर अपने साथियों संग आ धमका और बवाल करने लगा।

राजमणि शिकायत करने पुलिस चौकी पहुंचे तो हिस्ट्रीशीटर वहां भी साथियों संग पहुंच गया और चौकी का घेराव कर उन पर हमला करने का प्रयास किया। पुलिस ने भीड़ का तितर-बितर कर लोगों को भगाया। राजमणि ने हिस्ट्रीशीटर समेत अन्य के खिलाफ थाने पर तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है, रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है। उन्होंने पुलिस चौकी के घेराव से इंकार किया है।

# भाजपा सभासद पर छेड़खानी का केस

तरबगंज (गोंडा)। नगर पंचायत तरबगंज क्षेत्र के एक सभासद पर महिला ने छेड़खानी व धमकी का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला ने तरबगंज थाने में तहरीर देकर बताया कि बीते 18 जुलाई को रास्ते में जाते समय भाजपा सभासद वीरेंद्र कुमार ने उसे रोक लिया और हाथ पकड़कर झाड़ी में खींच ले गए। वहां छेड़खानी करने लगे। शोर मचाने पर उसकी देवरानी आई तो धमकी देते हुए भाग गए। वहीं, सभासद वीरेंद्र कुमार का कहना है कि महिला के आरोप निराधार हैं। ये पूरा मामला राजनीति से प्रेरित है। विपक्षियों के उकसाने पर साजिश रची गई है। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि सभासद वीरेंद्र कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच कराई जा रही है। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-04-09-2023

# दुर्घटना में मौत मामले में हत्या का मुकदमा

बलरामपुर। संदिग्ध परिस्थितियों में गाड़ी पलटने से पुत्र की मौत के मामले में पिता की तहरीर पर कोतवाली नगर में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शुक्रवार देर रात कोतवाली नगर अंतर्गत बलरामपुर-उतरौला मार्ग स्थित मझौवा पुल के निकट सफारी गाड़ी संदिग्ध परिस्थितियों में खाई में पलट गई थी। गाड़ी में सवार फुलवरिया बाईपास निवासी राम अभिलाष तिवारी के 30 वर्षीय पुत्र शिवेंद्र तिवारी की मौत हो गई थी। सफारी चालक धर्मपुर निवासी दीपू सिंह मामूली रूप से घायल हुए थे। वह बिना किसी को सूचना दिए अपने घर चले आए थे। राम अभिलाष तिवारी ने कोतवाली नगर में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि दीपू व उसके अन्य दोस्तों ने मिलकर उनके पुत्र की हत्या कर दी है। हत्या की घटना को छुपाने के लिए उसे दुर्घटना का रूप दिया गया है।

# चार पारिवारिक विवादों का निस्तारण

बलरामपुर। परिवार परामर्श केंद्र में चार पारिवारिक विवादों का सफल निस्तारण कराया गया है। मुख्य परामर्शदाता अरुण कुमार यादव ने बताया कि मन्नी, सीलम, रीता व अंजुम बानो के पारिवारिक विवाद को समाप्त कर दिया गया है। मामलों के निस्तारण में तनवीर जहां, वंदना मिश्रा, देवतादीन दुबे, महिला कांस्टेबल ज्योति व महिला थाना प्रभारी अजय कुमार मौर्य का सराहनीय योगदान रहा।

# दो वांछित गिरफ्तार

बलरामपुर। कोतवाली गैसड़ी की पुलिस टीम ने दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार दीक्षित ने बताया कि वारंटी मोहम्मद हसन व मोहम्मद शफी की गिरफ्तारी हुई है। इनके विरुद्ध फॉरेस्ट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है।

# दो वारंटी अभियुक्तों को पकड़ा

बलरामपुर। थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम ने दो वारंटी अभियुक्तों को पकड़ा है। प्रभारी निरीक्षक जयदीप दुबे ने बताया कि बड़कने उर्फ बाबा व डेली उर्फ राजू की गिरफ्तारी हुई है।

# त्योहार सकुशल कराने को रणनीति बनी

महराजगंज तराई, संवाददाता। आगामी त्योहारों को लेकर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम अभय सिंह व ललिया राधारमण सिंह ने की। त्योहार को सकुशल संपन्न बनाने के लिए सभी को हिदायत दी गई। त्योहार आपसी भाईचारे का होता है। किसी ने भी खलल डाला तो कार्रवाई तय है।



महाराजगंज थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक में मौजूद अधिकारी।

महाराजगंज थाना परिसर में आगामी त्यौहार कजरी तीज, चेहल्लुम, जन्माष्टमी व गणेश पूजन महोत्सव को लेकर बैठक की गई। जिसमें तुलसीपुर एसडीएम अभय सिंह ने बताया कि सभी त्योहार भाईचारे का होता है, इसीलिए कोई भी खलल न पहुंचाएं। अगर किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाई गई तो उसके विरुद्ध कार्रवाई तय है। अफवाहों से सोशल मीडिया से लोग दूर रहे। सीओ राधारमन सिंह ने सभी से त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। कहा कि किसी भी प्रकार का त्योहार में व्यवधान पहुंचता है तो तत्काल सूचना दें। संबंधित पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने त्योहार की तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था व अन्य बिंदुओं पर संभ्रात व्यक्तियों से सुझाव भी लिए।

# अतिक्रमण से हो रही परेशानी

हरैया सतघरवा : विकास खंड मुख्यालय शिवपुरा बाजार में दोनों तरफ फल, सब्जी व ठेला लगने से सड़क पर वाहनों की कतार लग जाती है। संतोष व राकेश ने बताया कि चौराहे से सीएचसी व ब्लाक आने जाने वालों को समस्या होती है। एसडीएम राजेंद्र बहादुर ने बताया कि शीघ्र अभियान चलाया जाएगा। (संसू)

# रेलवे क्रॉसिंग की सड़क क्षतिग्रस्त, हादसे बढ़े

महराजगंज तराई, संवाददाता। कौवापुर पुराने रेलवे क्रॉसिंग से मुख्य मार्ग को जोड़ने वाला सड़क लगभग दो किलोमीटर टूट कर छतिग्रस्त हो गया है। सालभर में इस मार्ग पर कई सड़क दुर्घटना हो चुका है। समाजसेवी विशाल गुप्ता ने रेल मंत्री को पत्र भेजकर रेलवे विभाग में आने वाले मार्ग को दुरुस्त करने की मांग की है।

पुरानी रेलवे क्रॉसिंग कौवापुर से मुख्य फाटक होते हुए लोक निर्माण के अंतर्गत आने वाले सड़क तक मार्ग छतिग्रस्त होने से इसका खामियाजा ग्रामीणों को उठाना पड़ रहा है। रेलवे विभाग में लगभग दो किलोमीटर मार्ग आने पर किसी भी अधिकारी ने इसका संज्ञान नहीं लिया।

ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कई बार उच्च अधिकारियों से की, लेकिन किसी ने नहीं सुनी। दो विभागों के चक्कर में इसका नुकसान आम जनमानस को उठाना पड़ रहा है।

---

## समझौते से चार पारिवारिक विवाद निस्तारित

संवादसूत्र, वलरामपुर : आपसी सुलह-समझौते से चार पारिवारिक विवादों का निस्तारण करा दिया गया है। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देश पर कार्यालय में परिवार परामर्श कैंद्र की बैठक हुई। पारिवारिक विवाद की पत्रावलियां प्रस्तुत की गईं। आपसी सुलह-समझौते से चार परिवारों को एक साथ रहने के लिए परामर्शदाताओं ने राजी कर लिया। महिला थानाध्यक्ष अजय कुमार मौर्य ने बताया कि परिवार परामर्श कैंद्र से ही पति-पत्नी एक साथ रहने के लिए घर चले गए।

# कर्मचारी के विरुद्ध शिकायत की गई

गैड़ास बुजुर्ग। उतरौला के मोहल्ला पटेल नगर निवासी रव्वाब अली ने विद्युत उपकेंद्र उतरौला में तैनात कर्मचारी राजेश तिवारी के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने संबंधी शिकायती प्रार्थना पत्र समाधान दिवस में दिया है।

आरोप है कि पीड़ित ने तीन माह पूर्व बिजली कनेक्शन के लिए विद्युत कर्मी राजेश को दो किस्त में सात हजार दिए थे। विद्युत कर्मी ने पोल से पीड़ित के घर पर बिजली तार जुड़वा दिया और रजिस्ट्रेशन करा कर छोड़ दिया। रसीद देने के लिए दौड़ा रहा है।

# शिवेंद्र की मौत में एफआइआर दर्ज

जासं, बलरामपुर : मझौवा पुल के पास संदिग्ध परिस्थितियों में सफारी गाड़ी खाई में पलटने से फुलवरिया बाईपास निवासी 30 वर्षीय शिवेंद्र तिवारी की मौत हो गई थी। उसके साथी धर्मपुर निवासी दीपू सिंह को मामूली चोटें आईं थीं। मृतक के पिता राम अभिलाष तिवारी ने शिवेंद्र की हत्या की आशंका जताते हुए उसके दोस्त दीपू सिंह व अन्य के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है। 24 घंटे बाद भी शिवेंद्र की मौत का राजफाश नहीं हो सका है। पुलिस ने आरोपित दीपू सिंह व अन्य के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज कर छानबीन तेज कर दी है।

राम अभिलाष का कहना है कि शुक्रवार की शाम उनके बेटे शिवेंद्र का दोस्त दीपू सिंह बाइक से उसके घर आया था। दीपू ने उनकी सफारी मांगी और बेटे शिवेंद्र को बैठाकर उतरौला की ओर चला गया। शनिवार सुबह पुलिस से सूचना मिली कि मझौवा पुल के पास सफारी दुर्घटनाग्रस्त हो

**मृतक के पिता राम अभिलाष ने दोस्त व उसके अन्य साथियों पर लगाया था हत्या करने का आरोप, पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन की शुरू**

गई है। उनका बेटा शिवेंद्र संयुक्त जिला अस्पताल में भर्ती है। राम अभिलाष अस्पताल पहुंचे तो उनका बेटा मृत मिला। उनका कहना है कि दीपू और उसके साथियों ने मिलकर शिवेंद्र की हत्या की है। हत्या को छुपाने के लिए दुर्घटना का रूप दिया गया है। घटना के बाद दीपू सिंह गाड़ी का शीशा तोड़कर भाग निकला। उसने दुर्घटना की जानकारी किसी को नहीं दी, बल्कि घर जाकर सो गया। हल्की चोटें आने पर उसने सुबह अपना इलाज कराया। प्रभारी निरीक्षक विमलेश सिंह का कहना है कि हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सभी तथ्यों को ध्यान में रखकर छानबीन की जा रही है।

# आठ लीटर शराब के साथ एक गिरफ्तार

**बलरामपुर।** गैसड़ी कोतवाली की पुलिस ने आठ लीटर कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। सीओ तुलसीपुर राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जरवा बाईपास स्थित बने माता प्रसाद गुप्ता मैरिज हॉल के पास आठ लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को पकड़ा गया। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान विष्णू जायसवाल के रूप में हुई है। अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

# दो अपराधी दबोचे

**गैसड़ी।** स्थानीय कोतवाली की पुलिस ने विभिन्न धाराओं में वारंटी रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार दीक्षित ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान मो. हसन व मो. सफी निवासी बानगढ़ पिपरी के रूप में हुई है। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-04-09-2023

हिन्दुस्तान

# बिना व्यवधान के शांति पूर्वक पर्व मनाएं

बहराइच। सभी पर्व शांति पूर्वक मनाएं, आपस में भाई चारा बनाते हुए हर्षोल्लास से अपने क्षेत्र में पर्व सकुशल सम्पन्न कराएं। किसी प्रकार का व्यवधान न पैदा करें। एसडीएम सदर पूजा यादव ने थाना रिसिया में शांति समिति की बैठक में अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। सीओ पयागपुर आनंद राय ने मौजूद सभी प्रधानों से अपने -अपने गांवों में सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए कहा। यह भी बताया कि पर्वों पर कानून से खिलवाड़ न करें, शांति बनाए रखें।

हिन्दुस्तान

# अराजकता फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**बैठक**

- जन्माष्टमी व बारावफात को लेकर मजबूत रहेगा सुरक्षा खाका
- मजिस्ट्रेट जुलूसों की करेंगे निगरानी, डीएम ने एसपी संग की बैठक



कलेक्ट्रेट में बैठक करते डीएम व एसपी।

बहराइच, संवाददाता। जिले में चेहल्लुम, श्री कृष्ण जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी व ईद-ए-मिलाद (बारावफत) पर्व पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त रहेंगे। जुलूसों की निगरानी को लेकर मजिस्ट्रेट तैनात किए जाएंगे। अराजकता व अशांति फैलाने वालों पर कानूनी शिकंजा कसा जाएगा। कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम मोनिका रानी ने एसपी संग त्योहारों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों की समीक्षा की।

डीएम व एसपी ने लोगों ये किसी नई परम्परा का आगाज़ न कर मिल जुलकर परम्परागत ढंग से त्यौहार मनाने की अपील किया। कहा कि जुलूसों के साथ पर्याप्त पुलिस बल व मजिस्ट्रेटों की तैनाती की जाएगी, जो प्रारम्भ से अन्त तक जुलूस के साथ मौजूद रहेंगे। अफवाहें न फैलाने दें। वरिष्ठ लोग युवाओं और बच्चों पर नियत्रंण रखें। एसडीएम, पुलिस क्षेत्राधिकारियों व थानाध्यक्ष को क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर पूरी सर्तकता बनाए रखने को कहा गया। कहीं पर कोई प्रतिकूल तथ्य संज्ञान में आता है, तो तत्काल उसका समाधान करा दें। डीएम ने डीपीआरओ व नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में धार्मिक स्थलों, प्रमुख रास्तों, चौराहों, जुलूस मार्गो की पर्याप्त साफ-सफाई, चूनाकारी संग संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए फागिंग एवं एण्टीलार्वा का छिड़काव के निर्देश दिए। बिजली विभाग के अधिकारियों को पर्वो पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाएं रखने के निर्देश दिए गए। एडीएम मनोज कुमार, एएसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह, एएसपी पवित्र मोहन त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, सीएमओ डॉ. एसके सिंह मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान

# जरवल चेयरमैन पति समेत चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

बहराइच, संवाददाता। जरवल नगर पंचायत अध्यक्ष पति और तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर जरवलरोड पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जरवल नगर पंचायत के एक मोहल्ला चौक निवासी निवासिनी ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में परिवाद दाखिल कर शिकायत की, कि उसकी सास की भूमि का आवंटन हुआ था। परन्तु पीड़िता की सास को आंवटित दुकान का कब्जा प्राप्त नहीं हुआ था। उसके पति ने चेयरमैन पति इन्तिजार अहमद उर्फ मिथुन पुत्र तज्जमुल निवासी अहमदशाह से कई बार भूमि का कब्जा उसकी सास को दिलाए जाने को कहा। इसी रंजिश के चलते 25 जुलाई को फखरपुर अपने रिश्तेदारी से वापस आते समय हरचन्दा मोड़ के पास इन्तिजार अहमद उर्फ मिथुन अपने तीन साथियों के साथ उसको व उसके पति शकील को रोक लिया। भूमि के कब्जेदारी को लेकर अपने तीन साथियों के साथ दबाव बनाने लगे। मना करने पर अपने तीन साथियों के साथ उसके व पति के साथ गाली-गलौज व मारपीट करते हुए जबरन बाग में खींच ले गए।

वारदात 25 जुलाई को हुई थी। बेइज्जत करने की नीयत से उसके कपड़े फाड़ दिए जिससे वह निर्वस्त्र हो गई। आरोप है कि इन्तिजार अहमद उर्फ मिथुन अश्लील हरकत करते हुए छेड़छाड़ करने लगा। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। एसएचओ ददन सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कर लिया गया है।

हिन्दुस्तान

### सात साल से आसिफ के साथ थी रेशमा, संदेह ने ले ली जान, मासूमों के सर से साया छिना

# बच्चों के सामने पत्नी की हत्या के आरोपी पर केस दर्ज, जेल भेजा

**दुस्साहस**

**बहराइच, संवाददाता।** किसी के फोन पर बात करने पर बच्चों के सामने ही पत्नी की जघन्य हत्या करने वाले आसिफ खान के बारे में कोई भी उसके परिवार का व्यक्ति कुछ भी बताने से कतराता दिखा। हालांकि पुलिस ने उसके खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है। यही नहीं जिस कमरुद्दीन के मकान में आसिफ किराए पर रह रहा था। रेशमा उस कमरुद्दीन के साले अली शाह की बेटी है।

कमरुद्दीन भी उसके बारे में बात करने से कन्नी काट गया। कमरुद्दीन ने बताया रेशमा उसके साले की बेटी है, किन्तु वह नहीं जानता कि उनकी शादी कब हुई है। आसिफ खान की पहली पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी। अली शाह के अनुसार उसकी बेटी रेशमा सात वर्ष से आसिफ खान के साथ बतौर पत्नी रह रही थी। दो माह पूर्व पति- पत्नी में झगड़ा हो गया था। नाराज होकर इसके बाद रेशमा कानपुर चली गई थी। पांच दिन पहले ही वह आई थी। अब वह अपने फूफा कमरुद्दीन के मकान में रह रही थी। शक की बुनियाद ने दो मासूमों के सिर से मां की ममता का साया छीन लिया है।



बहराइच में पोस्टमार्टम कक्ष के बाहर मायूस खड़े मृतका के परिजन।

## ससुराल आए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों मौत

**पयागपुर।** श्रावस्ती जिले में अपनी ससुराल आए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक के माता- पिता की अर्सा पूर्व मौत होने पर वह अपने मौसा मौसी के घर रहता था। युवक की तीन माह पूर्व शादी हुई थी। उसकी लाश लेकर पत्नी व ससुरालवाले रविवार को पयागपुर पहुंचे। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने लाश कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है। पयागपुर थाने के बरगदही निवासी नाथूराम तिवारी पुत्र रघुराज की श्रावस्ती जिले में ससुराल है। वह अपनी ससुराल गया था, ससुराल में शनिवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मौत हो गई। 27 वर्षीय नाथूराम पुत्र रघुराज की ससुराल श्रावस्ती जिले के इकौना थाने के गोविंदपुर जयचंदपुर में है। रविवार सुबह उनकी पत्नी एवं ससुराली जन लाश लेकर उनके मूल निवास पहुंचे। लाश के पहुंचने पर वहां कोहराम मच गया। घटना के संबंध में मृतक के चाचा ने पयागपुर पुलिस को तहरीर देकर मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम कराने का निवेदन किया। जिस पर थाने की पुलिस ने लाश पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसएचओ श्याम देव चौधरी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह स्पष्ट होगी। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

“ मृतका के पिता अली शाह की तहरीर पर उसके दामाद आसिफ खान के विरुद्ध हत्या की धारा में केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त बोगदा भी बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया है। **–कुंवर ज्ञानंजय सिंह,** एएसपी सिटी

हिन्दुस्त

# बहराइच में मोबाइल पर बात कर रही पत्नी का गला रेता

## रिश्ते का खून

बहराइच, संवाददाता। युवक ने शनिवार आधी रात मोबाइल पर बात करने के शक पर पत्नी को बच्चों के सामने बेरहमी से पीटा और गला रेतकर हत्या कर दी। रविवार सुबह वह थाने पहुंचा और जुर्म कबूल किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

दरगाह थाने के सालारगंज घोसियाना नई बस्ती निवासी आसिफ खान पांच दिन पूर्व ही नूरुद्दीन चक ईदगाह के पास कमरुद्दीन के मकान में किराए पर पत्नी रेशमा (32), आठ वर्षीय पुत्री व छह वर्षीय बेटे के साथ रहने आया था। शनिवार रात दो बजे आसिफ ने पत्नी रेशमा को बेरहमी से पीटा और उसका मोबाइल छीन लिया। पिटाई से उसके दोनों बच्चे जाग गए। आसिफ ने दोनों बच्चों को कमरे से बाहर करने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं गए तो आसिफ ने बच्चों के सामने ही रेशमा की गला रेत कर हत्या कर दी। भोर होते ही आसिफ थाने पहुंचा और पत्नी की हत्या का जुर्म कबूल कर लिया।

› कतरा रहे परिजन P03

### पोस्टमार्टम कराकर पिता को सौंपा शव

एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानंज्य सिंह व सीओ सिटी राजीव कुमार सिसौदिया एसएचओ हरेन्द्र कुमार मिश्रा, गल्ला मंडी चौकी प्रभारी जगन्नाथ यादव के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर लाश मृतका के पिता श्रावस्ती जिले के सोनवां थाने के नेवरिया गांव निवासी अली शाह को शव सौंप दिया है।

# दो पक्षों में चटकीं लाठियां पुलिस जांच में जुटी

**संसू, शिवपुर** : मटेरा कला गांव में रविवार को दो पक्षों के बीच जमकर लाठियां चटकीं। आगजनी भी की गई। दो लोगों को गंभीर चोटें भी आई हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

दो पक्षों के बीच मारपीट का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। खैरीघाट थाना क्षेत्र निवासी प्रदीप कुमार सोनकर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने सुअर को चराने सड़क से जा रहा था, तभी विपक्षी झब्बर, छोटकन्ने, रियाज आदि लोग अपशब्द कहने लगे। विरोध किया तो लाठी व डंडे से पीटने लगे। दूसरे पक्ष से रफीका ने तहरीर देकर बताया कि विपक्षी मंगतू, हरिद्वारी, प्रदीप कुमार आदि लोगों ने सुअर जबरन मेरे घर में घुसा दिया। जब विरोध किया तो अपशब्द कहने लगे और मारपीट पर आमादा हो गए। घर में आग लगा दी। मारपीट में प्रदीप कुमार के सिर में गंभीर चोट आई है। उसके पिता को भी चोटें आई हैं। थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

# दो परिवारों को समझौता करा बिखरने से बचाया

जासं, बहराइच: पुलिस लाइन में परिवार परामर्श केंद्र पर रविवार को पारिवारिक विवादों में आने वाले प्रार्थना पत्रों के पक्षकारों की काउंसिलिंग की गई।

काउंसलर फहीम किदवई, सर्वजीत सिंह, डीपी सिंह, एके शर्मा, अनुराधा श्रीवास्तव, रंजना उपाध्याय व महिला थाना प्रभारी निरीक्षक शीला यादव, महिला आरक्षी निशा सिंह, पूर्णिमा, निहारिका व अन्य परामर्शदाताओं ने पारिवारिक मामलों में सुलह-समझौते का प्रयास किया गया। थाना प्रभारी यादव ने बताया कि पति-पत्नी में घरेलू कलह होने के कारण मुकदमे शुरू हो जाते हैं। टीम के प्रयास से दो परिवार को बिखरने से बचाया गया है। उनकी विदाई कराई गई है।

# त्योहारों पर शांति बनाए रखने की अपील

संसू, फखरपुर(बहराइच) : गणेश चतुर्थी, जन्माष्टमी, कजरी तीज एवं, चेहल्लुम को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें लोगों से आगामी त्योहारों में शांति तथा सौहार्द कायम रखने की अपील की गई।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम पंकज दीक्षित ने कहा त्योहारों के अवसर पर अगर कोई माहौल को खराब करने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ कर्रवाई की जाएगी। त्योहारों को लेकर प्रशासन चौकन्ना है हर छोटी बड़ी घटनाओं पर प्रशासन की नजर है।

एसओ मुकेश कुमार सिंह ने त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। मूर्ति रखने वाले कमेटी के पदाधिकारियों से आग्रह किया गया कि सभी नियमानुसार प्रतिमा स्थापित करें। चेहल्लुम जुलूस समय से समाप्त कर दें। एसओ ने कहा कि फर्जी अफवाहों पर ध्यान न दें, अफवाह फैलाने वाले ध्यान रखें और उनकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। कुंडासपारा के लोंगों ने रास्ते पर जलभराव की समस्या उठाई, हैबतपुर में रास्ते का विवाद सामने आया।

थानाध्यक्ष ने शिकायतों के जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया। इस मौके पर उपनिरीक्षक विंदेश्वरी यादव, शैलेंद्र यादव, नरसिंह, पेशकार यादव, मूलचंद्र उपाध्याय, ज्ञानचंद्र वर्मा, सलीम खान, ललित पाठक, रफीक अंसारी और सुनील मिश्र आदि मौजूद रहे।

# घर में घुसकर पिटाई

विशेश्वरगंज : ग्राम तिखड़िया प्रतापपुर तरहर निवासी प्यारे ने पुलिस को तहरीर दी है। आरोप है कि गांव के कुछ दबंग लोग रात में उसके घर में घुस गए और लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। थानाध्यक्ष अनुज त्रिपाठी ने बताया कि जांच की जा रही है। (संसू)

# गुमशुदा युवक बरामद

बॉडी : एसओ अंजनी कुमार राय ने बताया कि एक माह से गुमशुदा चल रहे खैरीघाट के संतराम को रविवार को खैराबाजार से बरामद कर उसकी मां नौरंगा देवी के सिपुर्द किया गया। टीम में एसआइ जितेश कुमार सिंह, कुलदीप आदि शामिल रहे। (संसू)

# प्रेम प्रसंग के शक में दूसरी पत्नी को गला रेतकर मार डाला, गिरफ्तार

## नूरुद्दीनचक की घटना, मां की तहरीर पर पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जासं, बहराइच : नूरुद्दीनचक निवासी महिला को उसके पति ने प्रेम प्रसंग के शक में पहले पिटाई की, फिर धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। पुलिस ने मां की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है। पति को गिरफ्तार कर मोबाइल व हथियार को कब्जे में ले लिया है।

दरगाह इलाके के मुहल्ला सलारगंज निवासी आसिफ ने दो शादी कर रखी हैं। पहली पत्नी साथ में रहती है, जबकि दूसरी पत्नी 32 वर्षीय रेशमा दरगाह के नूरुद्दीनचक में किराए के मकान में दो बच्चों के साथ रहती थी। वह शनिवार रात बेटी और बेटे के साथ सो रही थी। देर रात पति कमरे में पहुंचा और उसने बेटे और बेटी से बाहर जाने के लिए कहा। दोनों जैसे ही बाहर गए, पति ने हैंडपंप के हत्थे से पत्नी की पिटाई शुरू कर दी।

पिटाई से रेशमा बेहोश हो गई, तब पति ने बांके से गला काटकर उसकी हत्या कर दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। मोबाइल व अन्य सामान भी कब्जे में ले लिया। थानाध्यक्ष हरेंद्र मिश्र ने बताया कि मोबाइल पर पत्नी किसी से बात कर रही थी, जिस पर आसिफ ने हत्या कर दी। मृतक महिला की मां हुस्नजहां की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**बच्चों को भेज रहा था सामान लाने** : मृतक महिला के छह वर्षीय बेटे ने रोते हुए बताया कि पिता ने रात में कुरकुरे खिलाने के बहाने घर से बाहर भेजने का प्रयास किया, लेकिन वह सभी नहीं गए। इसके बाद मां की पिटाई कर मोबाइल छीन लिया और फिर हत्या कर दी।



जिला अस्पताल की मर्च्युरी के बाहर मौजूद मृतक के परिवार जन ● जागरण

## ससुराल गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

संसू, खुटेहना (बहराइच) : ग्राम बरगदही निवासी 27 वर्षीय नत्थूराम तिवारी शनिवार को पत्नी मुस्कान को लेकर अपनी ससुराल श्रावस्ती जिले के ग्राम गोविंदपुर गया था, जहां संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मौत हो गई। ससुराल के लोग रात साढ़े तीन बजे शव लेकर मृतक के गांव पहुंचे। शव पहुंचने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के मुरारी लाल तिवारी ने तहरीर पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दो परिवारों को बिखरने से बचाया

**बहराइच।** पुलिस लाइंस स्थित परिवार परामर्श केंद्र में रविवार को पारिवारिक मामलों की काउंसलिंग कराई गई। दो परिवारों के बीच समझौता कराकर सभी को राजी खुशी रवाना किया गया। महिला एसओ शीला यादव ने बताया कि रविवार को हुई कांउसलरों की टीम की सुनवाई में दो परिवार को बिखरने से बचाया गया। आगामी रविवार को सभी का कुशलक्षेम पूछने के लिए केंद्र की बैठक में बुलाया गया है। (संवाद)

# अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**जरवलरोड।** थाना क्षेत्र में अवैध शराब बेचने जा रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष ददृदन सिंह ने बताया कि रविवार की सुबह गश्त के दौरान भिज्जुपुरवा तालाब के पास से गांव निवासी रामरूप व संगीता को 10- 10 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। दोनों पर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। टीम में उप निरीक्षक आदित्य कुमार, सिपाही संजीत यादव, अवधेश कुमार वर्मा, रुचि पांडेय शामिल रही। (संवाद)

# युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

**रिसिया।** पटेल नगर निवासी दो भाई महेश व दिनेश शनिवार की रात किसी बात को लेकर मारपीट कर रहे थे। जिस पर ग्रामीण सरजू लाल ने दोनों को समझाते हुए झगड़ा छुड़ाने का प्रयास किया। जिससे गुस्साए महेश ने सरजू पर हमला कर उसे घायल कर दिया। सरजू की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। (संवाद)

# त्योहारों में नई परंपरा की न करें शुरुआत : डीएम

## जिला शांति समिति की हुई बैठक, शरारती तत्वों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी



बहराइच के कलेक्ट्रेट में शांति समिति की बैठक को संबोधित करतीं डीएम व मौजूद एसपी। -संवाद

**बहराइच।** कानून से खिलवाड़ करने वाले शरारती तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने आश्वस्त किया कि त्योहारों पर गुड पुलिसिंग के साथ बिजली, पानी एवं सफाई के भी बंदोबस्त रहेंगे। त्योहारों में किसी नई परंपरा का आगाज न किया जाए। सभी लोग मिलजुलकर त्योहार मनाएं।

चेहल्लुम, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी व ईद-ए-मिलाद आदि त्योहारों को लेकर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शनिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शांति समिति की बैठक हुई।

डीएम व एसपी ने एसडीएम, पुलिस क्षेत्राधिकारियों व थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर पूरी सतर्कता बनाएं रखें। यदि कहीं परेशानी हो तो तत्काल उसका समाधान करा दें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सागर, अपर पुलिस अधीक्षक नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह, एएसपी ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, सीएमओ डॉ. एसके सिंह आदि मौजूद रहे।

# सिरफिरे ने पत्नी को बांके से काटा, पहुंच गया थाने

## अवैध संबंधों के शक में की हत्या, पुलिस से बोला - मुझे गिरफ्तार कर लो

संवाद न्यूज एजेंसी



दरगाह पुलिस थाने में हत्या आरोपी पति। -संवाद

**बहराइच।** अवैध संबंधों के शक में दरगाह थाना क्षेत्र निवासी एक सिरफिरे ने अपनी पत्नी की बांके से काट कर हत्या कर दी। हत्या के बाद वह खुद थाने पहुंचा और पुलिस से बोला कि ...मुझे गिरफ्तार कर लो। ये सुनकर पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया और वे मौके पर पहुंचे। हत्या के बाद से मोहल्ले में दहशत का माहौल है।

दरगाह थाना क्षेत्र के मोहल्ला सलारगंज निवासी आसिफ ने लगभग पांच साल पूर्व श्रावस्ती जिले के सोनवा थाना क्षेत्र के नेवरिया निवासी रेशमा (33) के साथ निकाह किया था। वह रेशमा के साथ किराए पर कमरा लेकर दरगाह थाना क्षेत्र के नूरुद्दीन चक में रहता था। आसिफ को शक था कि रेशमा उसे धोखा दे रही है और उसका किसी दूसरे व्यक्ति के साथ संबंध है जिससे अक्सर वह फोन पर बात करती है।

इससे क्षुब्ध होकर शनिवार की देर रात आसिफ ने सोते समय रेशमा पर लोहे की पाइप से वार कर दिया। इसके बाद बेहोशी की हालत में उसने बांके से उसका गला काट दिया। थानाध्यक्ष हरेंद्र मिश्रा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### पति की मौत के बाद की थी दूसरी शादी

रेशमा ने पहले पति की मौत के बाद आसिफ से दूसरा निकाह किया था। रेशमा की मां श्रावस्ती के नेवरिया निवासी कनीजा व पिता अली शाह ने बताया कि रेशमा के पहले पति से उसके दो बच्चे हैं। बड़ी बेटी उजली(7) व बेटा असलम (6) साल का है।

### मकान मालिक ने कहा, नहीं हुआ था झगड़ा

रेशमा और आसिफ जिस मकान में रहते थे उसकी मकान मालिक नाजमा व राहुल ने बताया कि शनिवार को दोनों खुश थे। दोनों रात 12 बजे तक जग रहे थे और उन लोगों के बीच लड़ाई-झगड़े की कोई आवाज नहीं आई।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

जरवलरोड। थाना क्षेत्र में 13 दिसंबर 2022 को एक किशोरी के अपहरण का मुकदमा उसके परिजनों ने दर्ज करवाया था। जिसके बाद से पुलिस किशोरी व अपहरणकर्ता की तलाश कर रही थी।

थाना प्रभारी दद्दन सिंह ने बताया कि रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी विक्की तिवारी निवासी कोदही कनेरा थाना बौंडी को जरवल रोड तिराहे के पास से दबोच लिया गया। आरोपी के पास से किशोरी को भी बरामद कर उसका बयान करवाया गया। किशोरी के बयान के आधार पर दुष्कर्म व पॉक्सो की धाराएं बढ़ाते हुए आरोपी को जेल भेज दिया गया।

टीम में उपनिरीक्षक अवधेश कुमार द्विवेदी, सिपाही ध्रुवनारायण यादव, शिवानी त्रिपाठी शामिल रहीं। (संवाद)

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-04-09-2023

# 15 लोगों के तीन लाख रुपये वापस कराए गए

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि साइबर अपराधों के सफल अनावरण व रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत जनपदीय साइबर सेल की ओर से माह अगस्त में की गई कार्यवाही के क्रम में साइबर फ्राड कर निकाले गये 15 शिकायतकर्ताओं के कुल तीन लाख 20 हजार रुपये वापस कराए गए। शिकायतकर्ताओं की ओर से उनकी धनराशि वापस मिल जाने पर साइबर क्राइम सेल व श्रावस्ती पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# चाकू के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

श्रावस्ती। अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने चाकू के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। शनिवार शाम को थाना मल्हीपुर पुलिस टीम अपराधियों की धरपकड़ को लेकर क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से एक अदद अवैध चाकू बरामद किया। बरामद चाकू को जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान भुजऊ पुत्र लोटन निवासी सागर गांव थाना मल्हीपुर के रूप में हुई।

# 29 वाहनों का चालान, एक सीज

श्रावस्ती। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत पुलिस की ओर से नियमित वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न थाना क्षेत्र में पुलिस की ओर से अलग अलग स्थानों पर चेकिंग लगाकर वाहनों के मानक चेक किए गए। जिसमें वाहन के कागजात, हेलमेट, तीन सवारी आदि की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान 30 वाहनों को यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाया गया।

# कलह भूलकर साथ रहने को राजी हुए तीन दंपति

**संसू, श्रावस्ती :** महिला थाने में पुलिस परिवार परामर्श केंद्र की बैठक हुई। इस दौरान पारिवारिक विवाद से संबंधित प्राप्त प्रार्थना पत्रों की सुनवाई हुई। पुलिस अधिकारियों ने समझा-बुझाकर पति-पत्नी के मतभेद दूर किए। कलह भूलकर बिछड़े तीन दंपति साथ रहने को राजी हुए।

एसपी प्राची सिंह ने बताया कि भिनगा क्षेत्र के कोड़री निवासी मुन्नी व उनके पति भावलपुर निवासी जफर अली, पांडेयपुरवा निवासी सकीना व उनके पति बाबू तथा गंगापुर लक्ष्मनपुर निवासी शाहिदा व उनके पति बहराइच जिले के रामगांव क्षेत्र के जलील टेपरा निवासी परम उर्फ आयु के बीच पारिवारिक विवाद के चलते अनबन हो गई थी। शिकायत महिला थाने में की गई थी। महिला थाने के प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र कुमार शर्मा, उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह, मुहम्मद सईद, अमरनाथ चौहान, हौसली देवी, अर्चना सिंह व पुलिस परिवार परामर्श केंद्र के सदस्यों ने सुनवाई के लिए तीनों परिवारों के दोनों पक्षों को थाने पर बुलाया। यहां बारी-बारी से दोनों पक्षों को ध्यान से सुना गया। समझाकर मामले को हल कर दिया गया। तीन दंपतियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और हंसी-खुशी घर चले गए। एसपी ने बताया कि अगस्त में 28 परिवारों को सुलह कराकर राजी खुशी विदा किया गया।

# 150 किलोग्राम लहन बरामद

श्रावस्ती। अभियान के तहत रविवार को आबकारी निरीक्षक बलराम सिंह व अरविंद कुमार सिंह की संयुक्त टीम की ओर से थाना भिनगा के अमरहवा में दबिश दी गई। इस दौरान तीन आरोपियों शुभागा पत्नी काली प्रसाद के कब्जे से 15 लीटर, अंशु देवी पत्नी रमेश चंद्र निवासी परसिया राजा के कब्जे से 20 लीटर और रामू पुत्र काली प्रसाद निवासी अमरहवां के कब्जे से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद किया गया।

# पुलिस ने 24 वारंटियों को किया गिरफ्तार

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह की ओर से वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए ऑपरेशन धरपकड़ चलाया जा रहा है। जिसके तहत पुलिस ने रविवार को कुल 24 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। थाना कोतवाली भिनगा की पुलिस ने दो वारंटी, थाना गिलौला पुलिस ने तीन वारंटी, थाना हरदत्त नगर गिरंट पुलिस ने एक वारंटी, थाना इकौना पुलिस ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया। इसी तरह से थाना एनएमपीटी पुलिस ने एक, थाना मल्हीपुर पुलिस ने सात, थाना सोनवा पुलिस ने दो व सिरसिया पुलिस ने पांच वारंटियों को गिरफ्तार किया।

# महिला प्रधान को मिल रही धमकी

**श्रावस्ती।** सिरसिया के ग्राम तेंदुआ रतनपुर ग्राम प्रधान अनीता देवी ने एसपी को शिकायती पत्र सौंपा है। उसका आरोप है कि वह अनुसूचित जाति की हैं और गांव के कुछ लोग चुनावी रंजिश रखते हैं। उनके द्वारा अनैतिक लाभ के लिए पीड़िता के खिलाफ आए दिन अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर प्रताड़ित किया जाता है। साथ ही विरोध पर धमकी भी दी जाती है। ऐसे में पीड़िता ने एसपी से हस्तक्षेप कर कार्रवाई की मांग की है। (संवाद)

# तमंचा के साथ गिरफ़्तार

श्रावस्ती : नवीन मार्डन श्रावस्ती पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान रामपुर बिदुहनी निवासी प्रद्युम्ननाथ को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से एक अदद तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। आरोपित के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। (वि.)

# साइबर सेल ने वापस कराए फ्राड के तीन लाख 20 हजार रुपये

- 15 शिकायतकर्ताओं के बैंक खाते से उड़ाए गए थे रुपये

**संसू, श्रावस्ती :** साइबर अपराधों के सफल अनावरण व रोकथाम के लिए पुलिस की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में साइबर सेल ने साइबर फ्राड कर निकाले गए 15 शिकायतकर्ताओं के तीन लाख 20 हजार रुपये वापस कराए। वापस कराए गए रुपये को शिकायतकर्ताओं के बैंक खातों में भेज दिया गया।

एसपी प्राची सिंह ने बताया कि साइबर अपराध की शिकायतों के निस्तारण के लिए जिला स्तर व थानों पर साइबर हेल्प डेस्क व साइबर सेल स्थापित है। विभिन्न थाना क्षेत्रों से लोगों की ओर से साइबर अपराध कर बैंक खातों से रुपये निकाले जाने की शिकायत की गई थी। साइबर क्राइम सेल को शिकायतों की जांच के निर्देश दिए गए थे। सेल ने साइबर तकनीकी का उपयोग करते हुए शिकायतकर्ताओं के बैंक खातों से निकाले गए रुपयों को वापस करवा दिया। पैसे वापस मिलने पर शिकायतकर्ताओं ने साइबर क्राइम सेल व श्रावस्ती पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया। फ्राड के पैसे बरामद कराने में साइबर सेल के प्रभारी निरीक्षक रामपाल यादव, आरक्षी रमेश सिंह, सूरज, सुनील वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं।

**ऐसे उड़ाए गए थे खाते से रुपये :** साइबर अपराधी लुभावने विज्ञापन, सरकारी आवास योजना के नाम पर, एजेंसी दिलाने के नाम पर, कौन बनेगा करोड़पति में भाग लेने के नाम पर, आनलाइन शापिंग के माध्यम से अपनी बातों में फंसा कार ओटीपी भेज कर फ्राड करते हैं। आरोपित अभी पकड़ में नहीं आए हैं।

## ऐसे पूरी हुई पैसे वापसी की प्रक्रिया

एसपी ने बताया कि साइबर अपराध के लिए जो नंबर आते हैं, वह ज्यादातर राजस्थान, बिहार, बंगाल के होते हैं। फ्राड की सूचना साइबर सेल को मिलने पर बैंक से बात कर पैसे को फ्रीज करा दिया जाता है और फिर वापस दिलाने के लिए पत्राचार किया जाता है।

# छेड़छाड़ के दोषियों को तीन वर्ष का सश्रम कारावास

संसू, श्रावस्ती : भिनगा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 13 वर्ष पूर्व महिला के साथ हुए छेड़छाड़ के मामले में दो दोषियों को न्यायालय ने तीन-तीन वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। 17-17 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर दोषियों को तीन-तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

विशेष अभियोजक प्रेम कुमार मिश्रा ने बताया कि 20 जनवरी 2010 को भिनगा क्षेत्र के एक गांव की महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि गोड़पुरवा गांव निवासी पुत्तन वर्मा व रामधीरज ने दुष्कर्म करने की नीयत से उसे उठा कर ले जाने का प्रयास किया और विरोध करने पर जातिसूचक गाली देते हुए जान से मार डालने की धमकी दी। पुलिस ने महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय पर प्रस्तुत किया। विचारण के बाद विशेष न्यायाधीश (एससीएसटी एक्ट) उमेश कुमार ने दोनों को दोषी पाते हुए सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

## एंबुलेंस की टक्कर में एक की गई जान

**श्रावस्ती।** सिरसिया थाना क्षेत्र के चिल्हरिया गांव निवासी मनोज कुमार (22) पुत्र राम मिलन गांव के ही अपने दोस्त रामजी (18) पुत्र गंगाराम के साथ शनिवार देर शाम बाइक लेकर घर से निकला था। इस दौरान दोनों गांव में ही भिनगा सिरसिया मार्ग किनारे बाइक खड़ी कर उस पर बैठ कर बात कर रहे थे। तभी भिनगा से सिरसिया जा रही 108 एंबुलेंस ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद एंबुलेंस चालक फरार हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से दोनों घायलों को संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा लाया गया। दोनों को मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के मनोज की मौत हो गई। (संवाद)

# अलग-अलग स्थानों से चोरी

**जमुनहा (श्रावस्ती)।** हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र के ग्राम देवरनिया के लंबुइया चौराहा पर डॉ. इरफान का दवाखाना हैं। जिनकी दुकान के पीछे का दरवाजा शनिवार रात चोर ने तोड़ दिया। जहां से चोर अंदर रखा सोलर पैनल, बैटरी, पंखा, कुर्सी व कुछ दवाएं पार कर ले गए। इसकी जानकारी डा. इरफान को रविवार सुबह हुई। वहीं थाना क्षेत्र के ही छेदी पुरवा निवासी जमालुद्दीन खां के खेत से चोर पानी के मोटर के लिए रखा स्टेब्लाइजर व पाइप उठा ले गए। वहीं बगल के गांव सुबराती पुरवा से चोर नजीर खां के बरामदे में खड़ी बाइक उठा ले गए। इन तीनों ही घटना की सूचना पीड़ितों ने गिरंट पुलिस को देते हुए चोरी का पर्दाफाश करने की मांग की है। (संवाद)

# चाकू व तमंचे के साथ दो गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** नवीन मॉर्डन थाना कटरा पुलिस ने शनिवार रात क्षेत्र भ्रमण के दौरान एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से पुलिस ने एक 12 बोर देशी तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान थाना क्षेत्र के रामपुर बिदुहनी निवासी प्रद्युम्न नाथ पुत्र लालमन के रूप में हुई है। वहीं मल्हीपुर पुलिस ने भुजऊ पुत्र लैटन निवासी सागर गांव को चाकू के साथ गिरफ्तार किया। जिसके विरुद्ध स्थानीय पुलिस ने आम्र्स एक्ट में कार्रवाई की है। (संवाद)

# हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

**श्रावस्ती।** महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा से उन्हें जागरूक करने के लिए जिले में 15 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के क्रम में रविवार को भिनगा, इकौना सहित कई अन्य स्थानों पर चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें शक्ति मोबाइल टीम की महिला आरक्षी संज्ञा भारती ने महिलाओं को कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, वृद्धा पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन योजना समेत हेल्पालइन नंबरों के बारे में जानकारी दी। (संवाद)

# साइबर फ्रॉड के 15 शिकायतकर्ताओं के पैसे वापस कराए

**श्रावस्ती।** जिले में अगस्त माह में साइबर फ्रॉड करके 15 लोगों के तीन लाख बीस हजार रुपये निकाल लिए गए थे। जिसे साइबर सेल की ओर से वापस कराया गया है। यह जानकारी देते हुए एसपी प्राची सिंह ने बताया कि जिले में होने वाले साइबर अपराध व साइबर धोखाधड़ी की शिकायतों के निस्तारण के लिए जिला स्तर सहित सभी थानों पर साइबर हेल्प डेस्क व साइबर सेल स्थापित है। पिछले कुछ दिनों में विभिन्न थाना क्षेत्रों के शिकायतकर्ताओं ने साइबर अपराध कर उनके बैंक खातों से रुपये निकाले जाने की शिकायत की थी। जिसकी जांच साइबर क्राइम सेल को सौंपी गई थी। साइबर तकनीकी का उपयोग करते हुए टीम ने 15 शिकायतकर्ताओं के बैंक खाते से साइबर फ्रॉड कर निकाले गए तीन लाख बीस हजार रुपये शिकायतकर्ताओं को वापस दिलाए गए हैं। पैसा बरामद करने वाली टीम में प्रभारी साइबर सेल रामपाल यादव, उप निरीक्षक नितिन यादव, आरक्षी रमेश सिंह, सूरज कुमार व सुनील कुमार वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**जागरूक रहकर साइबर अपराध से बचें :** अनजान व्यक्ति या फोन करने वाले को अपने बैंक खाता संख्या, आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम की जानकारी व ओटीपी न बताएं। फेसबुक आईडी की जांच करें, आईडी परीक्षण के बाद ही फ्रेंडशिप करें। अनजान फेसबुक आईडी से रिक्वेस्ट या वीडियो कॉल को स्वीकार न करें। सोशल मीडिया अकाउंट सुरक्षित रखने के लिए अपना प्रोफाइल लॉक रखें तथा पासवर्ड समय-समय पर बदलते रहें। (संवाद)